CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 12°C

लखनऊ, बुधवार 25 फरवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 111 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 7 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मोदी डरपोक हैं, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता नहीं : खड़गे पेज 2



आईसीसी रैंकिंग में भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिलाओं को फायदा खेल टाइम्स



कानूनी ब्लैक होल्स की धारणा सम्पादकीय



ट्रम्प के इमरजेंसी टैरिफ की वसूली आज से बंद पेज 12

## सातवां रोज़ा

### अल्लाह तक पहुंचने का रास्ता दिखाता है सातवां रोज़ा



रमजान माह का पहला अशरा रहमत का माना जाता है। यानी शुरुआती दस रोजे किसी दरिया के मानिन्द हैं, जिसमें अल्लाह की रहमत का पानी बहता रहता है। रोज़ादार तक्वा को अपनाते हुए जब रोज़ा रखता है, तो वह बेशुमार नेकियों का हकदार हो जाता है। ये नेकियां सदाकत और सदाअत का सैलाब बनकर उसके लिए बख्शीश की दुआ अल्लाह से करती हैं। कुरआने पाक में जिक्र है, ऐ इंसान तू अपने परवरदिगार की तरफ खूब कोशिश करता है, सौ उससे जा मिलेगा। इस जिक्र को रोज़े की रोशनी में देखें, तो उसकी तशरीह इस तरह होगी कि रोज़ा रहमत का दरिया तो है ही, नेकी के सैलाब के साथ अल्लाह तक पहुंचने का जरिया भी है। इसको यूं भी कहा जा सकता है कि जब रास्ता लंबा हो, दुश्वारियां हों, भटकने के आसार हों, कांटों-कंकरों की चुभन से पांवों के लहूलुहान होने का डर हो तो ईमानदारी के साथ रखा गया रोजा राह को हमवार और दुश्वारियों को दरकिनार कर देता है।

# अब 8वीं के बच्चे पढ़ेंगे ज्यूडीशियरी में करप्शन क्या है



- एनसीईआरटी ने सोशल साइंस में जोड़ा नया सेक्शन
- पेंडिंग केस, पूर्व सीजेआई का भी हवाला दिया गया
- बच्चे पढ़ेंगे ऐसे मोशन पर सही जांच के बाद ही विचार किया जाता है

**नई दिल्ली।** नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) ने 8वीं क्लास की नई सोशल साइंस टेक्स्टबुक में ज्यूडीशियरी में करप्शन पर एक सेक्शन शुरू किया है। यह पहली बार है जब 8वीं के बच्चे ज्यूडीशियरी में करप्शन क्या होता है, इसके बारे में पढ़ेंगे।

इस चैप्टर में सुप्रीम कोर्ट के 81 हजार, हाईकोर्ट्स के 62 लाख 40 हजार, डिस्ट्रिक्ट और सबऑर्डिनेट कोर्ट के 4 करोड़ 70 लाख पेंडिंग केस की संख्या भी बताई गई है। यह पिछले एडिशन के मुकाबले एक बड़ा बदलाव है। पिछले चैप्टर में ज्यादा दातर कोर्ट के स्ट्रक्चर और रोल पर फोकस किया गया था। बदले हुए चैप्टर का नाम 'हमारे समाज में ज्यूडीशियरी की भूमिका' है। इसमें कोर्ट की हायरार्की और न्याय तक पहुंच को समझाने से ज्यादा ज्यूडीशियल सिस्टम के सामने आने वाली चुनौतियों जैसे करप्शन और केस बैकलॉग को बताया गया है। करप्शन वाले सेक्शन में बताया गया है कि जज एक कोड ऑफ कंडक्ट से बंधे होते हैं, जो न केवल कोर्ट में बल्कि कोर्ट के बाहर भी उनके व्यवहार को कंट्रोल करता है। ज्यूडीशियरी के अंदरूनी अकाउंटेबिलिटी सिस्टम को भी समझाया गया है। सेंट्रलाइज्ड पब्लिक ग्रीवांस रिड्रेस एंड मॉनिटरिंग सिस्टम (सीपी ग्रेम्स) के जरिये शिकायतें लेने के तय तरीके भी बताए गए हैं। किताब के मुताबिक सीपी ग्रेम्स सिस्टम के जरिये 2017 और 2021 के बीच 1,600 ज्यादा शिकायतें मिली थीं। किताब में गंभीर मामलों में जजों को हटाने के संवैधानिक नियम के बारे में भी बताया गया है कि पार्लियामेंट इंपीचमेंट मोशन पास करके जज को हटा सकती है। बच्चे पढ़ेंगे कि ऐसे मोशन पर सही जांच के बाद ही विचार किया जाता है। इस दौरान जज को मामले में अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया जाता है। चैप्टर में लिखा है कि लोग ज्यूडीशियरी के अलग-अलग लेवल पर करप्शन का सामना करते हैं। गरीबों और जरूरतमंदों की न्याय तक पहुंच की समस्या और बिगड़ सकती है। यह भी बताया है कि राज्य और केंद्र ट्रांसपेरेंसी और पब्लिक ट्रस्ट को मजबूत करने की कोशिशें कर रहे हैं। इसमें टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल और करप्शन के मामलों के खिलाफ फास्ट एक्शन लेना शामिल है।

## युवा कांग्रेस अध्यक्ष चिब भी भारत मंडपम प्रदर्शन मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब को एआई शिखर सम्मेलन के दौरान यहां भारत मंडपम में प्रदर्शन करने के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। युवा कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार श्री चिब को सोमवार को पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया और उसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने श्री चिब को रातभर तिलक मार्ग थाने में हिरासत में रखा और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली पुलिस ने श्री चिब के अलावा युवा कांग्रेस के प्रदर्शनकारी सात अन्य युवाओं को पहले ही हिरासत में लेकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। राहुल गांधी ने एआई शिखर सम्मेलन के दौरान यहां भारत मंडपम में विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को तानाशाही करार दिया।

# प. बंगाल मतदाता सूची संशोधन पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## ओडिशा-झारखंड के सिविल जज करेंगे वेरिफिकेशन कार्य में मदद

शाह टाइम्स ब्यूरो

तीन साल से अधिक अनुभव वाले सिविल जज, चाहे वे सीनियर डिवीजन के हों या जूनियर डिवीजन के, SIR प्रक्रिया में लगा सकते हैं



इनका खर्च चुनाव आयोग उठाए, 80 लाख दावों का निपटारा बाकी, अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी को प्रकाशित होगी

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखना सबसे जरूरी है। समय कम है और काम बहुत बड़ा है। ऐसे में न्यायिक अधिकारियों की संख्या बढ़ाना जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को अतिरिक्त सिविल जज तैनात करने की अनुमति दे दी है। ,सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तीन साल से अधिक अनुभव वाले सिविल जज, चाहे वे सीनियर डिवीजन के हों या जूनियर डिवीजन के, एसआईआर प्रक्रिया में लगा सकते हैं। यदि इसके बाद भी मानव संसाधन की कमी हो तो झारखंड और उड़ीसा हाईकोर्ट से सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की मदद ली जा सकती है। अदालत ने दोनों राज्यों के मुख्य न्यायाधीशों से ऐसे अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने को कहा है। सुनवाई के दौरान बताया गया कि अब तक 294 जिला और अतिरिक्त जिला जज एसआईआर के अंतिम चरण में तैनात किए गए हैं। इसके बावजूद यह संख्या पर्याप्त नहीं मानी गई। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि यदि एक जज रोज 250 मामलों की सुनवाई करे तो भी पूरी प्रक्रिया को पूरा करने में लगभग 80 दिन लग सकते हैं। जबकि अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी को प्रकाशित होनी है। इसलिए समय की भारी कमी है। मुख्य न्यायाधीश अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर और जूनियर डिवीजन) तैनात कर सकते हैं, जिनके पास कम से कम तीन साल का अनुभव हो। पहले से तैनात जिला और अतिरिक्त जिला जजों के अलावा जरूरत के अनुसार और न्यायिक अधिकारी लगाए जा सकते हैं। यदि राज्य में उपलब्ध जज पर्याप्त न हों तो झारखंड और उड़ीसा हाईकोर्ट से सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की मदद मांगी जा सकती है। झारखंड और उड़ीसा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों से ऐसे अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने को कहा गया है। तैनात न्यायिक अधिकारी एसआईआर प्रक्रिया में आए दावों और आपत्तियों की निगरानी और सत्यापन में मदद करेंगे। पूरी प्रक्रिया समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से पूरी की जाए, यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

# अब केरलम के नाम से जाना जाएगा केरल, कैबिनेट की मंजूरी

## पीएम के नए ऑफिस सेवा तीर्थ में हुई पहली मीटिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

- रेल-मेट्रो और एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स के लिए 12,236 करोड़ रुपये मंजूर

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के नए ऑफिस सेवा तीर्थ में मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक हुई। इसमें कुल 12,236 करोड़ के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में तीन रेल प्रोजेक्ट समेत कुल 8 फैसले लिए हैं। बैठक में पावर सेक्टर में सुधारों पर पॉलिसी से जुड़े फैसले हुए और केरल सरकार के राज्य का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

केरल में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। कैबिनेट ने तीन नए रेल प्रोजेक्ट के तहत गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के डबलिंग, गम्हरिया-चांडिल और पुनारख-किऊल के बीच तीसरी-चौथी रेल लाइन को मंजूरी दी है। साथ ही श्रीनगर में एक नया एयरपोर्ट टर्मिनल बनेगा और अहमदाबाद मेट्रो के फेज 2बी का एक्सटेंशन होगा। कैबिनेट से मंजूरी के बाद अब राष्ट्रपति 'केरल (नाम में बदलाव) बिल, 2026' को संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत केरल विधानसभा की राय के लिए भेजेंगे। विधानसभा की राय मिलने के बाद, सरकार संसद में बिल पेश करेगी। संसद से पास होने पर राज्य का नाम आधिकारिक रूप से केरलम हो जाएगा। केरल विधानसभा से 24 जून 2024 को प्रस्ताव पास हुआ था। इस प्रस्ताव के मुताबिक केरल का असल में मलयाली भाषा में नाम केरलम है।

### कच्चे जूट की एमएसपी में 275 रुपये का इजाफा, नया दाम 5,925 रुपये प्रति क्विंटल

**नई दिल्ली।** सरकार ने विपणन सीजन 2026-27 के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को 275 रुपये क्विंटल बढ़ाते हुए 5,925 प्रति क्विंटल तय कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 'सेवा तीर्थ' में मंत्रिमंडल की मंगलवार को हुई पहली बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। विपणन सीजन 2026-27 के लिए कच्चे जूट का घोषित यह समर्थन मूल्य, साल 2018-19 के बजट में घोषित लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर एमएसपी तय करने के सिद्धांत के अनुरूप है।





## योगी के दौरे का दूसरा दिन: एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लिए निवेश आमंत्रण

- सीएम ने सिंगापुर के डिप्टी पीएम सहित कई नेताओं से भेंट की

**सिंगापुर/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को सिंगापुर के उप-प्रधानमंत्री एवं व्यापार और उद्योग मंत्री तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के समन्वय मंत्री और गृह मंत्री से मुलाकात की।

उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति में हुई इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य उप्र को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में सिंगापुर की विशेषज्ञता और निवेश को आकर्षित करना रहा। चर्चा का केंद्र शहरी नियोजन, आंतरिक सुरक्षा ढांचे और डिजिटल गवर्नेंस में सहयोग बढ़ाने पर रहा। डिप्टी पीएम गान किम योंग के साथ हुई बातचीत में सीएम ने उप्र के 'प्रो-बिजनेस' वातावरण, व्यापक लैंड बैंक और जल्द शुरू होने जा रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की रणनीतिक कनेक्टिविटी का उल्लेख किया।

## हल्द्वानी अतिक्रमण विवाद: जमीन रेलवे की है, अतिक्रमणकारी शर्तें तय नहीं कर सकते

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड विधिक सेवा प्राधिकरण को शिविर लगाने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली/हल्द्वानी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तराखंड विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह एक शिविर लगाए, ताकि रेलवे परियोजना के लिए आवश्यक सरकारी जमीन पर रह रहे और बेदखली का सामना कर रहे परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पुनर्वास के लिए आवेदन कर सकें।

याचिकाकर्ताओं के आग्रह पर कोर्ट ने कहा कि यह शिविर 15 मार्च के बाद लगाया जाए, क्योंकि उन्होंने इसे रमजान के महीने के बाद आयोजित करने की मांग की थी। शीर्ष कोर्ट ने नैनीताल के जिला कलेक्टर और अन्य राजस्व अधिकारियों को आवश्यक सहायता देने का निर्देश दिया। यह पूरी प्रक्रिया 31 मार्च से पहले पूरी की जानी है। शीर्ष कोर्ट ने यह भी कहा कि जिला कलेक्टर हर परिवार की योजना के तहत पात्रता तय करें और अपनी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें। सीजेआई सूर्यकांत और जायमाल्या बागची की बेंच दिसम्बर 2022 में उत्तराखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें हल्द्वानी में सार्वजनिक जमीन पर कथित रूप से कब्जा करने वाले करीब 50 हजार लोगों को हटाने का निर्देश दिया गया था।

## पवन हंस का हेलीकॉप्टर समुद्र में गिरा, सभी 7 लोग सुरक्षित

शाह टाइम्स ब्यूरो

- प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी की आशंका जताई गई

**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र की सरकारी कंपनी पवन हंस का एक हेलीकॉप्टर मंगलवार सुबह मायाबंदर के पास समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। राहत की बात यह रही कि हेलीकॉप्टर में सवार सभी सात लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया।

अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा सुबह लगभग 9:30 बजे हुआ। हेलीकॉप्टर ने श्री विजया पुरम से सुबह करीब 8:45 बजे उड़ान भरी थी और लगभग 45 मिनट बाद समुद्र में गिर गया। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी की आशंका जताई गई है। एक वरिष्ठ नागरिक उड्डयन अधिकारी ने बताया कि तकनीकी गड़बड़ी के बाद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए पानी पर क्रैश लैंडिंग की। सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को समुद्र से सुरक्षित निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों का इलाज डा. राजेंद्र प्रसाद अस्पताल में चल रहा है। नागरिक उड्डयन निदेशक नितेश रावत ने बताया कि पायलट सहित कुल सात लोग सवार थे और सभी सुरक्षित हैं। पायलट का बयान अभी दर्ज किया जाना बाकी है। प्रशासन घायलों को श्री विजया पुरम स्थानांतरित करने की कोशिश कर रहा है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### अविमुक्तेश्वरानंद ने दाखिल की अग्रिम जमानत याचिका

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दर्ज यौन उत्पीड़न के मामले में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अपने अधिवक्ता राजिर्ष गुप्ता, सुधांशु कुमार और श्री प्रकाश के माध्यम से उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है। याचिका पर शीघ्र सुनवाई होने की संभावना है।

### लेह जा रही स्पाइसजेट की उड़ान रास्ते से दिल्ली लौटी

**नई दिल्ली।** दिल्ली से लेह जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान इंजन में खराबी के कारण मंगलवार सुबह आधे रास्ते से दिल्ली वापस लौट आई, जहां उसकी आपात स्थिति में सुरक्षित लैंडिंग हुई। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी।

# लोकसभा अध्यक्ष ने 64 पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स बनाए



- हर ग्रुप में एक लीडर समेत 11 सांसद
- फ्रांस में थरूर, जापान में अखिलेश यादव नेतृत्व करेंगे

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने मंगलवार को 64 देशों के साथ पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स (पीएफजी) का गठन किया है। इन ग्रुप्स का मकसद दूसरे देशों के साथ संसदीय कूटनीति को मजबूत करना और वैश्विक मंच पर भारत की संसद की एकजुट लोकतांत्रिक आवाज पेश करना है।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पीएम मोदी ने भारत और अन्य देशों के बीच संवाद बढ़ाने के लिए पीएफजी बनाने का प्रस्ताव दिया था। अब लोकसभा अध्यक्ष ने इसका गठन किया है। 64 ग्रुप्स में लोकसभा और राज्यसभा के कुल 704 सांसद हैं। हर ग्रुप में एक लीडर और 10 सदस्य हैं। इनमें भाजपा के सबसे ज्यादा 30 ग्रुप लीडर हैं। कांग्रेस के 10, समाजवादी पार्टी, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 3-3 सांसद ग्रुप लीडर बनाए गए हैं। भाजपा की तरफ से ग्रुप लीडर्स में हेमा मालिनी, मनोज तिवारी, निशिकांत दूबे जैसे बड़े नाम शामिल हैं। कांग्रेस से शशि थरूर, टीएमसी से अभिषेक बनर्जी और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन औवेसी भी ग्रुप लीडर बनाए गए हैं। हालांकि, पीएफजी के सदस्य कैसे काम करेंगे, अभी इसकी औपचारिक जानकारी नहीं दी गई है। केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुनियाभर में भारत का पक्ष रखने के लिए 17 मई 2025 को 59 सदस्यों वाले डेलिगेशन की घोषणा की थी। इसमें 51 नेता और 8 राजदूत थे। एनडीए के 31 और 20 दूसरे दलों के नेता थे, जिसमें 3 कांग्रेस नेता भी थे। ये डेलिगेशन दुनिया के 33 देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्य देशों में गया और वहां ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का पक्ष रखा। इस डेलिगेशन को 7 ग्रुप में बांटा गया था। हर ग्रुप में एक सांसद को लीडर बनाया गया। प्रत्येक ग्रुप 8 से 9 सदस्य थे। इनमें 6-7 सांसद, सीनियर लीडर (पूर्व मंत्री) और राजदूत शामिल थे।

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### शंकराचार्य मामले में कांग्रेस आज यूपी में प्रदर्शन करेगी

**वाराणसी।** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शंकराचार्य मामले में पीएम मोदी से हस्तक्षेप की मांग की है, साथ ही कहा कि कल(आज)कांग्रेसी पूरे प्रदेश में प्रदर्शन कर जिलाधीशों के जरिए पीएम को ज्ञापन सौंपेंगे। प्रयागराज में दर्ज हुए मुकदमे में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की गिरफ्तारी कब होगी इसे लेकर संशय बना हुआ है। सोमवार को पूरे दिन चली हलचल के बीच शंकराचार्य की गिरफ्तारी नहीं हुई और देर रात तक इस पर लोगों की निगाह बनी रहीं। आज भी इस मामले में अब तक गिरफ्तारी की अफवाह चल रही है, लेकिन पुलिस टीम कहां है यह नहीं पता।

### राष्ट्र विरोधी ताकतों की भाषा बोल रहे राहुलः अनुराग

**धर्मशाला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए उनके नाम की नई फुल फॉर्म बता दी है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज राहुल का मतलब है रा से रार, हु से हुड़दंग और ल से लफंगई। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की राजनीति अब केवल टकराव, विरोध और भ्रम फैलाने तक सीमित रह गई है। ठाकुर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ अपनी भूमिका निभानी चाहिए। अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी अब राष्ट्र विरोधी ताकतों की भाषा बोल रहे हैं। ऐसा लगता है मानो राहुल अब राष्ट्र विरोधी ताकतों के प्रवक्ता बन गए हैं। जब भारत वैश्विक मंचों पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, तब देश को कमजोर दिखाने की कोशिश करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

# सरकार ने पावर ग्रिड के पूंजी निवेश के अधिकार को बढ़ायाः वैष्णव

**नई दिल्ली, वार्ता**



केंद्रीय मंत्रिमडल ने महारत्न का दर्जा प्राप्त केंद्रीय उपक्रम पावरग्रिड के लिए अनुषंगी कंपनियों में शेयर पूंजी निवेश की सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दी। इससे वह अपनी किसी भी अनुषंगी में 7500 करोड़ रुपये तक का निवेश कर सकेगी, जबकि अभी तक यह सीमा 5000 करोड़ रुपये थी।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कैबिनेट कमेटी ने महारत्न केंद्रीय लोक उपक्रमों पर वर्तमान में लागू लोक उपक्रम विभाग के 4 फरवरी, 2010 के दिशानिर्देशों के तहत पावरग्रिड को ज्यादा अधिक. ार देने को मंजूरी दे दी है। इससे पावरग्रिड की प्रति अनुषंगी शेयर-पूंजी निवेश सीमा 5,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 7,500 करोड़ रुपये प्रति सब्सिडियरी कर दी गई है। यह छूट कंपनी की नेट वर्थ के 15 प्रतिशत की मौजूदा सीमा के अंदर ही होगी। वैष्णव ने बिजली क्षेत्र के लिए ग्रिड की सुविधा के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि विद्युत पारेषण ग्रिड में जिस तरह से पिछले दशक में निवेश हुआ है, उसके कारण भारत का ग्रिड आज दुनिया के सबसे मजबूत ग्रिड में गिना जाता है। इस तरह के ग्रिड की सहायता से आज देश में कुल विद्युत उत्पादन क्षमता में स्वच्छ बिजली उत्पादन, नवीकरणीय बिजली उत्पादन की क्षमता 50 प्रतिशत से अधिक हो गई। श्री वैष्णव ने कहा कि यह लक्ष्य दुनिया के बहुत से समृद्ध देश भी प्राप्त कर सके हैं, हमने 2030 के लक्ष्य को 2025 में ही प्राप्त कर लिया। नवीकरणीय ऊर्जा के लिए ग्रिड को बहुत सशक्त होना पड़ता है, उसके लिए ग्रिड में लगातार और निवेश की जरूरत पड़ती है।

# श्रीनगर हवाई अड्डे पर बनेगा नया एकीकृत टर्मिनल

**नई दिल्ली, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में 1,677 करोड़ रुपये की लागत से नया एकीकृत हवाई अड्डा टर्मिनल बनेगा, जिसकी सालाना क्षमता एक करोड़ यात्रियों की होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने 73.18 एकड़ में हवाई अड्डे के नए सिविल एन्क्लेव की परियोजना को स्वीकृति प्रदान की। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए संवाददाताओं को बताया कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद वहां परिस्थितियां बदली हैं और लोग वहां जाना चाहते हैं। हवाई यात्रा, रेल और सड़क मार्ग से यात्रा की मांग बढ़ी है। इसी के मद्देनजर टर्मिनल की क्षमता बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। परियोजना चार साल में पूरी होगी और इसका पूरा खर्च एएआई उठाएगा। परियोजना में सुरक्षा कर्मियों के लिए



मंत्रिमंडल की बैठक में 1,677 करोड़ की परियोजना को दी मंजूरी

बैरकों का निर्माण भी शामिल है। भारतीय वायु सेना के बडगाम एयरबेस परिसर में स्थित इस हवाई अड्डे का संचालन भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) करता है जबकि 3,658 किमी के रनवे का संचालन वायु सेना द्वारा किया जाता है।

साल 2005 में इसे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित किया गया था। यह श्रीनगर शहर से लगभग 12 किलोमीटर दूर है। श्री वैष्णव ने बताया कि नया टर्मिलन भवन 71,500 वर्ग मीटर में फैला होगा जो मौजूदा ढांचे (20,659 वर्ग मीटर) से काफी बड़ा है। इसे व्यस्ततम समय में प्रति घंटे 2,900 यात्रियों (वर्तमान में 950 यात्री) को सेवा देने के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी सालाना क्षमता बढ़कर एक करोड़ यात्रियों की हो जाएगी। नए टर्मिनल में स्थानीय संस्कृति की झलक भी दिखेगी।

नए सिविल एन्कलेव में सीआईएसएफ के 1,344 कर्मचारियों और एएआई के कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा होगी। टर्मिनल भवन के अलावा हवाई अड्डे के एप्रन का भी विस्तार किया जाएगा, जिसमें 15 विमानों के लिए पार्किंग-बे (एक वाइडबॉडी/कोड ई सहित) उपलब्ध होंगे। वर्तमान में वहां नौ पार्किंग-बे हैं, जबकि छह नए पार्किंग-बे का निर्माण किया जाएगा। एक हजार कारों की क्षमता वाला बहु-स्तरीय कार पार्किंग परिसर भी बनेगा। आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि नए टर्मिनल भवन में पारंपरिक नक्काशीदार लकड़ी के काम और स्थानीय शिल्पकला से प्रेरित तत्वों को शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही विशाल लाउंज तथा उन्नत सुरक्षा और चेक-इन सुविधाओं के माध्यम से परिचालन में दक्षता सुनिश्चित की जाएगी।

## कांग्रेस अध्यक्ष ने युकांइयों की गिरफ्तारी की निंदा की

# मोदी डरपोक हैं, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता नहींः खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारत मंडपम में विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा हमला किया और कहा कि कांग्रेस और उसके कार्यकर्ता नहीं, बल्कि मोदी खुद डरपोक हैं, जो संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेने से भी डरते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने घुटने टेकने का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौता कर किसानों का नुकसान किया है और उसके खिलाफ जब युवा कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हैं, तो उन्हें डराने के लिए गिरफ्तार किया जाता है लेकिन कांग्रेस डरने वाली नहीं है। श्री



पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के आगे घुटने टेके, यूएस से डील करके भारतीय किसानों का नुकसान किया

खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा ष्युवा आज नौकरी के लिए तड़प रहे हैं और देश का माहौल इतना खराब हो चुका है, जिसके कारण मोदी जी के प्रति लोगों में भारी रोष है।

ट्रम्प के सामने उन्होंने घुटने टेक दिए। नाक रगड़कर उनकी सारी शर्तों को मान लिया, जिससे पूरा देश शर्मिंदा हो गया। जो काम हमारे किसानों की भलाई और मदद के लिए किया जाना चाहिए था, उसकी बजाय किसानों का नुकसान करने की बातचीत की गई। इससे यह भी साफ हो गया है कि लोग समझते थे कि मोदी जी देश के हित में ट्रम्प से बात कर रहे हैं, लेकिन हकीकत में ट्रम्प हमें गुलाम बना रहा है और हमें बंधुआ मजदूर बनाने की दिशा में धकेला जा रहा है। यह काम मोदी जी कर रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा- कांग्रेस डरने वाली नहीं है और न ही डरपोक है। मोदी साहब खुद डरपोक हैं। डर के कारण वे संसद में आकर अपनी नीतियों का बचाव भी नहीं कर पाते। इसलिए वे हमें डराने की कोशिश कर रहे हैं, हमारे युवाओं को डराने की कोशिश कर रहे हैं, हमारे युवा नेताओं को डराने की कोशिश कर रहे हैं। यह नहीं चलेगा। मैं इसकी निंदा करता हूं। हमारे देश में लो. कतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जो भी त्याग करना पड़ेगा, हम करेंगे। हम लड़ते रहेंगे और देश को गिरवी रखने वाले लोगों के खिलाफ संघर्ष जारी रखेंगे।

### गिरफ्तारी परेशान करने की राजनीति और लोकतंत्र की हत्याः कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि यह सब असली मुद्दों से ध्यान भटकाने तथा परेशान करने वाली राजनीति का हिस्सा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां जारी बयान में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को अवैध बताया और कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या है।

उन्होंने इसे डराने की राजनीति बताया और कहा कि कांग्रेस इससे डरने वाली नहीं है। रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब और उनके साथी कार्यकर्ताओं की खुलेआम अवैध गिरफ्तारी की कांग्रेस कड़े शब्दों में निंदा करती है। साफ तौर पर यह एक शांतिपूर्ण और वैध विरोध प्रदर्शन था। प्रधानमंत्री स्पष्ट रूप से एप्स्टीन फाइल्स में हुए खुलासों से विचलित हैं। साथ ही उन्हें किसानों के बढ़ते आक्रोश का भी सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उन्होंने उनके साथ विश्वासघात किया है और व्यापार समझौते के मुद्दे पर राष्ट्रपति ट्रम्प के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि यह सब परेशान करने की राजनीति के अलावा कुछ नहीं है।

# ईरान में फंसे छात्रों से घर लौटने का किया आग्रह

**श्रीनगर, वार्ता**



नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने ईरान पर अमेरिका के संभावित हमले की आशंकाओं को देखते हुए वहां से जम्मू-कश्मीर के छात्रों और निवासियों से तुरंत घर लौटने का आग्रह किया है।

भारत द्वारा अपने नागरिकों को उपलब्ध साधनों का उपयोग कर ईरान छोड़ने के लिए जारी की गई नई सलाह पर प्रतिक्रिया देते हुए अब्दुल्ला ने मंगलवार को चेतावनी दी कि हवाई क्षेत्र बंद होने या संघर्ष के कारण यात्रा बाधित होने की स्थिति में देरी से परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अब्दुल्ला ने श्रीनगर में पत्रकारों से कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर के छात्रों से कहना चाहता हूं कि वे तुरंत निकल जाएं। अन्यथा, कल जब हवाई क्षेत्र बंद हो जाएगा, तो उनके माता-पिता और परिवार वाले चिंता और घबराहट फैलाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने उन्हें सलाह दी कि हालात बिगड़ने से पहले ही लौट जाएं, क्योंकि बाद में निकासी मुश्किल हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि उस स्थिति के उत्पन्न होने से पहले ही निकल जाना बेहतर है, क्योंकि बाद में उन्हें निकालने वाला कोई नहीं होगा। उन्हें अपना सामान पैक करके घर लौट आना चाहिए। भारतीय दूतावास ने सोमवार को जारी अपनी नवीनतम सलाह में अपने नागरिकों से उपलब्ध परिवहन साधनों, जिनमें वाणिज्यिक उड़ानें भी शामिल हैं, के ईरान छोड़ने का आग्रह किया है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 82225.92
निफ्टी 25424.65



सोना 160394
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 263917
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट, प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के निचले स्तर पर

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी आयात शुल्क को लेकर नए सिरे से बनी अनिश्चितता के कारण घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट देखी गई और प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह से अींक के निचले स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,068.74 अंक (1.28 प्रतिशत) लुढ़ककर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 228.35 अंक यानी 1.12 प्रतिशत की गिरावट में 25,424.65 अंक पर रहा। यह दोनों सूचकांकों का 02 फरवरी के बाद का निचला स्तर है। अमेरिका में आयात शुल्क को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट रही जिंसका असर घरेलू बाजारों पर भी देखने को मिला। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों में अपेक्षाकृत कम गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.32 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.55 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। एनएसई में जिन 3,270 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 2,101 के शेयर गिरावट में और 1,068 के बढ़त में रहे। अन्य 101 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अतत: अपरिवर्तित रहे। अमेरिका में बीते दिन आईटी कंपनियों पर खासा दबाव रहा था। इससे निफ्टी आईटी सूचकांक 4.74 प्रतिशत टूट गया। रियलटी, रसायन और मीडिया सेक्टरों में भी ज्यादा गिरावट रही। ऑटो और निजी बैंकों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। एफएमसीजी, फार्मा, सार्वजनिक बैंकों, तेल एवं गैस और स्वास्थ्य सेक्टरों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा का शेयर 6. 60 प्रतिशत टूट गया।

# सोना और चांदी के धड़ाम से गिरे दाम

**नई दिल्ली।** मंगलवार की सुबह सोने और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज(एमसीएक्स) पर 2 अप्रैल 2026 की एक्सपायरी वाला सोना आज सुबह 1,204 (0.75 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 160,394 प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है, वहीं चांदी की कीमतों में भी आज कटौती देखी गई है। 5 मार्च 2026 की एक्सपायरी वाली चांदी आज 1,416 (0.53 प्रतिशत) फिसलकर 263,917 प्रति किलो पर आ गई है। ग्लोबल मार्केट के दबाव और निवेशकों की मुनाफावसूली के चलते आज सर्राफा बाजार में दाम नीचे आए हैं, जिससे खरीदारों को थोड़ी राहत मिली है। आज दिल्ली में 24 कैरेट सोना 16,193 प्रति ग्राम, 22 कैरेट सोना14,845 प्रति ग्राम और 18 कैरेट सोना 12,149 प्रति ग्राम बिका। कॉमेक्स पर अप्रैल डिलीवरी वाले सोने का वायदा भाव 1.1 प्रतिशत गिरकर 5,170.70 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि स्पॉट गोल्ड 1.5 प्रतिशत गिरकर 5,150.38 डॉलर प्रति औंस पर रहा। दिन में इससे पहले सोना तीन सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंचा था। स्पॉट सिल्वर 3.1 प्रतिशत गिरकर 85.50 डॉलर प्रति औंस पर आ गई, जो पिछले सत्र में दो सप्ताह के उच्च स्तर पर थी। एक एक्सपर्ट के अनुसार सोने को 1,60,600 रुपए और 1,58,800 रुपए पर सपोर्ट मिल सकता है।

# चावल, गेहूं और चीनी मजबूत दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और चीनी की कीमतों में भी तेजी रही। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 13 रुपये बढ़कर 3,859 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं का भाव दो रुपये बढ़ा और यह 2,849 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी चार रुपये महंगा हुआ।

दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 37 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल में 31 रुपये और मूंग दाल में 15 रुपये की तेजी रही। चना दाल 14 रुपये महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 29 रिंगिट टूटकर 4,054 रिगिट प्रति क्विंटल पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.12 प्रतिशत की गिरावट में 59.81 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 26 रुपये और वनस्पति की 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। पाम ऑयल नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 39 रुपये और सरसों तेल की 17 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। सोया तेल 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 26 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी सात रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7784.19 रुपये, मसूर काली 8086.69 रुपये, मूंग दाल 10140.11 रुपये, उड़द दाल 10717.51 रुपये, तुअर दाल 11163.10 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# अखिलेश यादव पर बीजेपी का हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी बीजेपी अध्यक्ष पंकज चौधरी ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा जाति की राजनीति करती है। जनता उन्हें समझ चुकी हैं और जवाब जरूर देगी। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का ये बयान उनकी हताशा और निराशा का परिचायक है। वो अपने दम पर सरकार बनाने की बात नहीं कर रहे हैं।

पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा सर्व समाज की पार्टी है और बगैर किसी भेदभाव के काम करती है। बीजेपी की सरकार ने यूपी में जंगल राज को तिलांजलि देने का काम किया है। सपा जिस तरह से जाति और धर्म के आधार पर राजनीति कर रही उसे जनता समझ चुकी है और इसका जवाब जरूर देगी। सपा अध्यक्ष द्वारा एसआईआर को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर पंकज चौधरी ने कहा कि वो इसके विरोध में कभी सड़क, तो कभी संसद में हल्ला करते हैं। उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ 88 लाख वोट कटा है, तो उसमें सभी विधानसभा में

**अपने दम पर सरकार बनाने की बात क्यों नहीं कर रहे सपा सुप्रीमोः पंकज**

70 से 75 हजार वोट भाजपा के भी कटे हैं। एसआईआर चुनाव आयोग का काम है और कहीं न कहीं यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। शंकराचार्य विवाद को लेकर अखिलेश यादव द्वारा किए जा रहे हमलों पर पंकज चौधरी ने कहा कि उनके संगठन में सभी को साथ लेकर चलने की परंपरा है। साधु-संतों का वे लोग सम्मान करते हैं, उन्हें नहीं लगता है कि संगठन में कोई कार्यकर्ता ऐसा है,जो उनका विरोधी है। वे सबको साथ लेकर चलने की विचारधारा रखते हैं, प्रदेश में भी वह सब को साथ लेकर चलेंगे। भाजपा के कार्यकर्ता 365 दिन काम करते हैं, जनता की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि सालभर के अंदर चुनाव आने वाला है और चुनाव के दृष्टिकोण से हमारे कार्यकर्ता सदैव तैयार रहते हैं। जहां तक रणनीति की बात है, तो अभी समय है। सरकार और संगठन में कोई मतभेद नहीं है, दोनों मिलकर के कार्य कर रहे हैं। जहां सरकार का कार्य होता है, वहां सरकार कार्य करती है, संगठन का कार्य है योजनाओं को जनता के बीच ले जाकर उसे जमीनी धरातल पर लोगों के बीच पहुंचाना है।

वहीं कैबिनेट मंत्री संजय निषाद भदोही में निषाद पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे थे, जहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए शंकराचार्य विवाद पर खुलकर अपनी बात रखी और अखिलेश यादव पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा नेतृत्व ने जो बयान दिया है, उससे ही साफ है कि उनके पास खुद सरकार बनाने की ताकत नहीं है। संजय निषाद ने कहा कि इससे स्पष्ट है कि सपा नेतृत्व खुद को कमजोर मान रहा है और दूसरों के सहारे सत्ता में आने का सपना देख रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं। एक बात तो साफ है कि पीडीए संकट में ही है और यदि यही स्थिति रही, तो 2027 के चुनाव में उनका सूपड़ा साफ हो जाएगा।

# भाजपा से असंतुष्ट सपा के बागियों की होगी घर वापसी

## समाजवादी पार्टी ने अपने बागी विधायकों की वापसी को लेकर मुलायम रुख अपनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अब सभी राजनीतिक दल अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं। इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी ने अपने बागी विधायकों की वापसी को लेकर सॉफ्ट स्टैंड अपनाया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, जो विधायक जिस परिस्थिति में पार्टी से अलग हुए थे, वे उसी रास्ते से वापसी कर सकते हैं। हालांकि इसके लिए उन्हें पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण साबित करना होगा।

भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि पार्टी के भीतर यह चर्चा तेज है कि सत्ताधारी दल में अपेक्षित महत्व न मिलने से कुछ बागी विधायक असहज हैं और उन्होंने दोबारा संपर्क साधना शुरू किया है। सूत्रों का कहना है कि सपा

**सत्ताधारी दल से अपेक्षित महत्व न मिलने पर कुछ विधायक असहजः भाजपा**

नेतृत्व ने स्पष्ट कर दिया है कि वापसी की राह बंद नहीं है, लेकिन इसके लिए व्यवहारिक प्रमाण देना होगा। आगामी राज्यसभा चुनाव को बागी विधायकों की वापसी की कसौटी माना जा रहा है।

उत्तर प्रदेश से राज्यसभा की 10 सीटों पर 25 नवम्बर को मतदान प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि यदि बागी विधायक सपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करते हैं, तो उनके लिए पार्टी में पुन: एंट्री का रास्ता आसान हो सकता है। सूत्रों के अनुसार समा. जवादी पार्टी की ओर से किसी लिखित माफीनामे की शर्त नहीं रखी गई है, बल्कि राजनीतिक आचरण को ही निष्ठा की असली परीक्षा माना जाएगा। 2024 के राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिग कर भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने वाले समाजवादी पार्टी के सात विधायकों को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि ये विधायक दोबारा सपा में वापसी की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, कुछ विधायकों ने इन दावों को सिरे से खारिज करते हुए कड़ा रुख अपनाया है। अभय सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से स्पष्ट किया कि वे सपा में वापस नहीं जा रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उन्हें प्रभु श्री राम मिल गए हैं और अब माया की जरूरत नहीं है। वहीं राकेश प्रताप सिंह ने इन खबरों को भ्रामक और उनकी छवि धूमिल करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि उनका रोम-रोम राम भक्ति में है और सपा में वापसी की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ वे विधिक कार्रवाई करेंगे। गौरतलब है कि 2024 के राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वालों में मनोज पांडेय, राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह, राकेश पांडेय, पूजा पाल, विनोद चतुर्वेदी और आशुतोष मौर्य शामिल थे। इस घटनाक्रम के बाद सपा ने मनोज पांडेय, अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह और पूजा पाल को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। अब बदलते राजनीतिक समीकरणों के बीच सपा नेतृत्व रणनीतिक रूप से संगठन को मजबूत करने और असंतुष्ट नेताओं को साधने की दिशा में कदम बढ़ाता दिख रहा है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पहले ही यह संकेत दे चुके हैं कि संगठन सर्वोपरि है और जो भी पार्टी की विचारधारा और अनुशासन को स्वीकार करेगा, उसके लिए दरवाजे बंद नहीं हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि राज्यसभा चुनाव से पहले सपा का यह कदम विपक्षी एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती की दृष्टि से अहम साबित हो सकता है।

# पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय हो निरस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि आज अलीगढ़ में आयोजित भारतीय किसान यूनियन (भानु) के सम्मेलन में पारित प्रस्ताव के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की गई है कि किसानों और आम उपभोक्ताओं के व्यापक हित में पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण की चल रही प्रक्रिया को तत्काल निरस्त किया जाए।

सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन और संघर्ष समिति के संयोजक




शैलेन्द्र दुबे ने निजीकरण और केंद्र सरकार द्वारा लाए गए इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 पर विस्तार से विचार रखे। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्पष्ट घोषणा की कि बिजली के निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन में प्रदेश के किसान पूरी मजबूती के साथ बिजली कर्मियों के साथ खड़े हैं।

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण की प्रक्रिया को निरस्त किया जाना ही चाहिए, साथ ही केंद्र सरकार द्वारा लाया गया इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 भी वापस लिया जाए। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल में सब्सिडी समाप्त करने और बिजली की पूरी लागत वसूलने का प्रावधान किया गया है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में बिजली की औसत लागत लगभग 8.18 रुपये प्रति यूनिट है, लेकिन निजीकरण के बाद निजी कंपनियों को न्यूनतम 16 प्रतिशत मुनाफे की गारंटी दी जाएगी, जिससे बिजली दरें बढ़कर कम से कम 10 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच जाएंगी। शैलेन्द्र दुबे ने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि कोई किसान 10 हॉर्स पावर का पंप प्रतिदिन 10 घंटे चलाता है, तो उसे प्रति माह लगभग 2250 यूनिट बिजली खपत पर करीब 22,500 रुपये का भुगतान करना पड़ेगा। स्पष्ट है कि निजीकरण का सबसे बड़ा आर्थिक आघात किसानों पर ही पड़ेगा। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के पूर्व अध्यक्ष वी पी सिंह को भारतीय किसान यूनियन (भानु) के विद्युत प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद इरफान के निधन पर जताया शोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष निजामुद्दीन खान ने वरिष्ठ पत्रकार और अमर उजाला से जुड़े दिवंगत मोहम्मद इरफान के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में निजामुद्दीन खान ने कहा कि मोहम्मद इरफान साहब एक बेबाक, ईमानदार और गरिमामय पत्रकार थे, जिन्होंने हमेशा सच और हक़ की आवाज बुलंद की। वे न केवल पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखते थे, बल्कि एक नेकदिल इंसान और बेहतरीन दोस्त के रूप में भी हमेशा याद किए जाएंगे। उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए एक बड़ी क्षति है।

उधर घ्पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने उनके निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि मोहम्मद इरफान एक सजग, निष्पक्ष और कर्मठ पत्रकार थे, जिन्होंने सदैव समाज के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उनका निधन न केवल पत्रकारिता जगत के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। श्री मंसूरी ने शोकाकुल परिवार के



प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से उन्हें यह असह्य दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इसी क्रम में आज पसमांदा मुस्लिम समाज के बेलदारी लेन स्थित केंद्रीय कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने उनकी मगफिरत के लिए दुआएं की।

# जाहिरे बनीं अखण्ड आर्यावर्त महासभा महिला इकाई छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा ने शिव कुमारी जाहिरे को संगठन की महिला इकाई छत्तीसगढ़ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा बागपत उत्तर प्रदेश के रूपेश को मेरठ मण्डल के अध्यक्ष का दायित्व दिया गया है।

आज यहां संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ल ने आज यहां इन नियुक्तियों की जानकारी देते हुये बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने संगठन का देश में विस्तार करते हुये शिव कुमारी जाहिरे को अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा महिला इकाई छत्तीसगढ़ का अध्यक्ष नियुक्त





किया है। उन्होंने कहा कि संगठन देशभर में अपने कदम तेजी से आगे बढ़ा रहा है, जाहिरे की नियक्ति भी इसी क्रम का हिस्सा है। वहीं दूसरी ओर जाहिरे ने संगठन में मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर प्रतिक्रिया देते हुये संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी के नेतृत्व पर भरोसा व्यक्त करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ में खासकर महिलाओं के बीच संगठन की नीतियों और विचारों को फैलाकर अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने का कार्य करेंगे।

## प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने किया लखीमपुर खीरी का दौरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** यूपी सरकार के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल आज लखीमपुर खीरी पहुंचे, जहां कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के 10वें बजट को जनसमर्पित और ऐतिहासिक बताया। मंत्री ने कहा कि वर्ष 2026-27 का बजट अब तक का सबसे बड़ा बजट है, जो किसानों और नवजवानों के लिए समर्पित है। उन्होंने बताया कि 25 करोड़ से अधिक की विभिन्न योजनाएं जनहित में लागू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बीते 9 वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है और उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

# लखनऊ हाईकोर्ट के गेट पर वकीलों का प्रदर्शन

## वकीलों की आए दिन हो रही हत्याओं पर आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही अधिवक्ताओं की हत्याओं के विरोध में आज मंगलवार को हाई कोर्ट लखनऊ के गेट नंबर 6 पर अधिवक्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया और सरकार को आगाह किया गया कि यदि कठोरतम कार्रवाई नहीं की गई तो अधिवक्ता पूरे प्रदेश में प्रदेशव्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

आंदोलन में मुख्य रूप से उपस्थित अंकित कुमार यादव,विशाल सिंह, अखिलेशा नंद पांडे, संदीप कुमार यादव, जी ओ.पी. तिवारी, उमेश प्रताप यादव, अंशुमान पांडे, अमित सिंह भदोरिया, विजय बहादुर यादव, हिमांशु पाठक, प्रकाश वर्मा, जयविंद यादव, पिंकी वर्मा, विष्णु देव यादव, कुशाग्र सिंह, सौरभ राय, अंकुर यादव, विनीत चौरसिया, राजीव गुप्ता,सुशील यादव, अंकित सिंह, रामकृपाल यादव, कुलदीप दुबे, सद्दाम खान, पंकज राय, सऊद खान,



युवराज सिंह, अनीशा द्विवेदी, अनिल मिश्रा, आनंद गिरि, देवकीनंदन पांडे, गणेश नाथ मिश्रा, श्याम बहादुर सिंह, ऋषि पांडे, मोहित बजाज, अजीत सिंह चौहान, शुभांगी द्विवेदी, संजय मिश्रा, नीरज त्रिपाठी, आदि अधिवक्तागढ़ उपस्थित रहे।

# सूबे के दर्जनों संगठन एकजुट, यूजीसी इक्विटी नियमावली लागू हो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूजीसी इक्विटी नियमावली लागू करने और समता, सामाजिक न्याय और संविधान के सवाल पर राजधानी लखनऊ के दारुलसफा में सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में यूपी के विभिन्न छात्र संगठनों के प्रति. निधि, किसान संगठन, सामा. जिक-राजनीतिक संगठनों, बुद्धिजीवी, एक्टिविस्ट और विभिन्न जिलों के नेतृत्वकर्ता शामिल हुए।

राष्ट्रीय बांस शिल्पी महासंघ ने राजा बेन की जयंती पर पुष्प अर्पित कर सभा का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने बताया कि राज्य स्तरीय बैठक से संपूर्ण यूपी के जिला, ब्लॉक, कॉलेज,



विश्विद्यालयों में अभियान चलाते हुए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में तय हुआ कि 28 फरवरी को यूपी के सभी जिलों में धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। कोर्ट में इस मसले कोर्ट में सुनवाई से पहले लखनऊ में सम्मेलन और महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। अगर सुप्रीम कोर्ट से फैसला पक्ष में नहीं आता है तो आने वाले समय में और बड़े आंदोलन की तरफ बढ़ा जाएगा। हर जिले में इस आंदोलन की संचालन टीम का भी गठन किया जाएगा।देशस्तर पर जातीय जनगणना करवाने की मांग को भी इस आंदोलन में उठाते हुए अभियान चलाने का निर्णय लिया। सम्मेलन में राजशेखर, निशांत राज, एडवोकेट इमरान अहमद,जगरू प्रसाद, मानविका, डाक्टर आरपी गौतम, अलोक, ऊषा विश्वकर्मा, अहद आजमी, संदीप बेनवंशी, अरमान सिंह, राजीव गुप्ता, प्रदीप, रोहित कश्यप, रणवीर, कवि तीर्थराज, एहसानुल हक मलिक, डॉ उमाशंकर आदि शामिल हुए। प्रयागराज, लखनऊ, गाजीपुर, बाराबंकी, आजमगढ़, सुलतानपुर, जौनपुर, चंदौली, उन्नाव, हरदोई, अयोध्या, बलिया, सीतापुर, देवरिया, रायबरेली, अमेठी, बांदा आदि जिलों से राष्ट्रीय बांस शिल्पी महासंघ, यादव सेना, यूजीसी एक्ट 2026 समता आंदोलन, एआईएसए, आरवाईए, कम्युनिस्ट फंट, एनएपीएम, बापसा, ऑल इंडिया फोरम फॉर इक्विटी, सोशलिस्ट पार्टी, पूर्वांचल किसान यूनियन, सोशलिस्ट किसान सभा, बामसेफ, मोस्ट, सामाजिक न्याय मंच, अखंड भारत मिशन, संविधान बचाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# उन्नाव में पिता पुत्री ने ट्रेन के आगे कूद कर दी जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के शुक्लागंज क्षेत्र में सोमवार रात पिता-पुत्री ने मालगाड़ी के आगे कूदकर जान दे दी। घटना कानपुर-लखनऊ रेल मार्ग पर शुक्लागंज क्षेत्र में सहजनी क्रॉसिग के पास डाउन ट्रैक पर हुई। हादसे के चलते रेल यातायात कुछ देर बाधित रहा।

इंस्पेक्टर गंगाघाट के अनुसार, यह घटना सोमवार रात करीब 8:45 बजे गंगाघाट रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले डाउन ट्रैक सहजनी से आगे हुई। उन्होंने बताया प्रथम दृष्टया जो जानकारी मिली है उसमें मालगाड़ी के आने पर 45 वर्षीय यश गुप्ता और उनकी 14 वर्षीय बेटी ट्रैक पर कूद गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। टना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। सुरक्षा कारणों से डाउन ट्रैक को कुछ समय के लिए रोका गया। इस दौरान लखनऊ जा रही तेजस एक्सप्रेस और गोमती एक्सप्रेस कुछ देर तक रुकी रही। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूर देवाराकला गांव की ओर सफेद रंग की एक कार खड़ी मिली, जिसका पंजीकरण कानपुर का है। कार के अंदर मिले मोबाइल और कागजात की जांच में कार यश गुप्ता की होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने पंजीकरण संख्या के आधार पर परिजनों को सूचना देते हुवे जांच शुरू की है। गंगाघाट थाना प्रभारी के अनुसार, घटना के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है। मृतक यश की पत्नी ने शवों की शिनाख्त कर ली है। पुलिस आत्महत्या के कारणों को लेकर जांच कर रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि परि. जनों के बयान और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर जिले में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों ने मंगलवार को टेट अनिवार्यता के विरोध में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। यह विरोध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले जिलाध्यक्ष अंबिका देवी यादव के नेतृत्व में किया गया।

शिक्षकों ने टेट अनिवार्यता को 'काला कानून' बताते हुए बोर्ड परीक्षा तथा एसआईआर (स्कूल इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट) कार्य के दौरान भी काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। खलीलाबाद के जूनियर हाई स्कूल पटखौली में आयोजित विरोध कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अंबिका देवी यादव, संरक्षक गंगा प्रसाद यादव, मंत्री केसी सिंह और उपाध्यक्ष शोएब अहमद समेत अन्य शिक्षकों ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह विरोध 25 फरवरी तक जारी रहेगा। उन्होंने जनपद के सभी शिक्षकों से एकजुटता दिखाने के लिए काली पट्टी बांधने की अपील की है। उन्होंने बताया कि अगले चरण में 26 फरवरी 2026 को बीएसए कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। इसके बाद शिक्षक बीएसए कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकालेंगे और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेंगे।

# सर्वोच्च पदों पर आसीन हो रही हैं बेटियां: लौटनराम निषाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/अयोध्या।** गोशाईंगंज विधानसभा क्षेत्रांतर्गत गौरा गांव में नव युवक जन कल्याण समिति व राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फूले निरूशुल्क कोचिंग सेंटर की तरफ से 8वें स्थापना दिवस के अवसर पर सावित्रीबाई फुले जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया। इसका उद्देश्य बच्चों का मनोबल बढ़ाकर उन्हें सशक्त बनाना था।

दिव्यांग राजू निषाद के संयोजकत्व व संजय कुमार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सपा के गोशाईंगंज प्रभारी चौधरी लौटन राम निषाद ने कहा कि यदि बेटियां शिक्षित होंगी तो वह बहुत कुछ कर सकती हैं। इससे परिवार और देश दोनों प्रगति की ओर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि बेटा-बेटी में विभेद न कर पढा लिखाकर काबिल बनाने की आवश्यकता है।आज बेटियां आईएएस, आईपीएस,पीसीएस, पीपीएस, एसपी,



डीएम, जज, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, राष्ट्रपति बनकर गौरव बढ़ा रही हैं। निषाद ने कहा कि हमें ढोंग,पाखंड और अंधविश्वास से दूर रहकर ज्ञान की दुनिया में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब देश में 'स्त्री शूद्रौ नाधियताम्' की मनुस्मृति का कानून लागू था,उस समय क्रांतिसूर्य ज्योतिबा फूले ने मनुवादी व्यवस्था के विरुद्ध सामाजिक परिवर्तन के लिए अपने को समर्पित कर दिये और तमाम विरोधों के बाद सावित्रीबाई फूले जी को पढ़ाई-लिखाई कराकर देश की प्रथम शिक्षिका बनाया। शिक्षा की असली देवी सावित्रीबाई फूले ही हैं। उन्होंने संविधान, लोकतंत्र व सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए एसआईआर में सक्रिय होकर नोटिस का जवाब देने में मदद करने की अपील किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस मौके पर पूर्व सीएमओ डॉ. नानक सरन, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव विजय बहादुर वर्मा, समाजवादी पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव जगन्नाथ पाल, स्नेहलता निषाद, तुलसीराम निषाद, विवेक ब्रह्मचारी, प्रोफेसर बालक राम विश्वकर्मा, दुखराम कोरी, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, श्रीचंद यादव, मायाराम यादव, रामदुलार निषाद, अखिलेश चौधरी, डा. अमित पटेल,आयुषी यादव,विनीता यादव आदि ने सम्बोधित किया।

## सीतापुर में महंत सुरेश दास का निधन

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के पिसावा थाना क्षेत्र में 84 कोसी परिक्रमा के देवगांव पड़ाव पर मंगलवार प्रातः महंत सुरेश दास का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 84 कोसी परिक्रमा के दौरान देवगांव स्थल पर पहुंचे महंत सुरेश दास की अचानक तबीयत बिगड़ गई और प्रातः उनकी हृदय गति रुक गई। वहां मौजूद संत अजय दास, श्याम दास सहित अन्य श्रद्धालुओं ने एंबुलेंस से उन्हें अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सक डा. हार्दिक पटेल ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महंत सुरेश दास, भगवान दास के शिष्य बताए जाते हैं। उनके निधन की सूचना से परिक्रमावासियों एवं संत समाज में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जानकारी जुटाई।

## रायबरेली में माइनर कटने से बड़ा इलाका जलमग्न

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के भदोखर क्षेत्र में सोमवार देर रात किसी शरारती तत्व द्वारा महेरी माइनर काट दिए जाने से आसपास का बड़ा इलाका पानी में डूब गया। तेज बहाव के कारण खेतों में पानी फैल गया, जिससे किसानों की खड़ी फसल को भारी नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार माइनर कटने से पानी तेजी से खेतों की ओर बढ़ा और देखते ही देखते दर्जनों बीघा भूमि जलमग्न हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि कई बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह पानी में डूब गई, जबकि सरसों व अन्य फसलें भी प्रभावित हुई हैं। किसानों का आरोप है कि यदि समय रहते निगरानी होती तो इतना बड़ा नुकसान नहीं होता।

# कौशांबी में सड़क हादसे में दो मरे

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात खड़े ट्रेलर में पीछे से गेहूं लदा ट्रक घुस गया। हादसे में ट्रक चालक और ट्रेलर चालक की मृत्यु हो गई, जबकि ट्रेलर का खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार राजस्थान के बीकानेर जनपद के थाना पुगड़ी क्षेत्र के ग्राम मेली ताड़ई निवासी ट्रेलर चालक भंवर सिंह (45) और खलासी उमेश सिंह (50) कानपुर से बनारस की ओर जा रहे थे। प्रयागराज-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कशिया पश्चिम गांव के पास ट्रेलर में तकनीकी खराबी आ गई। चालक ने वाहन सड़क किनारे खड़ा कर उसे ठीक करना शुरू किया। इसी दौरान सोमवार देर रात कानपुर की ओर से आ रहा गेहूं लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पीछे से ट्रेलर में जा भिड़ा। दुर्घटना में ट्रक चालक अजय कुमार (40) की मौके पर ही मृत्यु हो गई। उसका शव केबिन में फंस गया, जिससे करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। घटना में ट्रेलर चालक भंवर सिंह और खलासी उमेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल मंझनपुर ले जा रही थी।

## प्रयागराज में 54 लाख रुपये की अफीम बरामद

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की टीम ने मंगलवार दोपहर एक हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया। एएनटीएफ के अनुसार संदीप कुमार को कैंट क्षेत्र स्थित सप्लाई डिपो के पास मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से करीब 315-45 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसकी अनुमा. नित कीमत लगभग 64 लाख रुपये बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह एक तस्कर से हेरो. इन खरीदकर दो-दो ग्राम की पुड़िया बनाकर फुटकर में बेचता था। नारकोटिक्स टास्क फोर्स के दरोगा सतेंद्र प्रधान ने बताया कि कार्रवाई में दरोगा सतेंद्र प्रधान, मनीष कुमार, सत्एश राय और राजेश यादव शामिल रहे।

# अवैध खनन में लिप्त 16 ट्रक जब्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के कबरई क्षेत्र में सोमवार देर रात खनिज, परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त 16 ट्रकों को पकघ्कर सीज कर दिया गया।

टीम ने इस दौरान एक स्टोन क्रेशर पर छापा मारकर फर्जी दस्तावेज और रॉयल्टी चोरी का मामला भी पकड़ा है। पुलिस उपाधीक्षक ए-के- सिंह ने बताया कि कबरई क्षेत्र में खनिज राजस्व चोरी की शिकायतें शासन स्तर तक पहुंचने के बाद जिलाधिकारी ग़जल भारद्वाज के निर्देश पर खनिज, परिवहन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई थी। टीम ने अलीपुरा स्थित नई मंडी में मध्य रात्रि छापेमारी की, जहां ओवरलोड गिट्टी लादकर निकल रहे 16 ट्रकों को पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि ट्रकों के पास खनिज परिवहन के वैध प्रपत्र मौजूद नहीं थे।

बिना रॉयल्टी प्रपत्र के इन ट्रकों को एक स्टोन क्रेशर से गिट्टी लोड कर एनआर (नॉन-रॉयल्टी) निकाला जा रहा था। सभी ट्रकों को सीज कर पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि संयुक्त टीम ने मंडी स्थित ओम नम शिवाय स्टोन क्रेशर में तड़के सघन जांच की, जहां अभिलेखों में भारी अनियमितताएं पाई गईं। जांच में सामने आया कि क्रेशर से ट्रकों में एनआर गिट्टी लोड कर शासन को लाखों रुपये के राजस्व की क्षति पहुंचाई जा रही थी।

खनिज विभाग के अधिकारी बरामद दस्तावेजों की गहन जांच कर रहे हैं। मामला सही पाए जाने पर क्रेशर प्लांट को सील करने और खनन पट्टा निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कबरई खनिज मंडी से प्रतिदिन लगभग पांच हजार ट्रक गिट्टी लादकर विभिन्न महानगरों को भेजे जाते हैं। आरोप है कि रसूखदार माफिया के संरक्षण में सक्रिय दलाल और लोकेशन गैंग बड़ी संख्या में वाहनों को बिना रॉयल्टी एनआर निकालते हैं, जिससे शासन को भारी राजस्व हानि होती है। संयुक्त टीम की इस कार्रवाई से खनिज मंडी क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# धूमधम से मनायी जाएगी अम्बेडकर जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। डा. भीम राव अम्बेडकर जयंती को एकजुट होकर मनाये जाने का आह्वान किया गया है। बीते दिन अंबेडकर जयंती को मनाये जाने को लेकर जन्मोत्सव समिति के संस्थापक एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मंगली सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अध्यक्षता करते हुए मंगली सिंह ने कहा कि वर्तमान में गठित दोनों समितियां अमान्य एवं असंवैधानिक हैं। जब तक पुरानी कमेटी भंग नहीं की जाती तब तक नई किसी भी कमेटी का कोई औचित्य नहीं है।सामाजिक एकता और आपसी सौहार्द को सर्वोपरि रखते हुए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया और पिछले वर्ष चंचल सागर की अध्यक्षता की कमेटी को ही पुनः जिम्मेदारी सौंपी गई।अंबेडकर विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने कहा डॉ. अम्बेडकर का जीवन हमें संविधान, समानता और सामाजिक न्याय का मार्ग दिखाता है। इस अवसर पर जगत सिंह, नवल कुमार, ब्रह्मज्ञान सिंह, फतेह चंद, एड अभिषेक सिंह, सत्यजीत, अरुण कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मा अशोक कुमार, कपिल कुमार मौजूद थे। वहीं दूसरी और मोहल्ला खेवान में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की बैठक का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि अंबेडकर जयंती हमारे लिए एक पवित्र त्यौहार है। एकजुट होकर बाबा साहब की जयंती को मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा बिखराव पैदा करने वाले तत्वों से सावधान रहें। कुछ लोग स्वार्थवश समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसी ताकतों को पहचान कर उनसे दूरी बनाना ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आपसी मतभेदों पर भी चिंता जताई गई। इस अवसर पर जयपाल सिंह, रामवीर सिंह, जगबीर मौर्या, विनोद कुमार गौतम, महिपाल सिंह, श्रीमती लता सागर, चमन लाल एडवोकेट, चंद्रभान सिंह, अतर सिंह नेताजी, पवन जाटव, अरविंद कुमार अन्ना, विजय गौतम, अजब सिंह एडवोकेट, सोम सिंह, नवाब सैफी, दिनेश जाटव आदि मौजूद थे।

# खुद स्टार्ट होकर डंपर मिस्त्री के ऊपर चढ़ा, मौत

## दूसरे हादसे में मालगाड़ी की चपेट में आकर फैक्ट्री कर्मी की गई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। चौपला चौकी के निकट मिस्त्री के ऊपर डंपर चढ़ गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए मेरठ ले जाते समय मौत हो गई। घटना से परिजनों में चीत्कार मच गई। वहीं दूसरे हादसे में युवक ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी अनीश वाहन के मिस्त्री थे। वे चौपला चौकी के निकट काम करते थे। मंगलवार को अनीश डंपर के नीचे काम कर रहा था, अचानक डंपर स्टार्ट हो गया और उसके पैर के ऊपर चढ़ गया। चीख सुनकर लोगों ने उसे डंपर के नीचे निकलवाकर तुरंत सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हॉयर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे मेरठ ले जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में चीत्कार मच गई। वहीं दूसरी घटना में मालगाड़ी की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक एक प्राईवेट फैक्ट्री में काम करता था। मंगलवार को मुरादाबाद से दिल्ली की दिशा में मालगाड़ी जा रही थी। इसी बीच भानपुर फाटक के निकट उसकी चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। जिसके बाद मालगाड़ी के चालक ने स्टेशन पर मैसेज देकर घटना के बारे में कंट्रोल को बताया। जिसके बाद आरपीएफ के साथ-साथ ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। कुछ देर के बाद उसकी पहचान मोहल्ला जवाहर नगर निवासी रवि अग्रवाल के पुत्र मुनीश अग्रवाल(40) उर्फ बंटी के रूप मे हुई। बताते हैं कि बंटी एक फैक्ट्री में मजदूरी का कार्य करता था। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।


मनोज ( फाइल फोटो )


अनीश ( फाइल फोटो )

# पुलिस ने मेरठ जाकर दर्ज किए बयान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। शराब की दुकान के पास में कैंटीन संचालक को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस को मंगलवार की शाम मेरठ स्थित अस्पताल पहुंचकर घायल के बयान दर्ज किए। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

जानकारी के अनुसार कुमराला निवासी भूपेंद्र उर्फ भोला गांव में ही शराब की दुकान के बराबर में कैंटीन चलाते हैं। वह सोमवार रात करीब 9.30 बजे कैंटीन पर थे। उनका आरोप है कि उनको अचानक आए शख्स ने गोली मार दी। जो उनकी कनपटी पर लगी। जिससे वह घायल हो गए। सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई। पुघलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया था, जहां से उन्हें हॉयर सेंटर भेज दिया था। उसका उपचार इस समय मेरठ में चल रहा है। मंगलवार को उपनि. रीक्षक नितेन्द्र वशिष्ठ ने बताया कि पुलिस शाम को घायल भूपेन्द्र के बयान दर्ज करने मेरठ स्थित अस्पताल पहुंची। बयान दर्ज कर लिए गए हैं, जांच की जा रही है।

# पति को छोड़कर दो बच्चों की मां ने रचाई प्रेमी से शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। पति को छोड़कर सोमवार को दो बच्चों की माँ ने अपने प्रेमी के साथ क्षेत्र के एक मंदिर में शादी रचा ली। जानकारी मिली तो परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी आ गई, हालांकि दोनों के बालिग होने के कारण पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं परिजनों ने भी शादी रचाने वाले जोड़े से संबंध खत्म होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया।

बता दें कि रामपुर निवासी पायल की शादी 8 वर्ष पूर्व संभल जनपद क्षेत्र के एक गांव निवासी से हुई थी। महिला दो बच्चों की माँ है। वह गजरौला में मौसेरे जेठ के यहां रिश्तेदारी में आना-जाना लगा रहता था वहीं पर पड़ोस में रह रहे युवक अभिषेक से संबंध हो गए प्रेम कहानी दो वर्षों तक चली प्रेम संबंध होने के बाद बीती रात महिला ने अपने प्रेमी के साथ क्षेत्र के एक मंदिर में शादी रचा ली। जब इस बात की जानकारी परिजनों को हुई तो वे भी पहुंच गए और 112 पुलिस भी आ गई। हालांकि दोनों के बालिग होने के कारण पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की पुलिस उन्हें लेकर थाने बुलवाया गया वहां पर परिवार वाले भी इकट्ठा हो गए। लड़की जिद पर अड़ी रही, कि इसी के साथ रहूंगी। वहीं घर वालों ने भी शादी रचाने वाले जोड़े से संबंध खत्म होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। प्रेमी जोड़े को डर था कि हमारे साथ कोई अनहोनी न हो जाए इसलिए दोपहर तक थाने में ही बैठे रहे। पुलिस द्वारा जोड़े को सकुशल घर तक पहुंचाया गया।

# राष्ट्रसेविका समिति ने मनाया होली मिलन समारोह

## नगर के अवंतिका पार्क में हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। राष्ट्र सेविका समिति नगर इकाई से जुड़ी महिलाओं ने मंगलवार को नगर के अवंतिका पार्क में एक दूसरे को गुलाल लगाकर और फूलों से होली खेलकर होली मिलन समारोह मनाया।

**■ होली का पर्व है समरसता का त्यौहार:निशा सिंह**

नगर कार्यवाहिका निशा सिंह ने कहा कि होली समरसता का त्यौहार है। होली मिलन से समाज में समरसता का संदेश जाता है और ऊंच नीच का सब भेद मिट जाता है। उन्होंने सभी महिलाओं से स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। कहा कि महिलाओं को कुटुंब प्रबोधन के लिए कार्य करना चाहिए, उन्होंने भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करने की अपील की। इस मौके पर सभी बहनों ने एक दूसरे को गुजियां व मिठाई खिलाईं। इस मौके पर गीता गोयल, विनीता गर्ग, रचना सिंघल, अनामिका चौधरी, नीतू सिंह, प्रगति भारद्वाज, आंचल चाहल, अंजलि सिंघल, रचना अग्रवाल, सुमन, मान्या, कनिका आदि महिलाएं मौजूद रहीं।



# कांवड़िए को घायल करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। हरिद्वार से जल लेकर आ रहे बाइक सवार कांवड़िए को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। घटना महाशिवरात्रि के समय हुई थी।

जानकारी के अनुसार 15.02. 2026 को सुबह के करीब तीन बजे जिला मुरादाबाद के थाना-पाकबड़ा के सुल्तानपुर फलैदा का निवासी सतेन्द्र सिंह अपने परिचित सोनू पुत्र महेन्द्र पाल के साथ बाइक से गंगा जल लेकर लौट रहे थे। जैसे ही

**■ 15 फरवरी को तड़के के समय हुई थी दुर्घटना**

इनकी बाइक चौपला पर आई तभी विपरीत दिशा से आ रही एक दूसरी मोटरसाईकिल ने टक्कर मार दी। हादसे में सतेन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका उपचार चल रहा था और चिकित्सक ने उसका दांया पैर भी काट दिया गया था। मंगलवार को घायल के भाई बंटी की तहरीर पर पुलिस ने मोटरसाईकिल के चालक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सहकारी चीनी मिल का विस्तारीकरण हो

## तहसील में भाकियू शंकर की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मंगलवार को तहसील परिसर के निकट भारतीय किसान यूनियन शंकर की बैठक आयोजित की गई।

मंगलवार को पंचायत की अध्यक्षता करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने किसानों और क्षेत्र की जनता से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की। चौधरी दिवाकर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 5 वर्ष पूर्व किये गये वादे को याद दिलाते हुए कहा कि हसनपुर चीनी मिल के विस्तारीकरण की घोषणा अभी तक कागजों तक ही सीमित है। इसके अलावा, उन्होंने चकबंदी विभाग में व्याप्त चरम भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की मिलीभगत के कारण निर्धारण के कार्य सुचारू रूप से नहीं हो रहे हैं। जिससे किसान परेशान हैं। इस दौरान चौधरी धर्मवीर सिंह, राकेश, नेतराम सैनी, लोकेश चौहान, जगत सिंह सैनी, मुकुट लाल सैनी, मोहम्मद अहसान, बीना शर्मा, ज्योति चौहान, बबीता रानी, बृजेश चौहान, सरोज सैनी आदि मौजूद रहे



# किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं

## भाकिसं ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अंडरपास की मांग को लेकर धरना दे रहे किसानों के खिलाफ मुकदमे दर्ज होने से भारतीय किसान संघ भड़क गया। उन्होंने एनएचएआई आधिकारियों को हटाने व दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग को प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट मे सौंपा।

मंगलवार को भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट मे प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। उनका आरोप है बिजनौर जिले के निर्माणाधीन मेरठ पीडी हाईवे पर बैराज के पास हेमराज चौराहे के समीप संघ के बैनर तले ग्रामीण पिछले नौ महीने से अंडर पास की मांग को धरने पर बैठे है। अधिकारियों से आश्वासन मिलने के बावजूद भी एनएचएआई अधिकारियों व प्रशासन ने कुछ राजनैतिक लोगों के स्वार्थ और भूमाफियों के फायदे के लिए आपस में मिलीभगत कर शांतिपूर्ण ढंग से चल रहे धरने को अमर्यादित तरीके से हटवा दिया जबकि कई थानों की पुलिस लगाकर ग्रामीणों को रात भर नजर बंद रखा गया और उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए गए है जो निंदनीय है। उन्होंने मांग की कि प्रशासनिक व एनएचएआई आधिकारियों को हटाया जाए और किसानों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लिए जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगो को पूरा नहीं किया गया तो बिजनौर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मोके पर आलोक कुमार, महीपाल सिंह, उषा चौधरी, ओमवीर सिंह, धर्मपाल, विपिन कुमार, उमेश कुमार, शिवचरन, हरिप्रताप, चन्द्रप्रकाश, आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।




# शराबबंदी की मांग को सौंपा ज्ञापन

## जिला आर्य प्रतिनिधि सभा ने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा ने शराबबंदी और नई शिक्षा नीति एक समान लागू करने की मांग को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट मे सौंपा।

मंगलवार को जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के पदाधिकारियों ने डीएम निधि गुप्ता वत्स को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि शराब के कारण अपराधों में वृद्धि हो रही है जबकि परिवार टूट हो रहे हैं। बच्चों व महिलाओं का शोषण हो रहा है और इनके साथ आए दिन मारपीट की घटनाएं होती है। महिलाओं व गरीबों के हित में गुजरात, बिहार की भांति उत्तर प्रदेश में भी शराब बंदी लागू की जाए। सरकार द्वारा लागू नई शिक्षा नीति एक समान हो। सरकारी संस्थानों जिसमें आम जनता की भागीदारी होती है उसका निजीकरण ना किया जाए। आजादी से पूर्व लागू चतुर्थ श्रेणी के नियमित नियुक्ति की व्यवस्था को पुनर्जीवित कर लागू किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में धर्मवीर सिंह आर्य, रोहताश सिंह, सुभाष दुआ, विनय त्यागी, हेतराम सागर आदि शामिल रहे।




# पुलिस ने गौकशी के तीन आरोपियों किया गिरफ्तार

## बीते दिन रामगंगा पोषक नहर पर मिले थे अवशेष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। थाना पुलिस ने गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने की घटना का खुलासा कर दिया है। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान तीनों ने गोकशी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस को आरो. पियों के कब्जे से दो छुरी, एक दांव, दो रस्से व गोकशी में इस्तेमाल होने पर अन्य उपकरण व प्लास्टिक की पन्नी मिली है।

गौरतलब है कि सोमवार दोपहर क्षेत्र में बीलना के पास नहर किनारे गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया था। पुलिस ने मामले में बिजनौर जिले के शिवाला कलां थाना क्षेत्र के गांव भैंसा निवासी रवि की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि आरोपियों की सुरागकशी के लिए प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ जंगल में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान जंगल से गुजर रहे तीन लोगों को रोककर पूछताछ की तो तीनों सकपका गए। सख्ती बरतने पर अपना नाम जुनैद निवासी गांव बीलना मोहल्ला रमजान नगर, अल्ताफ निवासी मोहल्ला हाता तथा साजिद निवासी फरीदी स्कूल वाली गली कस्बा नौगावां सादात बताया। सीओ ने बताया कि तीनों गोकशी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। छुट्टा पशुओं को घेरकर ले जाने के बाद उनका वध कर देते हैं तथा अवशेष जहां-तहां फेंक देते हैं। तीनों के मोबा. इल से मांस की खरीद-फरोख्त को लेकर भी चौट मिली है। कोर्ट में पेशी के बाद रिमांड मंजूर होने पर तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के पांयती कलां गांव निवासी मुहम्मद अरकान ने पड़ोसी युवक पर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने का आरोप लगाया है। अरकान के मुताबिक 21 जनवरी को वह सामान लेने बाहर गए थे और पत्नी मायके में थी। तभी घर की अलमारी में जेवरात गायब मिले। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में पड़ोसी जीशान की गतिविधि दिखने का दावा करते हुए उन्होंने थाने में तहरीर दी। रिपोर्ट दर्ज न होने पर एसपी कार्यालय पहुंचने पर एसपी के आदेश पर डिडौली पुलिस ने जीशान के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।

# विधायक ने किया गौशाला का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ब्लॉक गंगेश्वरी के ग्राम तलावड़ा में नव निर्मित अस्थायी गौ आश्रय स्थल का उद्घाटन विधायक महेंद्र सिंह खड़ागवंशी द्वारा किया गया।

मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, ब्लॉक प्रमुख गंगेश्वरी राज. ेंद्र सिंह खड्गवंशी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आभा दत्त की उपस्थिति में किया गया। ग्राम वासियों द्वारा विधायक तथा जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि गौशाला का संचालन होने से काफी राहत हो गई है। मुख्य विकास अधिकारी ने अवगत कराया कि संसाधनों की कमी के बावजूद भी अथक प्रयासों से गौ-आश्रय स्थल का प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में 262 गौवंश संरक्षित है। ग्राम वासियों से अपील की गई कि गौ माता को निराश्रित न छोड़ें। खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिया गया कि एक नयी चरही का निर्माण तत्काल प्रारंभ करें। इसके साथ सोलर लाइट लगाने के साथ विद्युत की व्यवस्था के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिया। जिससे गौशाला कंट्रोल रूम से कनेक्टिविटी बने रहे। इसके साथ उन्होंने आसपास चारागाह की भूमि पर गौवंशो के लिए चारा उगाने के लिए निर्देशित किया



# अमीनों को वसूली की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। मंडी धनौरा। तहसील सभागार में मंगलवार को उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव ने अमीनों की बैठक लेकर राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में लंबित वसूली मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने लक्ष्य के अनुसार प्रगति न होने पर नाराजगी जताई। एसडीएम ने साफ कहा कि शासन द्वारा तय लक्ष्य समय पर पूरे होने चाहिए, इसमें किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने सभी अमीनों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से भ्रमण करने और बकाया वसूली को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि राजस्व वसूली सरकार की अहम जिम्मेदारी है, इसलिए हर कर्मचारी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ काम करे।

बैठक में जिन मामलों में वसूली की रफ्तार धीमी पाई गई, उनमें तत्काल कार्रवाई कर रिपोर्ट देने को कहा गया। साथ ही वसूली कार्य की नियमित निगरानी और समय पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। इस मौके पर तहस. ीलदार मुसाराम थारू सहित सभी अमीन मौजूद रहे।

# बीईओ ने स्कूल पहुंचकर की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। ब्लॉक क्षेत्र के एक परिषदीय विद्यालय में शिक्षक द्वारा छात्रा को गलत तरीके से छूने के आरोप लगाने की घटना का वीडियो वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ गया है। मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूल में पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की।

बता दें कि ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव में स्थित परिषदीय विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक पर बीते दिन एक छात्रा ने गलत तरीके से छूने का आरोप लगाया था। इसके बाद काफी देर तक हंगामा हुआ था। छात्रा के बयान से जुड़ा व हंगामे का

**■ छात्रा ने शिक्षक पर लगाए हैं गलत तरीके से छूने के आरोप**

वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस मामले को तूल पकड़ने के बाद मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता ने स्कूल में जाकर मामले की जांच पड़ताल की। उन्होंने आरोपी अध्यापक, आरोप लगाने वाली छात्रा व स्टॉफ के सदस्यों से पूछताछ की। वहीं इंचार्ज अध्यापक का कहना है कि उनके ऊपर साजिशन आरोप लगवाए जा रहे हैं। उन्होंने अपना पक्ष खंड शिक्षा अधिकारी को अपना पक्ष बता दिया है।

# सरकारी दफ्तरों से हाउस व वाटर टैक्स की वसूली

## डीएम-एसपी ने टैक्स जमा कर शुरूआत की





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। नगर पालिका परिषद ने एक महत्वपूर्ण और साहसिक कदम उठाते हुए पहली बार पालिका सीमा क्षेत्र के 21 सरकारी विभागों पर हाउस टैक्स और वाटर टैक्स की वसूली शुरू कर दी है। इस निर्णय के साथ ही यह स्पष्ट संदेश दे दिया गया है कि नियम सबके लिए समान हैं चाहे आम नागरिक हों या सरकारी कार्यालय।

इस पहल का नेतृत्व अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने किया है। पालिका प्रशासन का मानना है कि शहर के विकास कार्यों को गति देने के लिए मजबूत राजस्व व्यवस्था आवश्यक है और कर वसूली में पारदर्शिता तथा अनुशासन उसी दिशा में उठाया गया कदम है। लंबे समय से सरकारी भवनों पर बकाया करों को लेकर चर्चा होती रही, लेकिन अब इसे धरातल पर उतारकर अमल में लाया गया है। इस फैसले को और प्रभावी बनाने के लिए जिले के शीर्ष अधिकारियों ने स्वयं आगे बढ़कर उदाहरण प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता ने कलेक्ट्रेट परिसर का टैक्स जमा कराया, जबकि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने भी अपने कार्यालय से कर अदा कर सकारात्मक संदेश दिया। इसे "लीड बाय एग्जाम्पल" की मिसाल माना जा रहा है, जिससे आम नागरिकों में भी कर भुगतान के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना मजबूत होगी। पालिका प्रशासन का कहना है कि इस कदम से न केवल राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि विकास योजनाओं को भी आवश्यक आर्थिक मजबूती मिलेगी। नगर पालिका परिषद अमरो. हा की यह पहल प्रशासनिक जवाबदे. ही, पारदर्शिता और विकासपरक सोच का संतुलित उदाहरण बनकर सामने आई है, जो भविष्य में अन्य नगर निकायों के लिए भी प्रेरणा बन सकती है।

# राहुल गांधी पर ब्रजेश पाठक का तीखा हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा है कि देश के अंदर हो या बाहर, कांग्रेस भारत को शर्मसार करने का कोई अवसर नहीं छोड़ती। लखनऊ स्थित भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री पाठक ने कहा कि राहुल गांधी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन से किस प्रकार धन प्राप्त हुआ।



उन्होंने कहा कि इस विषय पर कांग्रेस नेतृत्व को देश के सामने स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में नई दिल्ली में दुनिया भर के दिग्गज नेता और कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष एकत्र हुए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार वैश्विक मंच पर अपनी साख मजबूत कर रहा है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता गंवाने के बाद कांग्रेस विरोध के नाम पर किसी भी हद तक जाने को तैयार है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनकी 'मोहब्बत की दुकान अब 'नफरत की दुकान' बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी देश को विश्व स्तर पर बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। श्री पाठक ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा अपने कार्यकर्ताओं को 'बबर शेर' बताकर समर्थन देना यह दर्शाता है कि इस पूरे प्रकरण के पीछे उनकी भूमिका है। उन्होंने राहुल गांधी पर सड़कछाप व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश की जनता इस अराजक मानसिकता को समझती है। उप मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी भारत विरोधी ताकतों के हाथों में खेल रहे हैं और अराजकता पर उतर आए हैं, लेकिन देश की जनता लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग है। समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उनको मुख्यमंत्री की कुर्सी खुद ही विरासत में मिली थी। पहले अपने दम पर कुर्सी पाकर तो दिखाएं फिर दूसरों को गिफ्ट करें।

## कृषि विभाग का बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में विकास भवन स्थित कृषि विभाग कार्यालय में मंगलवार को एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ सहायक सुनील मौर्या को कथित रूप से 5000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कृषि विभाग में पूर्व में तैनात रहे महेंद्र प्रताप ने आरोप लगाया था कि उनके वेतन संबंधी प्रकरण के निस्तारण के बदले 5000 रुपये की अवैध धनरा. शि की मांग की जा रही है। शिकायत मिलने पर उत्तर प्रदेश एंटी करप्शन संगठन की टीम ने मामले का सत्यापन किया। प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप कार्रवाई की। मंगलवार को विकास भवन स्थित कार्यालय में जैसे ही आरोपी कर्मचारी ने शिकायतकर्ता से 5000 रुपये लिए, टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पूछताछ के लिए साथ ले जाया गया।

# नईमीशरण से 84 कोसी परिक्रमा दल का मंदरवा के लिए प्रस्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के नईमीशरण तीर्थ में चल रही 84 कोसी परिक्रमा का दल मंगलवार प्रात: मंदरवा के लिए प्रस्थान कर गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार मंदरवा में ऋषि मांडव ने वर्षों तक तपस्या की थी तथा पड़ाव क्षेत्र के आसपास अनेक देवी-देवताओं के प्राचीन स्थल स्थित हैं।

परिक्रमा दल लगभग चार किलोमीटर की परिधि में ठहरता है। देवगांव पड़ाव पहुंचकर श्रद्धालुओं ने मंगलवार सुबह देवप्रयाग तीर्थ में स्नान किया और शिवालय में भगवान शंकर की आराधना की। परंपरा के अनुसार साधु-संतों एवं कन्याओं को गुड़ एवं कटोरी का दान किया गया। पौराणिक मान्यता है कि महर्षि दधीचि ने परिक्रमा के दौरान इस तीर्थ के जल से आचमन किया था और यहां गुड़ ग्रहण किया था। तभी से यहां गुड़ एवं कटोरी दान की परंपरा प्रचलित है। देवगांव पड़ाव पर स्थित प्राचीन कुएं की भी परिक्रमा की जाती है। मान्यता है कि देवताओं ने यहां विश्राम किया और इसी कुएं का जल ग्रहण किया था। परिक्रमा दल आज मंदरवा में विश्राम करेगा। चक्र तीर्थ के प्रधान पुजारी ने बताया कि मंदरवा में मांडव ऋषि ने दीर्घकाल तक तपस्या की थी। स्थानीय परंपरा के अनुसार महर्षि दधीचि को यहां लोटा-डोरी दान में दी गई थी,

जिसके कारण परिक्रमा के दौरान श्रद्धालु लोटा एवं डोरी का दान करते हैं। परिक्रमार्थी मंदरवा में स्थित प्राचीन कुएं एवं मंदिर में मांडव ऋषि की प्रतिमा के दर्शन करते हैं। यहां वाल्मीकि कुएं पर लोटा-डोरी दान की विशेष मान्यता है।

इसी क्षेत्र में महर्षि वाल्मीकि का आश्रम भी बताया जाता है, जहां उन्होंने तपस्या की थी। मार्ग में स्थित प्राचीन धार्मिक स्थलों पर परिक्रमार्थी दर्शन कर रात्रि विश्राम करते हैं। इस बीच मिश्रिख की पंचकोसी परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थाई बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे। अधिशासी अभियंता सिधौली श्री शैलेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि परिक्रमा करने वालों को आधार कार्ड की प्रति एवं एक हजार रुपये सुरक्षा धनराशि जमा करनी होगी। वास्तविक बिल की कटौती के बाद शेष राशि वापस कर दी जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं को अंधेरे या मोमबत्ती के सहारे रहने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

# आशुतोष पाण्डेय से पीड़ित काशी आया शंकराचार्य के शरण में

**वाराणसी।** ज्योतिष्पी ठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज को अपनी छोटी बच्ची के यौन शोषण के आरोप में फंसाने के लिए आशुतोष पाण्डेय ने जिस व्यक्ति को आर्थिक सहयोग का प्रलोभन दिया था, वह व्यक्ति सोमवार को शंकराचार्य जी की शरण में आया और पूरी सच्चाई उजागर की।

शाहजहांपुर निवासी पत्रकार रमाशंकर दीक्षित ने शाम को केदारघाट स्थित श्री विद्या मठ में पहुंचकर पत्रकारों के समक्ष बताया कि हिस्ट्रीशीटर आशुतोष पाण्डेय ने अपने सहयोगी के माध्यम से फोन पर उनसे बात की और कहा कि तुम शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर आरोप लगा दो कि उन्होंने हमारी छोटी बच्ची के साथ यौन शोषण किया था। हम तुम्हारी आर्थिक सहायता करेंगे। रमाशंकर दीक्षित ने शंकराचार्य जी और पत्रकारों से कहा कि उनके पिताजी भी दंडी संन्यासी थे।

इसलिए उन्होंने आशुतोष पाण्डेय को साफ मना कर दिया कि भगवान ने हमें जितना दिया है, उसमें हम संतुष्ट हैं। हम शंकराचार्य जी को झूठे आरोप में फंसाने का पाप नहीं कर सकते। उन्होंने इस पूरी घटना को एक सादे कागज पर लिखकर अपना हस्ताक्षर किया और शंकराचार्य जी को सौंप दिया। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सच ऐसे ही सामने आएगा।

# राज्यपाल ने लोहिया संस्थान में पीआरए भवन के शिलान्यास संग किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के अंतर्गत राम प्रकाश गुप्ता मेमोरियल मातृत्व शिशु चिकित्सालय परिसर में मरीजों के तीमारदारों के लिए 'पेशेंट रिलेटिव अकोमोडेशन (पीआरए)' भवन का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।

इसके साथ ही उन्होंने संस्थान के रेडियोलॉजी डायग्नोस्टिक ब्लॉक में सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं का लोकार्पण भी किया। लोकार्पण के बाद राज्यपाल ने रेडियोलॉजी विभाग का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं की



जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पीआरए भवन दूर-दराज से आने वाले मरीजों के परिजनों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन के उपयोग के लिए स्पष्ट नियम बनाए जाएं,

ताकि गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर सुविधा मिल सके। राज्यपाल ने अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और बाहरी खाद्य पदार्थों के अनियंत्रित प्रवेश पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता, अनुशासन और निर्धारित आहार व्यवस्था का पालन मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने में सहायक होगा। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के मार्गदर्शन के लिए 'गर्भ संस्कार' केंद्र स्थापित करने का सुझाव भी दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पीआरए भवन का शिलान्यास और अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर का लोकार्पण प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने संस्थान के चिकित्सकों और कर्मचारियों की सेवाओं की सराहना की। इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, संस्थान के निदेशक प्रो- (डा.) सी-एम- सिंह, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सुरजन नगर पुलिस चौकी में शांति समिति की बैठक संपन्न सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली और रमजान मनाने की अपील

**सुरजन नगर।** आगामी होली के पर्व और पवित्र माह-ए-रमजान को दृष्टिगत रखते हुए, सुरजन नगर पुलिस चौकी परिसर में एक महत्वपूर्ण शांति एवं अमन बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना और त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना रहा।घ्बैठक की अध्यक्षता सीओ आशीष प्रताप सिंह ने की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और पीस कमेटी के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे का प्रतीक हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया का संयम से उपयोग करें।घ्थाना प्रभारी मनोज परमार और एसएसआई बृजेंद्र सिंह ने सुरक्षा व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। हुड़दंग करने वालों और शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर पैनी नजर रखी जाएगी। चौकी प्रभारी ओमकार सिंह ने चौकी क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों से संवाद कर स्थानीय समस्याओं को सुना और त्योहारों के दौरान उचित व्यवस्था बनाए रखने का आग्रह किया।घ्बैठक में उपस्थित पीस कमेटी के सदस्यों और ग्रामीणों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। पुलिस अधिकारियों ने निर्देश दिया कि जुलूस और इबादत के समय निर्धारित नियमों का पालन किया जाए ताकि सभी नागरिक हर्षोल्लास के साथ अपने-अपने त्योहार मना सकें। इस मोके पर सुरजननगर चौकी उप निरिक्षक सतेंद्र बालियान,अंकित मित्तल, अरुण कुमार, कुलदीप कुमार, विपिन राजपूत,राममोहन शर्मा आदि पुलिस बल व चौकी क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे।

### आओ हाथ बढ़ाएं एक पहल मदद की चैरिटेबल ट्रस्ट ने बुद्धि विहार में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

**मुरादाबाद।** शहर के बुद्धि विहार क्षेत्र में चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं द्वारा मंगलवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। ट्रस्ट कार्यालय में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। ट्रस्ट का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिसके तहत यह शिविर आयोजित किया गया।शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष अग्रवाल ने लोगों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान मरीजों को आंखों की देखभाल संबंधी आवश्यक परामर्श दिया गया तथा जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर में बुजुर्गों के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों की भी जांच की गई।ट्रस्ट द्वारा संचालित ट्यूशन सेंटर में अध्ययनरत बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच भी कराई जाती है, ताकि उनके शारीरिक विकास और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा सके। इसी क्रम में शिविर के दौरान बच्चों को हाइजीन किट वितरित की गई। बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए रोजमर्रा की जिंदगी में साफ-सफाई अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजली पांडेय, राघव रस्तोगी, सनी सेठी, अर्पित शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने बताया कि ट्रस्ट भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाई जा सके। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की।

### शंकराचार्य का अपमान पूरे सनातन का अपमान है: अजय राय

**वाराणसी।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मंगलवार को ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से श्री विद्यामठ में मिलने पहुंचे। श्री राय ने कहा कि शंकराचार्य का अपमान पूरे सनातन धर्म का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाने वालों के साथ पुलिस अधिकारियों द्वारा जन्मदिन मनाए जाने की तस्वीरों का हवाला देते हुए कहा कि इन लोगों ने घोर पाप किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार में संतों और ब्राह्मणों का अपमान हो रहा है। जो व्यक्ति धर्म की रक्षा करता है और धर्म के मुद्दों पर आवाज उठाता है, उसकी आवाज को दबाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा बटुकों का सम्मान करने पर उन्होंने टिप्पणी की, घ्इस्तीफा देकर सड़क पर आएं। बटुकों का सम्मान उनका दिखावा है। उन्हें सीधे शंकराचार्य जी के पास आना चाहिए था। यहां आकर माफी मांगनी चाहिए और जिन बटुकों की शिखा खींची गई, उनसे भी माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गेरुआ वस्त्र पहनकर सारे गलत काम किए जा रहे हैं। यदि वे संत होते तो संत का अपमान नहीं होने देते और संतों के साथ खड़े रहते। प्रधानमंत्री से उनकी मांग है कि मुख्यमंत्री गलत कर रहे हैं और शंकराचार्य जी पर फर्जी मुकदमे लगाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री को इस मुद्दे पर आगे आना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और पुलिस मिलकर पूज्य शंकराचार्य जी पर फर्जी मुकदमे लगाने का प्रयास कर रही है।

### कैरियर मार्गदर्शन व परामर्श कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला की पंख पत्रिका 'लक्ष्य' का विमोचन

**कुंदरकी।** कैरियर मार्गदर्शन व परामर्श कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला की पंख पत्रिका 'लक्ष्य' का विमोचन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में किया गया। पंख पत्रिका लक्ष्य का विमा. चन जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा , राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त प्रधानाचार्य डॉ अनुज अग्रवाल तथा जिला समन्वयक डॉ सुनीता चौधरी के कर कमलों द्वारा किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक जी ने पत्रिका की सराहना करते हुए कहा कि श्लक्ष्यश विषय पर केंद्रित यह पत्रिका विद्यार्थियों को सही दिशा दिखाने और जीवन में उद्देश्य निर्धारित करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने टीम श्पंखश के प्रयासों को सराहा और कहा कि ऐसी पत्रिकाएं युवाओं की रचनात्मकता और वैचारिक शक्ति को निखारने का एक सशक्त माध्यम हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश कुमारी कहा कि यह पत्रिका विद्यार्थियों को अपने जीवन के लक्ष्य को निर्धारित करने में सही दिशा प्रदान करेगी।

# पंचायत दुकानों के संचालन में अनियमितताएं, तीन सचिवों को नोटिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कानपुर।** कानपुर के ग्राम सचेंडी (ब्लॉक कल्याणपुर) में ग्राम पंचायत से निर्मित दुकानों के आवंटन और राजस्व प्रबंधन में पाई गई गंभीर अनियमितताओं पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सीधे हस्तक्षेप करते हुए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की है। उनके निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार द्वारा कराई गई जांच में ग्राम निधि को 10,31,800 रुपये

की राजस्व देनदारी सामने आई है। प्रकरण में ग्राम प्रधान उर्मिला देवी तथा तत्कालीन सचिव राकेश झा, शैली राठौर और सुशील वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। जांच में पाया गया कि वर्ष 2015 में ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित 23 दुकानों के आवंटन में निर्धारित शर्तों का समुचित अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया गया।

कई दुकानों पर मूल आवंटी के स्थान पर अन्य व्यक्तियों द्वारा संच. ालन पाया गया। निर्धारित किराया नियमित रूप से ग्राम पंचायत खाते में जमा नहीं कराया गया। रिपोर्ट में किराया वसूली और बैंक जमा अभिलेखों में अंतर दर्ज किया गया है। कुछ दुकानों का किराया अभिलेखों में शून्य अंकित था, जबकि मौके पर दुकानें संचालित मिलीं। किराया दरों का समयानुसार पुनरीक्षण नहीं किया गया। आवंटन पत्र, अनुबंध और शर्तों से संबंधित अभिलेख व्यवस्थित रूप से सुरक्षित नहीं पाए गए। लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्र में निर्मित पंचायत उद्योग भवन को आय सृजन के उद्देश्य से उपयोग में नहीं लाया गया।

जांच में यह भी उल्लेख है कि पंचायत की आय बढ़ाने हेतु अपेक्षित सक्रिय प्रयास नहीं किए गए, जिसके परिणामस्वरूप ग्राम निधि पर 10,31,800 रुपये की राजस्व देनदारी आई। पंचायत स्तर पर यह राशि महत्वपूर्ण मानी जाती है। नोटिस में संबंधित पदाधिकारियों को 15 दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण साक्ष्य सहित प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। संतोषजनक उत्तर न मिलने की स्थिति में नियमानुसार वित्तीय दायित्व निर्धारण एवं विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बकाया राजस्व की वसूली की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जा रही है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा है कि पंचायत संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा। ग्राम निधि को नुकसान पहुंचाने के मामलों में दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# आगरा न्यायालय परिसर में बम की अफवाह से अफरातफरी मची

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के दीवानी परिसर में मंगलवार को बम होने की सूचना से अफरा-तफरी मच गई, जिसके चलते न्यायिक कार्य अस्थाई रूप से रोक दिया गया।

सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और एसएसएफ की टीमों ने पूरे दीवानी परिसर में सघन चेकिग अभियान चलाया।

चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जानकारी के अनुसार किसी आधिकारिक ईमेल आईडी पर बम होने की सूचना भेजी गई थी। इसके बाद कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर तैनात की गई। खुफिया विभाग के अधिकारी भी परिसर पहुंच गए।

एहतियातन दीवानी परिसर के तीनों गेट बंद कर दिए गए और बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। धीरे-धीरे परिसर को खाली कराया गया तथा अंदर खड़े वाहनों की जांच के साथ कई लोगों की तलाशी भी ली गई। अदालत कक्षों में भी व्यापक जांच की गई। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। सर्विलांस टीम यह पता लगाने में जुटी है कि बम संबंधी ईमेल कहां से भेजा गया।

# छह साल की असरा ने रखा अपना पहला रोजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही में मुकद्दस माह-ए-रमजान के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग इबादत में मशगूल हैं। बड़े-बुजुर्गों के साथ कई बच्चे भी अल्लाह की रजा हासिल करने के लिए रोजा रख रहे हैं।

कालीन नगरी भदोही के सरोई निवासी जमान कदीर अंसारी की छह वर्षीय बेटी असरा ने नन्ही उम्र में अपना पहला रोजा रखा। परिजनों ने बताया कि असरा ने पूरे उत्साह के साथ रोजा रखा और इबादत में हिस्सा लिया। असरा के पहले रोजे (रोजा कुशाई) के अवसर पर घर में खुशी का माहौल रहा। इफ्तार के लिए विभिन्न व्यंजन तैयार किए गए और परिजनों व परिचिंतों ने उसे मुबारकबाद दी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रमजान के पवित्र महीने में कई परिवारों के बच्चे रोजा रखने के साथ नमाज भी अदा कर रहे हैं। इस अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है।

# होली पर अतिरिक्त बसों का संचालन सुनिश्चित करें: प्रभु एन सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन- सिंह ने होली पर्व को देखते हुए बस संचालन, यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। मंगलवार को उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में सभी क्षेत्रों की व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। एमडी प्रभु एन- सिंह ने निर्देशित किया कि होली के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने कहा कि सभी चालक एवं परिचालक पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करें और यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने बसों की तकनीकी स्थिति को बेहतर बनाए रखने के लिए सभी वाहनों की 13 एवं 31 बिदुओं पर नियमित और अनिवार्य जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बसों की जांच में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एमडी ने यह भी निर्देश दिया कि सभी चालक एवं परिचालक प्रत्येक निर्धारित स्टॉप पर बस को अनिवार्य रूप से रोकें और यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि होली के दौरान विशेष परिवहन योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए सुचारु और सुरक्षित बस संच. ालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यात्री सुविधा, सुरक्षा और समयबद्ध सेवा सुनिश्चित कर रोडवेज की सेवाओं को और बेहतर बनाया जाए।

# जनप्रतिनिधियों और अफसरों के बीच बेहतर समन्वय के लिए 'संवाद सेतु' की शुरुआत कल से

**लखनऊ।** जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच संवाद को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार 25 फरवरी से 'संवाद सेतु' (जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर) व्यवस्था लागू करने जा रही है। इस नई प्रणाली की शुरुआत पायलट प्रॉजेक्ट के रूप में गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज जनपदों में की जाएगी।

समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने इस संबंध में तीनों जिलों के जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए समयबद्ध तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा है, ताकि व्यवस्था का सुचारु संचालन किया जा सके। नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक जनपद में जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर स्थापित किया जाएगा। यदि किसी अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधि की कॉल 10 मिनट के भीतर रिसीव नहीं की जाती या कॉल बैक नहीं किया जाता है, तो जनप्रतिनिधि कमांड सेंटर को इसकी सूचना दे सकेंगे। इसके बाद कमांड सेंटर संबंधित अधिकारी को तुरंत कॉल बैक करने के निर्देश देगा और संवाद सुनिश्चित करेगा।

# पुलिस ने पहले क्यों नहीं दर्ज किया मुकदमा: अविमुक्तेश्वरानंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने मंगलवार को पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि किसी नाबालिग ने आरोप लगाया था तो पुलिस ने पहले पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज क्यों नहीं किया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने आरोप लगाया कि एक पुलिस अधिकारी की तस्वीरें एक हिस्ट्रीशीटर के साथ जश्न मनाते हुए सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि 18 फरवरी को मौनी अमावस्या के दिन उन्हें संगम नोज पर रोका गया था। उसी दिन शाम को एक तथाकथित महाराज ने उनके खिलाफ मुकदमा दायर किया और आरोप लगाया कि उनके शिष्य मुकुंदानंद ने उन्हें पटककर गला दबाया।

उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या जैसे पर्व पर, जब भारी भीड़ होती है, ऐसे गंभीर आरोप लगाना संदेह पैदा करता है। दूसरा आरोप यह लगाया गया कि उन्होंने पालकी से कोई वजनदार वस्तु फेंकी, जिससे बड़ी घटना हो सकती थी। स्वामी ने कहा कि वे दिनभर मीडिया कैमरों के सामने मौजूद थे और कोई साक्ष्य नहीं मिलने के कारण पुलिस ने प्रारंभ में मामला दर्ज नहीं किया। बाद में नया मामला यौन उत्पीड़न का सामने लाया गया। उन्होंने प्रश्न उठाया कि यदि कोई लड़का आरोप लगा रहा था तो उसी दिन पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मेडिकल परीक्षण क्यों नहीं कराया गया। उनका कहना था कि अदालत के आदेश के बाद ही प्राथमिकी दर्ज की गई। उधर, अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दर्ज मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि जांच किसी स्वतंत्र या केंद्रीय एजेंसी से कराई जानी चाहिए। अजय राय ने पत्र में लिखा कि यदि किसी शीर्ष धर्माचार्य के विरुद्ध ऐसी परिस्थितियां बनती हैं, जिससे शासन और आध्यात्मिक परंपरा के बीच टकराव की धारणा बने, तो व्यापक धार्मिक समाज में असंतोष उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह विषय केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि आस्था, संवैधानिक अधिकार और शासन की निष्पक्षता से जुड़ा हुआ है।

# दिनदहाड़े बदमाशों ने की गोली मारकर हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में हुई हत्या की खौफनाक वारदात ने हर किसी को हिला कर रख दिया है। नितिन नागर को पहले दिनदहाड़े करीब से गोलियां मारीं और फिर चाकू से गोद डाला। इस खूनी वारदात से पूरे गांव में दहशत फैल गई है।

करीब डेढ़ साल पहले ईकोटेक प्रथम कोतवाली के अंतर्गत लुक्सर गांव में लाइटिंग के विवाद में विनय की हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में नितिन मुख्य आरोपी था। जमानत पर बाहर आए नितिन की मंगलवार को कोर्ट में गवाही होनी थी, लकिन कोर्ट पहुंचने से पहले ही उसे मौत की नींद सुला दिया गया।

मामूली कहासुनी कैसे खूनी वारदात में बदली? इन दो हत्याओं के पीछे सिर्फ मामूली कहासुनी थी। दरअसल, लुक्सर गांव में रेल पटरी लाइन के पास बाजार लगता है। इस बाजार में नितिन और विनय बैटरी सप्लाई करने का काम करते थे। इसी बीच बैटरी सप्लाई को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई थी। इसी विवाद के चलते डेढ़ साल पहले विनय की हत्या कर दी गई थी। वहीं, अब विनय हत्याकांड के मुख्य आरोपी नितिन नागर की मंगलवार को दिनदहाड़े गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने गोलियां मारने के बाद चाकू से भी ताबड़तोड़ वार किए।



**पत्नी के सामने दौड़ा-दौड़ाकर मारी गोलियां:** लुक्सर गांव में मंगलवार को दिन दहाड़े सचिन समेत तीन लोगों ने पत्नी स्वेता की आंखों के सामने पति नितिन नागर (30) की गली में दौड़ा-दौड़ा कर गोलियों और चाकू से करीब छह वार कर निर्मम हत्या कर दी। घटना के समय रास्ते में छह से सात बच्चे थे, फिर भी आरोपी फायरिंग करते रहे। पति को बचाने पहुंची पत्नी पर भी पिस्टल तान कर खौफजदा कर दिया। गोलियां चलने से गाली में मौजूद लोगों ने भागकर खुद को बचाया। वारदात को अंजाम देकर हत्यारोपी भाग निकले। वहीं, पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। अन्य आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं।

हत्या की वारदात लुक्सर गांव में सुबह करीब 10 बजे की है। नितिन नागर पुत्र स्व. फिरेलाल आरओ पानी प्लांट और ई-रिक्शा की एजेंसी का संचालन करता था। 17 अगस्त 2024 में गांव निवासी विनय की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। पांच के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज था। इसमें नितिन नागर मुख्य आरा. ेपी था। पुलिस ने उसे जेल भेजा था।

पिछले वर्ष रक्षा बंधन से तीन दिन पहले नितिन जेल से जमानत पर बाहर आया था। उक्त मामला अदालत में लंबित है। पत्नी स्वेता के मुताबिक, मंगलवार को पुराने मामले में गौतमबुद्ध नगर की अदालत में पति की गवाही होनी थी। इसी के चलते वह तैयार होकर पास की गली में दोस्त के घर गए थे।

10 **बजे घर से निकले थे नितिन:** बताया कि करीब 10 बजे दोस्त के घर से निकल कर मुख्य रास्ते पर अपने घर की तरफ जा रहे थे। रास्ते में छह से सात बच्चे भी खेल रहे थे। इसी बीच दूसरी गली से गांव निवासी सचिन समेत तीन आरोपी पिस्टल व चाकू लेकर निकले। एक आरोपी ने पास में पहुंच कर नितिन पर गोली चला दी। झुक कर गोली से बच कर नितिन घर की तरफ भागे। तभी दूसरे आरोपी ने गोली चला दी।

वहीं, घर के सामने नाली में पैर जाने से नितिन गिरा और उठकर भागने का प्रयास किया। तभी दो आरोपियों ने उसे दोबारा गिरा दिया। एक आरोपी ने दोबारा पिस्टल लोड कर चार गोलियां मारीं, पीछे से पहुंचे तीसरे आरोपी ने गर्दन समेत अन्य हिस्सों पर चाकू से वार कर मरणासन्न कर दिया।

**गोलियों की आवाज सुनकर दौड़ी पत्नी:** उधर, गोलियों की आवाज सुनकर पत्नी स्वेता घर का गेट खोल कर बाहर निकली तो एक आरोपी ने उस पर पिस्टल तान दी। इससे डर कर वह दुबक गई, इसी बीच आरोपी घटना को अंजाम देकर भाग निकले। पत्नी के शोर मचाने पर पहुंचे परिजनों ने खून से लथपथ नितिन को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

एडीसीपी सुधीर कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अन्य आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने चुना मोबिलिटी पार्टनर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (NIA) ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने Mann Fleet Partners Limited को अपना मोबिलिटी सर्विस पार्टनर चुना है। यह कंपनी एयरपोर्ट पर यात्रियों और कर्मचारियों के लिए ग्राउंड ट्रांसपोर्ट की सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

समझौते के तहत Mann Fleet एयरपोर्ट पर कई तरह की सेवाएं चलाएगी। जिसमें एक्सक्लूसिव रेंटल कार सर्विस, यात्रियों के लिए अलग पिक-अप और ड्रॉप-ऑफ पॉइंट बनाए जाएंगे, ताकि उन्हें कम चलना पड़े। इंट्रा-टर्मिनल बस शटल के तहत एयरपोर्ट कैंपस के अंदर आने-जाने के लिए बसें चलेंगी। इंट्रा-सिटी शटल सर्विस के तहत एयरपोर्ट को शहर के प्रमुख स्थानों से जोड़ा जाएगा। जिसके तहत परिचौक , बॉटेनिकल गार्डन और ग्रेटरनोएडा वेस्ट शामिल है। इसके अलावा और भी रूटों को जोड़ा जाएगा।

इस मौके पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के CEO Christoph Schnellmann ने कहा कि बेहतर ट्रांसपोर्ट सुविधा किसी भी वर्ल्ड-क्लास एयरपोर्ट के लिए जरूरी है। Mann Fleet के साथ यह साझेदारी यात्रियों और कर्मचारियों की यात्रा को आसान और आरामदायक बनाएगी।" वहीं कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर ।उतपज डंदद ने कहा कि यह साझेदारी हमारी क्षमता और अनुभव का प्रमाण है। हमारा लक्ष्य एक भरोसेमंद और ग्राहक-केंद्रित मोबिलिटी सिस्टम तैयार करना है।

**कनेक्टिविटी को मिलेगा बढ़ावा:** एयरपोर्ट प्रबंधन ने बताया कि यह व्यवस्था पहले से किए गए समझौतों को और मजबूत करेगी। हाल ही में एयरपोर्ट पर ट्रांसपोटेशन के लिए उत्तर प्रदेश स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन, दिल्ली ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन , हरियाणा रोडवेज और उत्तराखंड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन के साथ एमओयू हो चुके है।

## निर्यातकों के कारोबार में उछाल आया

**नोएडा।** जिले में निर्यातकों के कारोबार में उछाल आने लगा। बीते दो सप्ताह में 10 प्रतिशत से अधिक ऑर्डर मिले हैं। कपड़ों के अलावा हस्तशिल्प और ऑटो पार्ट्स सेक्टर में मांग बढ़ी है। इससे जिले के निर्यातक राहत महसूस कर रहे हैं। उन्हें जल्द ही स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। जिले के निर्यातकों का सबसे ज्यादा कारोबार अमेरिका, यूरोप और अफ्रीकी देशों से होता है। कपड़े, हस्तशिल्प, हथकरघा, ऑटो पार्टस सहित इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का अधिक निर्यात होता है। बीते छह से आठ महीनों में विश्व के देशों में बढ़ रहे तनात और टैरिफ की वजह से कारोबार में 30 से 40 प्रतिशत तक गिरावट आई थी। शहर के निर्यातकों ने नए देशों में बाजार तलाशने के अलावा घरेलू स्तर पर निर्यात को बढ़ाने का प्रयास किया। इसके बावजूद हालात नहीं सुधर रहे थे।

# इंश्योरेंस पॉलिसी मैच्योर कराने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने इंश्योरेंस पॉलिसी मैच्योर कराने के नाम पर लोगों से ठगी करने के आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से मोबाइल, लैपटॉप और नगदी समेत अन्य सामान बरामद हुआ। आरोपी की पहचान 27 वर्षीय अमन कुमार के रूप में हुई है। वह फिरोजाबाद का रहने वाला है। डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि एनसीआरपी पोर्टल पर 23 फरवरी को दर्ज शिकायतों की जांच के दौरान कुछ संदिग्ध मोबाइल नंबर सामने आए। इन नंबरों की तकनीकी जांच और लोकल इंटेलीजेंस की मदद से पुलिस ने नोएडा से आरोपी को पकड़ लिया।

जांच में सामने आया कि अमन कुमार लोगों को फोन कर उनकी इंश्योरेंस पॉलिसी मैच्योर होने का



झांसा देता और प्रोसेसिंग फीस या अन्य चार्ज के नाम पर रुपये अपने बैंक खातों में ट्रांसफर करा लेता। आरोपी के बैंक खातों के खिलाफ उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से कुल दो शिकायतें दर्ज हैं। इन खातों में करीब 2.88 लाख रुपये की रकम आई। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस गिरोह में और कौन-कौन शामिल है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, 10 हजार रुपये और तीन बैंक खातों की स्टेटमेंट मिली। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि इंश्योरेंस पॉलिसी मैच्योर कराने के नाम पर यदि कोई अज्ञात व्यक्ति रुपये मांगे तो सावधान हो जाएं। ऐसे कॉल और मैसेज अक्सर ठगी के होते हैं। किसी भी तरह की जानकारी या भुगतान करने से पहले संबंधित बैंक या कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट से जांच अवश्य करें। व्हाट्सऐप या फोन कॉल पर आए संदिग्ध संदेशों पर भरोसा न करें और तुरंत साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

## एक नजर

### ग्रेनो की आधुनिक टाउनशिप में औद्योगिक भूखंडों की योजना शुरू

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा की आधुनिक इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में औद्योगिक भूखंडों की योजना में आवेदन करने की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। योजना की आखिरी तारीख 16 मार्च है। योजना में बड़े आकार के आठ से अधिक भूखंड शामिल हैं। इससे शहर में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। भूखंडों का आवंटन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। इस योजना में बड़ा निवेश आने की संभावना है। कई विदेशी कंपनियां भी ग्रेटर नोएडा में निवेश करने को इच्छुक हैं। दरअसल दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (डीएमआईसी) परियोजना के तहत ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में 750 एकड़ में विकसित की जा रही आधुनिक टाउनशिप में उद्योगों के लिए बड़े आकार के 38 भूखंड हैं, जिनमें से अब तक 29 भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं।टाउनशिप में हायर इलेक्ट्रॉनिक्स सहित पांच कंपनियों ने उत्पादन शुरू कर दिया है।

### फिजियोथेरेपी विभाग शिफ्ट होने से मरीजों की दिक्कत बढ़ेगी

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** जिला अस्पताल के फिजियोथेरेपी विभाग पांचवीं मंजिल पर शिफ्ट किया जाएगा। इससे फिजियोथेरेपी कराने वाले मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है, क्योंकि फिजियोथेरेपी कराने वाले ज्यादातर मरीजों को चलने में दिक्कत होती है। वर्तमान में यह पहली मंजिल पर है। प्रत्येक दिन जिला अस्पताल में 30 से अधिक मरीज फिजियोथेरेपी कराने आते हैं। फिजियोथेरेपी का समय भी ओपीडी के समय के अनुसार ही रहता है। ऐसे में लिफ्ट में सामान्य मरीजों की भीड़ काफी होती है। इससे फिजियोथेरेपी के मरीजों को पांचवीं मंजिल तक पहुंचने में कठिनाई हो सकती है। कई बार तो लिफ्ट में चढ़ने को लेकर मरीजों के साथ हाथापाई भी हो चुकी है।

आए दिन अस्पताल की दो से तीन लिफ्ट बंद रहती हैं, इससे बाकी बचे तीन से चार लिफ्ट ही मरीजों के लिए उपलब्ध होता है। जिला अस्पताल में ओपीडी में प्रत्येक दिन 3500 से अधिक मरीज इलाज के लिए आते हैं।

### 1.66 करोड़ से बनेगी भंगेल एलिवेटेड रोड के नीचे की सड़क

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** अगाहपुर सेक्टर-40 से सेक्टर-82 एनएसईजेड तक बने 4.5 किलोमीटर भंगेल एलिवेटेड रोड के नीचे की सड़क और नाली 1.66 करोड़ रुपये की लागत से बनेगी। सेतु निगम ने टेंडर जारी किया है। निर्माण एजेंसियों से 6 मार्च तक आवेदन मांगे गए हैं।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि मई तक काम पूरा करने का लक्ष्य है। 6 लेन का एलिवेटेड रोड वाहनों के लिए 18 नवंबर 2025 को खुला था लेकिन नीचे की सड़क उखड़ी पड़ी हुई है। अब सेतु निगम इस सड़क को बनवाएगा। इसके साथ ही सड़क और नाली निर्माण, बीच में पड़ने वाले तिराहे-चौराहे पर मोड़ बनाने समेत अन्य काम के लिए दो टेंडर जारी किए गए हैं। एक टेंडर 84 लाख 75 हजार तो दूसरा 81 लाख 27 हजार रुपये का है। एलिवेटेड रोड के नीचे की यह सड़क सेक्टर-40,अगाहपुर 41, 48, 49 बरौला, भंगेल, सलारपुर की आवागमन की प्रमुख सड़क है। इसके साथ ही 7 एक्स सेक्टरों के निवासी भी इस सड़क से सेक्टर-44 और 18 की तरफ जाते हैं।

### नोएडा में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, कई सेक्टरों में कार्रवाई

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा प्राधिकरण द्वारा शहर को जाममुक्त और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। प्राधिकरण की वर्क सर्किल-1 से 10 की टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया।

प्राधिकरण की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सेक्टर-6, डीएससी रोड, अट्टा मार्केट, एक्सप्रेस-वे के समानांतर 45 मीटर रोड, सेक्टर-63, सेक्टर-70, सेक्टर-120, नया गांव मंडी, सेक्टर-87, सेक्टर-85, सेक्टर-133 व 134 के मध्य मार्ग, नंगला-नंगली, सेक्टर-129 व 132 के मध्य मार्ग तथा ग्राम कौंडली में कार्रवाई की गई। इस दौरान अनधिकृत वेंडर्स, ठेली-पटरी और अन्य अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि सड़कों और सार्वजनिक स्थानों को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए यह अभियान निरंतर चलाया जाएगा। विभिन्न स्रोतों से अवैध वेंडिंग और अतिक्रमण की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं, जिनके समाधान के लिए यह विशेष अभियान शुरू किया गया है।

# प्रेमी के साथ मिलकर पति को मार डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के देवला गांव में किराये के मकान में रहने वाली महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर सोमवार की शाम पति की गला घोटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले का खुलासा कर मंगलवार को आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुता. बिक मूलरूप से बुलंदशहर के बेलोन गांव का रहने वाला 30 वर्षीय विजय देवला गांव में अपनी पत्नी के साथ किराये के मकान में रहता था। विजय कूलर बनाने की फैक्टरी में काम करता था। पुलिस को सोमवार की रात विजय की संदिग्ध हालात में मौत की सूचना मिली।

पुलिस ने संदेह होने पर विजय की पत्नी राखी से पूछताछ की तो सच सामने आया।

पुलिस ने महज बारह घंटे में हत्याकांड का खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी पत्नी राखी ने अपने प्रेमी गुरदीप के साथ मिलकर पति विजय की हत्या की थी। पुलिस ने घटना का खुलासा कर मंगलवार की सुबह दोनों आरोपियों को मोजर बेयर गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में राखी ने बताया कि पति विजय प्रेमप्रसंग में बाधा बन रहा था। इसके चलते उसने प्रेमी के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाने की साजिश रची। उसने सोमवार को अपने प्रेमी गुरदीप को फोन करके कमरे पर बुलाया। इसके बाद दोनों ने गला घोटकर विजय की हत्या कर दी।

## तीन पार्किंग चलाने के लिए टेंडर जारी

**नोएडा।** सेक्टर-1, 3 और पांच में पार्क के नीचे बनी पार्किंग के संच. ालन और देखरेख के लिए एक बार फिर से प्राधिकरण ने टेंडर जारी किया है। इसमें पांच मार्च तक आवेदन किया जा सकता है। इससे पहले दो बार टेंडर जारी किया जा चुका है, लेकिन एजेंसी का चयन नहीं हुआ। अभी तक जो एजेंसी तीनों पार्किंग का संचालन कर रही है, उसके अनुबंध का समय पूरा हो गया है।

ऐसे में नई एजेंसी का चयन किया जाना जरूरी है। कुछ सुविधाओं को भी जोड़ा जाना है। इसी के तहत प्राधिकरण दो महीने से टेंडर जारी कर रहा है, लेकिन एजेंसी का चयन नहीं हो सका है। अब एक बार फिर एजेंसी के चयन के लिए टेंडर जारी किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि तीनों जगह पार्किंग में करीब 1200 वाहन खड़े हो सकते हैं।

# तेलंगाना के एफसीडीए प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा का किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** तेलंगाना सरकार के फ्यूचर सिटी डेवलपमेंट अथॉरिटी का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहुंचा। प्रति. निधिमंडल की तरफ से बताया गया कि तेलंगाना सरकार की तरफ से हैदराबाद के नजदीक एक टाउनशिप विकसित करने की योजना है। औद्योगिक टाउनशिप होने के नाते जानकारी प्राप्त करने ग्रेटर नोएडा आए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर जमीन अधिग्रहण से लेकर आवंटन तक की प्रक्रिया और नीतियों को जानकारी साझा की। प्रतिनिधिमंडल में फ्यूचर सिटी डेवलपमेंट अथॉरिटी के डिप्टी कलेक्टर (स्पेषल ग्रेड) वेंकटेश्वर लू, प्लानिंग ऑफिसर स्नेहमाला, डिप्टी एक्जीक्युटिव इंजीनियर वेंकट किरन और सहायक अर्बन प्लानर अक्षय कुमार शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल के साथ एसीईओ सुमित यादव महाप्र. बंधक वित्त स्वतंत्र गुप्ता, प्रधान महाप्र. बंधक संदीप चंद्रा, ओएसडी नवीन कुमार सिंह, प्रबंधक अरविंद मोहन समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक की। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा और आईआईटीजीएनएल के इंफ्रास्ट्रक्चर, नियोजन, बिल्डिंग प्लान, आवंटन प्रक्रिया समेत तमाम पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की। प्राधिकरण के नियोजन विभाग की तरफ से मास्टर प्लान, सेक्टर ले-आउट, बिल्डिंग बायलॉज, बसावट, जमीन अधिग्रहण की सभी धाराओं, किसानों को दिए जाने लाभ आदि की जानकारी दी गई। परियोजना विभाग ने ग्रेटर नोएडा के इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में जानकारी दी। वित्त विभाग के महाप्रबंधक स्वतंत्र गुप्ता ने वित्तीय मॉड्यूल प्रस्तुत किया। प्राधिकरण को स्ववित्त पोषित बनाने की प्रक्रिया को समझाया गया। प्राधिकरण के उद्योग विभाग के प्रबंधक अरविंद मोहन सिंह ने ग्रेटर नोएडा में लागू औद्योगिक नीतियों, योजनाओं और आवंटन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने आईआईटीजीएनएल के इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का भ्रमण भी किया। टाउनशिप के प्लग एंड प्ले सिस्टम, वेस्ट प्रोसेसिग प्लांट, बिजली-पानी की 24 घंटे उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## महिला मित्र के साथ पार्क में बैठे युवक को पीटा

**नोएडा।** सेक्टर-58 थाना क्षेत्र स्थित पार्क में सोमवार दोपहर महिला मित्र के साथ बैठे युवक का थूकने को लेकर तीन युवकों से विवाद हो गया। पार्क में बैठकर भोजन कर रहे युवकों ने थूकने का विरोध किया तो कहासुनी हो गई। मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक बिशनपुरा गांव निवासी युवक सोमवार दोपहर महिला मित्र के साथ पार्क में बैठा था। दोनों आपस में बात कर रहे थे। कुछ ही देर बाद तीन युवक टिफिन लेकर आए और उनसे कुछ ही दूरी पर बैठकर भोजन करने लगे। महिला मित्र के साथ बैठे युवक ने अचानक पीछे गर्दन की और जमीन पर थूक दिया। भोजन कर रहे तीन युवकों ने वहां थूकने से मना किया। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोगों में मारपीट शुरू हो गई। तीन युवकों ने मिलकर युवक को पीट दिया।

# युवराज मौत के बाद पीआईएल दाखिल

## 17 मार्च को होगी सुनवाई, रिस्पांस टीम से लेकर प्राधिकरण से मांगा जवाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोएडा में बार-बार सामने आ रही गंभीर घटनाओं को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और संबंधित एजेंसियों से विस्तृत जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 17 मार्च 2026 तय की है।

याचिकाकर्ता हिमांशु जायसवाल द्वारा दायर पीआईएल में नोएडा क्षेत्र में आवर्ती घटनाओं जिनमें सार्वजनिक सुरक्षा, स्ट्रक्चर जोखिम और आपदा प्रबंधन से जुड़े पहलू शामिल करते हुए प्रभावी रोकथाम उपायों की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान नोएडा प्राधिकरण की ओर से वरिष्ठ वकील और राज्य की ओर से स्टैंडिंग काउंसल ने अदालत से निर्देश प्राप्त करने और काउंटर एफिडेविट दाखिल करने के लिए समय मांगा।

अदालत ने स्पष्ट किया कि अगली तारीख तक उठाए गए प्रस्तावित कदमों का ब्योरा प्रस्तुत किया जाए। याचिका में उत्तर प्रदेश सिचाई विभाग, जिला प्रशासन, पुलिस आयुक्त, स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ) और नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ) को भी पक्षकार बनाया गया है। अदालत के निर्देश के बाद अब इन एजेंसियों के बीच समन्वय और जवाबदेही पर चर्चा तेज हो गई है।

**बेसमेंट में कार डूबने से हुई थी मौत:** 16 जनवरी को रात बता दे ये याचिका हाल ही में नोएडा के सेक्टर-150 में युवराज की मौत के बाद लगाई गई। जिसमें नोएडा प्राधिकरण, जिला प्रशासन, अग्निशमन और पुलिस पर सवालिया निशान लगे थे। युवराज की मौत 16 जनवरी को सेक्टर-150 के एससी-02 ए-3 प्लाट के बेसमेंट में भरे पानी में डूबने से हो गई थी।

**एसआईटी सौंप चुकी है रिपोर्ट:** इस मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक एसआईटी गठन किया था।

पांच दिनों की जांच और 150 से ज्यादा बयान के बाद इसकी रिपोर्ट शासन को भेज दी है। अब तक इस मामले में नोएडा प्राधिकरण के तत्कालीन सीईओ लोकेश एम और एक जेई को ही हटाया गया। जिसके बाद से कोई एक्शन नहीं लिया गया।

# 20 वेंडरों को विधायक ने सौंपा आवंटन पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से निर्मित वेंडिंग जोन में 20 वेंडरों को प्लेटफॉर्म आवंटित कर दिए गए हैं। दादरी विधायक तेजपाल नागर ने एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और एसीईओ प्रेरणा सिंह की मौजूदगी में इन वेंडरों को आवंटन पत्र सौंपा। विधायक ने कहा कि प्राधिकरण के इस पहल से जरूरतमंदों को अपने परिवार के भरण-पोषण का जरिया मिल गया है और दूसरे प्लेटफॉर्म मिल जाने से ये वेंडर रोड के किनारे रेहड़ी नहीं लगाएंगे, जिससे ट्रैफिक की समस्या भी दूर होगी। दरअसल, ग्रेटर प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने रेहड़ी-पटरी वालों को रोजी-रोटी कमाने के लिए मुकम्मल प्लेटफॉर्म देने मकसद से सेक्टर अल्फा टू, बीटा वन व टू, सेक्टर-36, ओमीक्रॉन वन ए व 3, ज्यू-2 व 3, गामा टू, डेल्टा वन व थ्री, पाई-1 व 2 कुल 769 प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं। प्राधिकरण ने अब इनका आवंटन शुरू कर दिया है। दादरी विधायक ने मंगलवार को 20 पात्र आवंटियों को आवंटन पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि वेंडरों को रोजी-रोटी कमाने की मुकम्मल जगह मिल गई है। प्राधिकरण के अर्बन सर्विस विभाग ओएसडी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व में चयनित पात्र आवंटियों में से 109 को प्लेटफार्म देने का निर्णय लिया गया, लेकिन इन पात्र आवंटियों के नामों पर भी आपत्ति आ रही थी। प्राधिकरण ने पूरी पारदर्शिता बरतते हुए सभी एसीईओ की एक समिति से दोबारा वेरिफिकेशन कराया गया, जिसमें से पहले फेज में 20 आवंटियों को प्लेटफार्म देने का निर्णय लिया गया।

# स्काईवॉक को जोड़ने में आईआईटी की मदद ली जाएगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-51-52 मेट्रो स्टेशन के बीच बन रहे स्काईवॉक को दोनों तरफ जोड़ने के लिए आईआईटी की मदद ली जाएगी। सेक्टर-51 स्टेशन की तरफ स्काईवॉक को जोड़ने में बीम बाधा बन रही है। इसे हटाने के संबंध में प्राधिकरण आईआईटी से सेफ्टी रिपोर्ट लेगा। ऐसे में स्काईवॉक को शुरू होने में एक महीने का समय लगने का अनुमान है। सेक्टर-51-52 मेट्रो स्टेशन के बीच स्काईवॉक बनकर तैयार हो चुका है। अब मुख्य रूप से सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन की तरफ स्काईवॉक को जोड़े जाने का काम बाकी रह गया है।

यहां पर स्टेशन की बीम आड़े आ रही है। जिस जगह इसको जोड़ा जाना जाना है, वहां बीचो-बीच यह बीम है। अब इसको हटाए बिना स्काईवॉक से जोड़ा जाना संभव नहीं है। इसे हटाने से संबंधित फाइल करीब चार महीने से चल रही है। पहले प्राधिकरण ने इसको खुद हटाकर नीचे की तरफ दूसरी बीम बनाने का निर्णय लिया था। अब प्राधिकरण ने इस मामले में आईआईटी से मदद लेने का निर्णय लिया है। वहीं, दूसरी तरफ सेक्टर-52 स्टेशन की तरफ जोड़ने में भी अभी कुछ दिक्कतें सामने आ रही हैं। प्राधिकरण के महाप्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि बीम को लेकर आईआईटी से सेफ्टी रिपोर्ट ली जाएगी। इसके बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी। सेफ्टी रिपोर्ट लेने से लेकर वर्तमान बीम को हटाने समेत अन्य काम करने में करीब एक महीने का समय लग जाएगा।

# नोएडा सफाईकर्मियों की मांगों पर बनी सहमति

## भत्ता बढ़ा और मिलेगा मेडिकल बीमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अथॉरिटी के मैनपावर सप्लायर (2.5%) के जरिए काम करने वाले सफाई कर्मचारियों के अलग-अलग संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर एक मेमोरेंडम दिया। अथॉरिटी अधिकारियों और संगठन के प्रति. निधियों के बीच मौके पर ही बातचीत हुई, जिसमें कई मुख्य मांगों पर आम सहमति बनी। तय हुआ कि तेल, साबुन वगैरह के महीने के अलाउंस में तुरंत बढ़ोतरी की जाएगी।

मॉनसून से पहले सभी कर्मचारियों को रेनकोट दिए जाएंगे और उनका डिस्ट्रीब्यूशन पक्का किया जाएगा। मैनपावर सप्लायर के जरिए काम करने वाले कर्मचारियों के लिए मेडिकल इंश्योरेंस की मांग पर भी सहमति बनी।



अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए काबिल लेवल से मंजूरी मिल चुकी है और एजेंसी चुनने का प्रोसेस बाकी है। जल्द ही त्थ्च मंगाई जाएगी और एजेंसी चुनकर मेडिकल इंश्योरेंस लागू किया जाएगा।

मीटिंग में कर्मचारी संगठनों ने सफाई के काम की क्वालिटी सुधारने के लिए पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट के कर्मचारियों को सिविल डिपार्टमेंट में मर्ज करने का भी सपोर्ट किया। अथॉरिटी ने साफ किया कि शहर की सफाई सुधारने और स्वच्छ सर्वे में परफॉर्मेंस बेहतर करने के लिए किए गए इस बदलाव के बारे में सभी स्टेकहोल्डर्स को पूरी जानकारी दी जाएगी।

इस बारे में 26 फरवरी को अपाहिज पंचशील बॉयज इंटर कॉलेज, सेक्टर-91 में एक मीटिंग होगी, जिसमें कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी संगठनों, सफाई कर्मचारियों, सुपरवाइजर, सिविल डिपार्टमेंट के अधिकारियों और लेबर सप्लायर के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

# एलिवेटेड रोड पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** निठारी के पास सोमवार रात एलिवेटेड रोड पर कार अचानक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। राहत की बात यह रही कि कार पलटी नहीं और चालक को चोटें नहीं आईं। हालांकि, हादसे के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर जाम लग गया। थाना प्रभारी ने बताया कि गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी सिद्धांत सोमवार रात अपनी कार से सेक्टर-62 से सेक्टर-18 की ओर जा रहे थे। एलिवेटेड रोड पर जब वह निठारी के पास पहुंचे, तभी उनकी कार का टायर अचानक पंचर हो गया। टायर पंचर होते ही कार का संतुलन बिगड़ गया। सिद्धांत ने कार को संभालने की कोशिश की, लेकिन कार डिवाइडर से टकराकर घूम गई।

गनीमत रही कि कार पलटी नहीं और आसपास चल रहे अन्य वाहनों से भी टक्कर नहीं हुई। हादसे के बाद एलिवेटेड रोड पर यातायात धीमा हो गया और कुछ देर के लिए जाम लग गया। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन बुलाकर क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाया। इसके बाद यातायात सामान्य कराया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ और कार भी नहीं पलटी। समय रहते स्थिति संभल जाने से बड़ा हादसा टल गया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

■ पति समेत चार पर हत्या का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही क्षेत्र के गांव बंशीपुर में 23 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। सूचना पर मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंच गए और फरार पति की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया। ग्रामीणों के समझाने और पुलिस द्वारा कार्रवाई के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

धल्लिया की गौंटिया निवासी मलखान ने बताया कि उन्होंने करीब 10 माह पूर्व अपनी पुत्री सुनीता का विवाह बंशीपुर निवासी राजपाल से हिंदू रीति-रिवाज से किया था। विवाह में सामर्थ्य के अनुसार नकदी व सामान सहित लगभग सात लाख रुपये खर्च किए गए थे। आरोप है कि ससुराल पक्ष विवाह में दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं था और एक लाख रुपये नकद व कीमती सामान की अतिरिक्त मांग कर रहा था। मांग पूरी न होने पर सुनीता के साथ मारपीट की जाती थी तथा पति दूसरी शादी की धमकी देता था। परिजनों के अनुसार सोमवार शाम सुनीता ने फोन पर अपनी मां को मारपीट की जानकारी दी थी। रात करीब ढाई बजे उसका शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। ससुराल पक्ष का कहना है कि फंदे से उतारने तक उसकी मौत हो चुकी थी। आरोप है कि घटना की सूचना मायके पक्ष को नहीं दी गई, बल्कि मृतका के मौसा नन्हे लाल निवासी चनेटा ने उन्हें जानक. ारी दी।

मायके पक्ष के पहुंचने से पहले ही पति फरार हो गया। मृतका के पिता ने पति राजपाल, ससुर मंगल सेन, सास गंगादेई व ननद प्रीति के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। सूचना पर शाही पुलिस, सीओ मीरगंज अजय कुमार और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। थानाध्यक्ष राजेश कुमार बैसला ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।पीएम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# होली से पहले खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, 6 नमूने भरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** होली पर्व से पहले मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सख्त अभियान शुरू कर दिया है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को जनपद में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त (खाद्य) के नेतृत्व में गठित टीम ने अलग-अलग प्रतिष्ठानों से कुल 6 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए। कार्रवाई के दौरान वीकेजी ट्रेडर्स, शेरगढ़ से नमकीन का एक नमूना, नरेश ट्रेडर्स से वनस्पति एवं सौंफ के नमूने, मुरादाबादी राजा दूध डेयरी, बहेड़ी से खोया, फौजी पनीर भंडार, सतिपुर चौराहा (पीलीभीत बाईपास रोड) से घी तथा गोपाल घी स्टोर, नई बस्ती से रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल का नमूना भरा गया।

सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेज दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि त्योहारों के दौरान आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ



उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## एक नजर

### विद्यार्थियों ने चलाया डिजिटल जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कालेज में चल रहे एनएसएस के शिविर के चौथे दिन छात्र छात्राओं ने प्राचार्य प्रो. एसके सिंह एवं कार्यक्रम अधिकारी डा. बी के प्रधान के नेतृत्व में चुरई दलपतपुर में ग्रामीण को डिजिटल जागरूकता अभियान चलाकर डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन बैंकिंग, आधार आधारित सेवाओं, मोबाइल एप्स व ऑनलाइन पंजीकरण के सुरक्षित उपयोग के बारे में जागरूक किया। घर घर जाकर ग्रामीणों को बताया अनजान लिंक पर क्लिक न करें। न ही ओटीपी की किसी को जानकारी दें।

### स्कूल गई नाबालिग छात्रा सहेलियों संग लापता, परिजनों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र की कक्षा 11 की एक नाबालिग छात्रा के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

छात्रा सोमवार सुबह करीब 9 बजे इंटर कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन स्कूल नहीं पहुंची। देर शाम तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की।जानकारी के अनुसार छात्रा कक्षा में न जाकर अपनी दो सहपाठियों के साथ कहीं चली गई। बताया जा रहा है कि तीनों पहले एक सहेली के घर पहुंचीं, जहां कपड़े बदलने के बाद अज्ञात स्थान के लिए निकल गईं। इसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं लग सका है।परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

### शादी समारोह से बुलेट मोटर साईकिल चोरी, मैनेजर व एंबुलेंस चालक पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र स्थित एक बैंक्वेट हॉल की पार्किंग से शादी समारोह में आए युवक की बुलेट मोटर साईकिल चोरी हो गई। पीड़ित ने बैंक्वेट हॉल के मैनेजर व एंबुलेंस चालक पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम रामनगर गौंटिया थाना देवरनियां निवासी देवेन्द्र कुमार पुत्र राजवीर लाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 16 फरवरी 2026 की रात करीब 8:30 बजे कुंडरा कोठी स्थित एक बैंक्वेट हॉल में शादी समारोह में शामिल होने गया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल पार्किंग में खड़ी कर अंदर चला गया। आरोप है कि वहां मौजूद बैंक्वेट हॉल के मैनेजर नरेंद्र तथा एंबुलेंस चालक रंजीत ने उसे मोटर साईकिल सामने खड़ी करने को कहा था। करीब 20 मिनट बाद जब वह वापस पार्किंग में पहुंचा तो उसकी मोटर साईकिल वहां से गायब थी। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। इस पर पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भी छानबीन की, लेकिन बाइक का पता नहीं चल सका। पीड़ित ने वेंकट मैनेजर नरेंद्र और चालक रंजीत पर बाइक गायब करने का संदेह जताया है। थाना नवाबगंज पुलिस ने आरोपीयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है।

### दीवार निर्माण को लेकर विवाद, महिला और बेटे से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम अख्तियारपुर नवदिया में दीवार निर्माण को लेकर हुए विवाद में एक महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट तथा छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम अख्तियारपुर नवदिया की कुरैशा बी पत्नी मुजफ्फर अली ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि उसके पड़ोसी फरजंद अली अपने मकान का निर्माण कर रहे हैं। आरोप है कि निर्माण के दौरान वह उसकी जमीन में बाउंड्री बनाकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। 20 फरवरी को करीब तीन बजे जब उसने इसका विरोध किया तो फरजंद अली तथा उसके पुत्र शाहिद अली, वाहिद अली, राहत अली, नामे अली उर्फ छोटू और शाहिर अली घर में घुस आए। आरोप है कि सभी आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की और उसके सीने पर गलत नीयत से हाथ डाला। शोर सुनकर उसका बेटा मुनाजिर अली मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की तथा गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में मां-बेटे को चोटें आई हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी जबरन उसकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं और पूरे परिवार को जान-माल की धमकी दे रहे हैं। मामले में थाना नवाबगंज पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### हत्या के दोषी पिता और दो पुत्रों को उम्रकैद, रंजिश में ग्रामीण की ली थी जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** चार साल पुराने बहुचर्चित हत्याकांड में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए पिता और उसके दो बेटों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। तीनों दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

स्पेशल जज (गैंगस्टर एक्ट) तबरेज अहमद की अदालत ने थाना क्योलड़िया क्षेत्र के गांव मेथी नवदिया निवासी भूपराम और उसके पुत्र पवन तथा उमेश उर्फ उमेंद्र सिंह को हत्या का दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

अभियोजन के अनुसार 19 जून 2020 की शाम कुंवरसेन गांव में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकले थे। रास्ते में फकीरचंद्र लेखपाल के घर के पास आरोपियों ने उन्हें घेर लिया और धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन उन्हें सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पत्नी मंजूरानी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से फॉरेंसिक रिपोर्ट समेत सात गवाह प्रस्तुत किए गए। साक्ष्यों और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। मामले की जड़ में पुरानी रंजिश बताई गई। आरोपियों को संदेह था कि मृतक के परिवार द्वारा उनके खिलाफ गांव में अफवाहें फैलाई जा रही हैं। इसी विवाद के चलते दोनों पक्षों में तनाव बढ़ा और बाद में घटना को अंजाम दिया गया। अदालत के फैसले के बाद दोषियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### आठ अपराधी हुए जिला बदर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रदेश सरकार की अपराध के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जिला मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आठ अपराधियों को जिला बदर किया है। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना इज्जतनगर, बहेड़ी और बारादरी क्षेत्र से संबंधित कुल आठ व्यक्तियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की गई है। जिला बदर किए गए अपराधियों में विकास राठौर, इमरान, परवेज मलिक, जुनैद, विशाल, टिंकू राठौर, सौरभ राठौर तथा मो. रजा उर्फ लल्ला गद्दी शामिल हैं।

# बड़ी मात्रा में गोदाम में मिला दवा का अवैध भंडार चार लाख की दवाएं सीज



■ चार संदिग्ध दवाओं के नमूने भरे गए, जांच हेतु प्रयोगशाला भेजी जाएंगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** औषधि विभाग को आज बड़ी कामयाबी हाथ लगी। गोपनीय सूचना के आधार पर जिलाधिकारी बरेली एवं सहायक आयुक्त औषधि, बरेली मंडल के निर्देशानुसार औषधि निरीक्षक राज. ेश कुमार एवं अनामिका अंकुर जैन की संयुक्त टीम ने शास्त्री मार्केट, थाना कोतवाली क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान मेसर्स नीलू फार्मा, शास्त्री मार्केट के मालिक सत्यभान गुप्ता पुत्र स्व. लेखराज गुप्ता द्वारा संचालित एक गोदाम पर छापा मारा गया। जांच में पाया गया कि उक्त गोदाम बिना वैध लाइसेंस के संचालित किया जा रहा था तथा उसमें बड़ी मात्रा में एलोपैथिक दवाओं का भंडारण किया गया था। निरीक्षण के दौरान लगभग चार लाख बीस हजार रुपये मूल्य की एलोपैथिक औषधियां अवैध रूप से भंडारित पाई गईं, जिन्हें नियमानुसार फॉर्म-16 पर सीज कर दिया गया। साथ ही चार संदिग्ध दवाओं के नमूने लेकर उन्हें परीक्षण एवं विश्लेषण के लिए संग्रहित किया गया है। संबंधित नमूनों को राजकीय प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

औषधि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने एवं विवेचना पूर्ण होने के बाद संबंधित के विरुद्ध माननीय न्यायालय में परिवाद दाखिल किया जाएगा। औषधि निरीक्षक राजेश कुमार एवं अनामिका अंकुर जैन ने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस संच. ालित दवा दुकानों एवं गोदामों के विरुद्ध चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# देवरनियां में पुलिस का मेगा एक्शन: एक ही दिन में तीन बड़ी कार्रवाइयां

■ अवैध शराब, चरस और तमंचों के साथ पांच आरोपी दबोचे

■ अपराधियों में मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में अपराध और अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत कोतवाली देवरनियां पुलिस ने सोमवार देर रात से मंगलवार तड़के तक लगातार कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अवैध शराब की बिक्री, मादक पदार्थ तस्करी और अवैध शस्त्र रखने के मामलों में हुई इन ताबड़तोड़ कार्रवाइयों से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी बहेड़ी अरुण कुमार के पर्यवेक्षण में कोतवाली देवरनियां पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की तलाशी के साथ-साथ संवेदनशील मार्गों पर निगरानी बढ़ाई।

### अवैध शराब बिक्री पर शिकंजा 42 पाउच बरामद

सबसे पहले पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग कपड़े के थैलों में देशी शराब के पाउच लेकर गांव-देहात में अवैध बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुलाबनगर की ओर जाने वाली सड़क से बब्लू पुत्र रफीक निवासी ग्राम गुनाह हट्टू को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 17 पाउच (200-200 एमएल) विंडीज मसाला देशी शराब बरामद हुई।

इसके बाद गुनाह रोड स्थित लकड़ी की टाल के पास से सलीम पुत्र मोहम्मद हनीफ को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसके पास से 25 पाउच देशी शराब बरामद हुई। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे शराब की दुकान से पाउच खरीदकर गांवों में अधिक कीमत पर बेचते थे। पुलिस के अनुसार दोनों के खिलाफ पूर्व में भी मुकदमे दर्ज हैं।

### 121.5 ग्राम चरस के साथ तस्कर पकड़ा

इसी अभियान के तहत गुनाह हट्टू रोड पर आरा मशीन के सामने बनी पुलिया के पास पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 121.5 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई।



गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम मो. हनीफ पुत्र बुद्धी निवासी ग्राम गुनाह हट्टू बताया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह आर्थिक लाभ के लिए चरस की बिक्री करता था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि उसे मादक पदार्थ की आपूर्ति कौन कर रहा था और उसका नेटवर्क किन-किन क्षेत्रों तक फैला है।

### अवैध तमंचों के साथ दो शस्त्रधारी दबोचे

तड़के सघन चेकिंग के दौरान ग्राम वसुपुरा फाटक के पास पुलिस ने उवैस पुत्र यासीन को 315 बोर के अवैध तमंचे और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। इसके कुछ ही समय बाद कस्बा देवरनियां से गुलाबनगर जाने वाले मार्ग पर आरिफ पुत्र मोहम्मद उमर को 12 बोर के अवैध तमंचे और दो जिंदा कारतूस सहित दबोच लिया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 में अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस के अनुसार दोनों का आपराधिक इतिहास रहा है और वे पूर्व में भी जेल जा चुके हैं।



### पुलिस का सख्त संदेश

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि देवरनियां क्षेत्र में अवैध शराब, मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। रात्रि गश्त, मुखबिर तंत्र की सक्रियता और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई गई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। आने वाले दिनों में भी चेकिंग अभियान और तेज किया जाएगा। एक ही दिन में तीन बड़ी कार्रवाइयों से देवरनियां क्षेत्र में अपराधियों के बीच दहशत का माहौल है, वहीं आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत हुआ है। पुलिस की सक्रियता से यह संदेश गया है कि अपराधियों के लिए क्षेत्र में कोई जगह नहीं है।

# होली पर्व से पहले अवैध शराब पर कार्रवाई

■ 10 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** आगामी होली त्योहार को लेकर अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मीरगंज पुलिस ने कच्ची शराब बनाने और बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 10 लीटर कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद किए हैं, साथ ही लगभग 200 लीटर लहन को नष्ट कर दिया।

पुलिस के अनुसार सोमवार की रात्रि दौरान चौकी प्रभारी पंकज कुमार पुलिस टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि परचवा के जंगलों में एक व्यक्ति अवैध रूप से कच्ची शराब तैयार कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर भोले सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी ग्राम सैजना का मजरा परचवा को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद किए। साथ ही मौके पर तैयार किया जा रहा करीब 200 लीटर लहन नष्ट कर दिया गया।आरोपी के खिलाफ मुकदमा कर जेल भेज दिया।

मामले में एक अन्य आरोपी राम किशोर की भी तलाश की जा रही है।जो अभी फरार है।गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी इंचार्ज पंकज कुमार,चौकी इंचार्ज लभारी सूरजपाल,इशकलाल,आसिम हुसैन, मुकुल प्रताप सिंह,अंकित शर्मा,अमित कुमार,रजत मलिक,अंकुर कुमार शामिल रहें।प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर ने बताया कि होली पर्व को देखते हुए क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी सूरत में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और ऐसे अभियानों को आगे भी जारी रखा जाएगा।

# दिवंगत परिवारों से मिले केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद

■ श्रद्धांजलि अर्पित कर जताई संवेदना, समस्याएं सुनकर अधिकारियों को दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्र में दिवंगत हुए भाजपा से जुड़े कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवी परिवारों के घर पहुंचकर शोक संवे. दना प्रकट की। उन्होंने परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्माओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

केंद्रीय मंत्री ने आरएसएस के जिला घुमंतू प्रमुख टीकाराम गंग. वार, मंडल अध्यक्ष योगेंद्र मौर्य, मंडल उपाध्यक्ष पचपेड़ा वीर सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष एडवोकेट दीपचंद्र पांडेय के ताऊ ठाकुर दत्त पांडे तथा समाजसेवी सुधीर शर्मा की पत्नी के निधन पर उनके आवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी और संगठन हमेशा शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ा है। दीपचंद्र पांडे के आवास पर केंद्रीय मंत्री ने क्षेत्रीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में रवि मल्होत्रा, ब्लॉक प्रमुख अर्मा. रंदर सिंह गोल्डी, भूपेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, चेयरमैन प्रति. निधि अजय जायसवाल, हरीश कश्यप, बृजेश कुर्मी, महेश शर्मा, महिला मोर्चा की कामाक्षी शर्मा, अरुण गंगवार, गन्ना समिति के डायरेक्टर सरदार मेजर सिंह, आलोक पांडे व हेमंत पांडे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# होली, रमजान और ईद को लेकर जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक संपन्न

■ संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी, होलिका सुरक्षा समितियों के गठन के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** होली, रमजान एवं ईद के त्यौहारों को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अविनाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य उपस्थित रहे।

बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी नगर ने करते हुए सभी अधिकारियों व पीस कमेटी सदस्यों का स्वागत किया तथा विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कहा कि त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने में जनसहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी स्थानों पर होलिका सुरक्षा समिति के गठन के निर्देश दिए, जिसमें स्थानीय लोगों को शामिल कर निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय से पूर्व होलिका दहन या किसी का सामान जलाने जैसी घटनाओं को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एसएसपी ने बताया कि सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। भ्रामक या आपत्ति. जनक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों की होलिकाएं संवेदनशीलता की श्रेणी 'ए प्लस' में हैं, वहां अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं।

उन्होंने अपील की कि यदि किसी को अवैध शराब या कच्ची शराब के संबंध में जानकारी हो तो प्रशासन को सूचित करें, सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाल ही में भोजीपुरा एवं मीरगंज में बच्चों की डूबने से हुई मृत्यु की घटनाओं का उल्लेख करते हुए अभिभावकों से सतर्क रहने की अपील की।

उन्होंने बताया कि गोपनीय सर्वे के माध्यम से ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित किया गया है जिन पर पांच या उससे अधिक गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। ऐसे तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि रंग केवल इच्छुक व्यक्तियों के साथ ही खेलें तथा हानिकारक रंगों और कीचड़ आदि का प्रयोग न करें।


बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर



जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व संतोष कुमारी सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक नार्थ, पुलिस अधीक्षक साउथ, पुलिस अधीक्षक क्राइम, पुलिस अधीक्षक यातायात, समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, संभ्रांत नागरिक एवं पीस कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

# तालाब की भूमि कब्जाने का प्रयास

## लेखपाल ने मौके पर पहुंच कर काम रुकवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** कुछ तालाब की भूमि को कब्जाने के लिए जेसीबी से तालाब की खुदाई करा रहे थे। शिकायत पर लेखपाल मौके पर पहुंचे, जिसके बाद लेखपाल ने उक्त कार्य को रुकवा दिया। कब्जा करने वाले लोग लेखपाल को अपनी भूमि होने का कोई कागज नहीं दिखा सके।

नांगल में खसरा 60 में लगभग साढ़े 10 बीघा भूमि में तालाब दर्ज है। दशकों पूर्व उक्त तालाब में गांव के तीन लोगों को पट्टे आवंटित किए गए थे, जिसके बाद शासन ने तीनों पट्टे खारिज कर दिए थे। खारिज होने बाद से उक्त तालाब की भूमि लगभग 20 वर्षों से खाली पड़ी है। मंगलवार को एक पक्ष राजवीर और धीर सिंह तालाब की भूमि की जेसीबी से खुदाई शुरू करा दी। जिसकी शिकायत कुछ ग्रामीणों ने एसडीएम नजीबाबाद शैलेन्द्र प्रताप सिंह की। शिकायत के बाद हल्का लेखपाल लेशवंत सिंह मौके पर पहुंचे और तालाब की भूमि की पैमाईश की। इसके साथ ही उन्होंने जेसीबी से की जा रही खुदाई के कार्य को तुरंत बंद करा दिया। पूछताछ करने पर तालाब की खुदाई करने वाले धीर सिंह ने बताया कि उनके दादा मनहोरी सिंह के नाम उक्त पट्टा किया गया था। उनकी मृत्यु के बाद वारिसों के नाम फर्द में दर्ज चल रहे है। पट्टा खारिज होने पर वे न्यायालय चले गए थे, जो मुकदमा उनके पक्ष में हो गया है। लेकिन वे लेखपाल को मुकदमे से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखा सके, जिसके बाद लेखपाल ने उक्त कार्य को बंद करा दिया और भूमि से संबंधित कागज दिखाने के बाद ही कार्य करने की हिदायद दी।

उक्त तालाब काफी पुराना है, इस तालाब में बीते वर्षों में ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा के माध्यम से कई बार खुदान करके चारों ओर पालट का निर्माण किया गया था। जिसे जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। सूचना के बाद ग्राम प्रधान फरमान अहमद मौके पर नहीं पहुंचे।

# जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहते हैं डा. मनोज वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं चिकित्सक अपने सेवा भाव और जनहित कार्यों के कारण क्षेत्र में एक अलग पहचान बना चुके हैं। वर्तमान मौसम परिवर्तन के दौर में जहां वायरल सर्दी-जुकाम और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। वहीं डा. मनोज वर्मा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे समय-समय पर मरीजों को आवश्यक सावधानियां अपनाने, साफ-सफाई रखने तथा संतुलित आहार लेने की सलाह देते रहते हैं। कई स्थानों पर उनके द्वारा नि:शुल्क परामर्श और स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने से गरीब एवं असहाय लोगों को विशेष लाभ मिलता है तो वही चल रहें रमजान



माह और होली जैसे प्रमुख त्योहारों को देखते हुए डा. वर्मा ने सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश भी दिया है। उनका कहना है कि त्योहार केवल उत्सव नहीं बल्कि आपसी प्रेम, सहयोग और एकता का प्रतीक होते हैं। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि सभी लोग मिल-जुलकर त्यौहार मनाएं।

# सिंगापुर में सीएम के निवेश संवाद कार्यक्रम में अमित सिंह चौहान की सक्रिय सहभागिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** लक्ष्य कॉलेज के संस्थापक तथा भाजपा मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष राज्यपाल सिंह चौहान के पुत्र अमित सिंह चौहान ने अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाते हुए सिंगापुर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में उल्लेखनीय सहभागिता दर्ज कराई।



यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे के अवसर पर आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य प्रवासी भारतीयों के साथ संवाद स्थापित करना तथा उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना रहा। बताया गया कि सिंगापुर में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों, उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों और प्रवासी भारतीय समुदाय ने भाग लिया। अमित सिंह चौहान ने कार्यक्रम के समन्वय संपर्क और सहभागिता सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे आयोजन को गति और प्रभावशीलता मिली। युवा सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पहचान बना चुके अमित सिंह चौहान शिक्षा, समाजसेवा और संगठनात्मक गतिविधियों में निरंतर सक्रिय रहते हैं। लक्ष्य कॉलेज के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में योगदान के साथ-साथ वे क्षेत्रीय युवाओं को सामाजिक एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों से जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं। उनकी मिलनसार कार्यशैली और संगठन क्षमता के कारण उन्हें स्थानीय स्तर पर एक उभरते युवा चेहरे के रूप में देखा जा रहा है। उनके पिता राजपाल सिंह चौहान द्वारा वर्षों से किए जा रहे जनसेवा एवं संगठनात्मक कार्यों की प्रेरणा अमित सिंह चौहान के कार्यों में स्पष्ट दिखाई देती है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनकी सक्रिय उपस्थिति को क्षेत्र के लोगों ने गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास आधारभूत संरचना शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे कार्यों की जानकारी साझा की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में बन रहे निवेश अनुकूल वातावरण की चर्चा ने प्रवासी भारतीयों में सकारात्मक विश्वास उत्पन्न किया। क्षेत्रीय नागरिकों एवं शुभचिंतकों ने अमित सिंह चौहान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र से निकलकर वैश्विक मंच पर सक्रिय भागीदारी निभाना युवाओं के लिए प्रेरणादायक है तथा इससे क्षेत्र का मान सम्मान निरंतर बढ़ रहा है।

# जीएसटी विभाग और व्यापारियों के बीच संवाद

## केदारनाथ धर्मशाला में हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जीएसटी विभाग द्वारा असमंजस की स्थिति को स्पष्ट करने और टैक्स संबंधी प्रक्रियाओं को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सर्राफा व्यापारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक केदारनाथ धर्मशाला में पूर्वाह्न 11 बजे संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में सर्राफा व्यापारी उपस्थित रहे।

बैठक में जीएसटी विभाग की ओर से ज्वाइंट असिस्टेंट कमिश्नर आशुतोष सिंह, कमिश्नर राजीव रसार तथा डिप्टी कमिश्नर संदीप वर्मा शामिल हुए। अधिकारियों ने व्यापारियों से अपने-अपने टैक्स समय पर जमा करने, खरीद-बिक्री में आ रहे अंतर (डिफरेंस) को दूर करने और जीएसटी नियमों का पूर्ण रूप से पालन करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि दस्तावेजों को अद्यतन और दुरुस्त रखना सभी व्यापारियों की जिम्मेदारी है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कार्रवाई की नौबत न आए।

जीएसटी विभाग की टीम ने बैठक के दौरान व्यापारियों से संवाद कर उनकी व्यावहारिक समस्याओं को भी सुना और नियमों के अंतर्गत समाधान का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने कहा कि विभाग का उद्देश्य व्यापारियों का उत्पीड़न करना नहीं, बल्कि कर व्यवस्था को पारदर्शी और सुदृढ़ बनाना है।

इस अवसर पर सर्राफा संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र रस्तोगी ने व्यापारियों की ओर से पक्ष रखते हुए कहा कि सर्राफा व्यापारी हमेशा कानून के दायरे में रहकर व्यापार करना चाहते हैं। उन्होंने जीएसटी विभाग से किसी भी व्यापारी का अनावश्यक उत्पीड़न न करने का आग्रह किया और भरोसा दिलाया कि सर्राफा संघ विभाग के साथ समन्वय बनाकर नियमों का पालन सुनिश्चित करेगा।

बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में इस तरह की जागरूकता बैठकों का आयोजन समय-समय पर किया जाएगा, जिससे व्यापारियों को जीएसटी से जुड़े नियमों और प्रक्रियाओं की सही जानकारी मिल सके। व्यापारियों ने भी बैठक को सकारात्मक बताते हुए कहा कि प्रत्यक्ष संवाद से कई भ्रांतियां दूर हुई हैं और नियमों को समझने में आसानी हुई है।

जीएसटी विभाग और सर्राफा संघ के बीच हुई इस बैठक को व्यापारिक पारदर्शिता और आपसी समन्वय की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। इस दौरान सर्राफा संघ से जुड़े अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### वन विभाग की टीम ने रुकवाया खनन

**नांगल सोती।** वाल्मीकि बस्ती के समीप से मिट्टी उठाकर एक ईंट भट्टे पर डाली जा रही थी। कुछ लोगों द्वार प्रशासनिक व वन विभाग के अधिकारियों से वन परिक्षेत्र में खनन होने की शिकायत की गई। बीती शाम राजगढ़ वन रेंज के रेंजर देव ऋषि सक्सेना ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर मिट्टी के खनन को रुकवा दिया। रेंजर ने बताया कि वन परिक्षेत्र के 100 मीटर की दूरी तक मिट्टी का खनन नहीं किया जा सकता है। जांच में यदि वन क्षेत्र में खनन पाया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी। वहीं नांगल थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर ने बताया कि इस मामले कोई तहरीर नहीं मिली है।

### कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी



**नगीना।** नगर के सम्मानित लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सीओ डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी से मुलाकात की और शिवरात्रि कांवड़ यात्रा के दौरान कुछ लोगों द्वारा रायपुर रोड पर चौधरी दिग्विजय सिंह के पेट्रोल पंप पर मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि ग्राम-माथीपुर गांवड़ी निवासी सिद्धार्थ कुमार पुत्र दिग्विजय सिंह के रायपुर रोड नगीना स्थित पैट्रोल पम्प पर हुई संगीन घटना के सम्बन्ध में दिग्विजय सिंह द्वारा प्रार्थना पत्र थाना प्रभारी नगीना व सीओ नगीना को दिये गये थे। परन्तु उस पर अभी तक भी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। सिद्धार्थ कुमार के साथ हुई संगीन वारदात की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तगण के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कराने की मांग को लेकर समाज के प्रबुद्ध व सम्मानित लोगों ने सीओ से मिलकर कहा कि समाज के सम्मानित व्यक्तियों ने यह भी निर्णय लिया है कि यदि प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई और अभियुक्तगण की गिरफ्तारी नहीं होती है तो कोई बड़ा आन्दोलन करने के लिये बाध्य होना पड़ेगा। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों द्वारा क्षेत्राधिकारी नगीना से मिलकर दिए गए शिकायती पत्र में वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव कुमार एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप कुमार एडवोकेट, रितु चौधरी एडवोकेट, शानू चौधरी एडवोकेट, भोगन सिंह एडवोकेट, शुभम निर्वाल, संजय सिंह, अनिल कुमार, सुशील कुमार, हेमेंद्र सिंह, अमित कुमार, सोनू चौधरी, भोगेंद्र सिंह, जितेंद्र राठी सहित बड़ी संख्या में लोगों द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

### डा. मन्नान जैदी सम्मानित



**स्योहारा।** मेडफो हेल्थ केयर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में नई लहर फाउंडेशन के संस्थापक डा. मन्नान जैदी को प्रशंसा-पत्र एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान मेडफो हेल्थ केयर के माध्यम से अब तक हजारों सफल ऑपरेशन कराने तथा जरूरतमंद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संस्था के व्यवसाय विकास प्रबंधक सचिन कुमार ने डा. मन्नान जैदी को सम्मानित करते हुए स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। इस दौरान सचिन कुमार के कार्यों की भी प्रशंसा की गई जो लगातार चिकित्सकों और अस्पतालों से समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डा. मन्नान जैदी ने सम्मान के लिए मेडफो हेल्थ केयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक राजपूत तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कृतिका श्रीवास्तव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है और आगे भी समाज सेवा का कार्य निरंतर जारी रहेगा।

### साइबर क्राइम विषय पर निबंध प्रति.



**चांदपुर।** ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल में चल रहा है। विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवियों द्वारा ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार, डा. शिवाली राजपूत व विवेक कुमार के नेतृत्व में डोर डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को साइबर क्राइम की जानकारी दी। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों से अपील करते कहा गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी शेयर नहीं करें, यदि कोई व्यक्ति व्हाट्सएप पर कोई लिंक भेजता है तो उसे नजर. अंदाज करें और लिंक पर क्लिक करने से बचें। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थल पर मोबाइल चार्जिंग पर नहीं लगाएं। अन्यथा साइबर क्राइम का शिकार हो सकते हैं। शिविर के द्वितीय सत्र में साइबर क्राइम विषय पर एक प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने निबंध के माध्यम से डिजिटल क्रांति के युग में सचेत रहने का आह्वान किया। स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डा. अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि डिजिटल क्रांति विकसित भारत की पहचान बन गई है। भारत ने यूपीआई के माध्यम से विश्व में अपनी अद्वितीय पहचान बनाई है। लेकिन दूसरी तरफ यदि हम सजगता के साथ इसका प्रयोग नहीं करेंगे तो उसके गंभीर परिणाम भी भुगतने होंगे। प्रतियोगिता का समापन हम होंगे कामयाब एक दिन गीत के साथ हुआ। इस मौके पर कॉलेज के निदेशक वरिष्ठ ठाकुर आकाश शास्त्री, कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डा. आरपी सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार, डा. शिवाली राजपूत, विवेक कुमार, रुक्मिणी देवी, छाया राजपूत, डा. ओमपाल त्यागी, सचिन कुमार, ललित शर्मा, नीशु देवल, डा. वरुण कुमार, प्रदीप राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सरकथलसानी में किसान गोष्ठी



**धामपुर।** गांव सरकथलसानी में एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को स्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई के बारे में विस्तार से बताया। साथ में किसानों को गहरी जुताई करने की सलाह दी गई और सभी किसानों से आह्वान किया गया कि ट्रेंच विधि से ही गन्ने की बुवाई करें। गहरी जुताई, गहरी बुवाई ही किसान की पैदावार बढ़ा सकती है। इसी के साथ चीनी मिल व गन्ना समिति द्वारा दी जाने वाले कृषि यंत्रों पर अनुदान व पेस्टिसाइड्स पर अनुदान के बारे में विस्तार से समझाया। ट्रेंच विधि, पैड़ी प्रबंधन व सहफसल आदि विधियां अपना कर अधिक उत्पादन लेने वाले किसानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गन्ना महाप्रबंधक ओमवीर सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमित पांडे जी, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर विनोद कुमार सिंह व इफको कंपनी के प्रतिनिधि, डिप्टी मैनेजर दिनेश राजपूत, फील्ड सुप. रवाइजर कुलदीप शर्मा व गन्ना समिति के सुपरवाइजर उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता ब्रह्म सिंह दरोगा ने की। किसान गोष्ठी में सैकड़ों किसान उपस्थित हुए। इसी कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों को कॉपी, पेंसिल आदि स्टेशनरी का सामान भी नि:शुल्क वितरण किया गया।

### घायल की उपचार के दौरान मौत



**शेरकोट।** मौहल्ला फतेहनगर निवासी शिवम सैनी (21 वर्ष) पुत्र रामदयाल सैनी सोमवार को किसी काम से ग्राम शहजादपुर गया था। बताया जाता है कि देर शाम वापसी के समय एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान आज दोपहर उनकी मृत्यु हो गई। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटे थे और एक ब्रश फैक्ट्री में काम कर परिवार का सहयोग करते थे।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक




**चांदपुर।** थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने सभी लोगों से आने वाले पर्व ईदुल फितर एवं होली पर आपसी सौहार्द, शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की। अपने एक संदेश में पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक वर्मा ने भी क्षेत्रीय जनता से अपने-अपने पर्वों को शांतिपूर्वक एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोई भी वर्ग अपने त्योहार पर कोई नई परंपरा लागू न करें। उन्होंने दो टूक कहा ध्यान रहे शांति व्यवस्था सर्वप्रथम है। उन्होंने त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए दिशा निर्देश दिए। बैठक में हिंदू, मुसलमानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज

## कार्रवाई के बाद पंचायत क्षेत्र में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम पंचायत नवादा तुल्ला में विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए हैं। इस कार्रवाई के बाद पंचायत क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत नवादा तुल्ला की ग्राम प्रधान सोनम के विरुद्ध गांव निवासी जगत सिंह ने जिलाधिकारी से शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि पंचायत क्षेत्र में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों में धांधली एवं अनियमितताएं बरती गई हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए थे। जांच की जिम्मेदारी सहायक ग्राम विकास अधिकारी को सौंपी गई। प्राथमिक जांच में विकास कार्यों में अनियमितताओं के संकेत मिलने पर जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान के अधिकार सीज करने की कार्रवाई की।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार अधिकार सीज होने के बाद अब पंचायत के विकास कार्यों और वित्तीय लेन-देन की जिम्मेदारी नियमानुसार संबंधित अधिकारी की निगरानी में संपादित की जाएगी। साथ ही मामले की विस्तृत जांच जारी है और अंतिम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

ग्राम पंचायत क्षेत्र में इस कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जांच में आरोप सिद्ध होते हैं तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

# डॉ. चंद्रकला भागीरथी को शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम डिग्री कॉलेज की हिंदी विभाग की प्रोफेसर डॉ. चंद्रकला भागीरथी को शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा सम्मानित किया गया। जिससे स्योहारा रोड स्थित मुन्ना देवी मंदिर के पास स्थित आवास डॉ चंद्रकला भागीरथी के घर पर खुशी का माहौल है और परिचित लोग बधाई दे रहे हैं।

हमें यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल की ओर से अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी के शुभ अवसर पर आपको 'मातृभाषा रत्न' मानद उपाधि सम्मान हेतु चयनित किया गया है।

कवि/लेखक/साहित्यकार/शिक्षक के रूप में मातृभाषा के संरक्षण, संवर्धन एवं साहित्यिक उत्थान में आपके उल्लेखनीय योगदान को ध्यान में रखते हुए आपको यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है। आनन्द गिरि मायालु अध्यक्ष शब्द



## फाउंडेशन लुंबिनी नेपाल द्वारा किया गया सम्मानित

प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन लुंबिनी -5, नेपाल द्वारा आपको प्रशस्ति पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान कर सम्मानित किया गया है। आपकी साधना, समर्पण और सृजनशीलता भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहे। इसी शुभकामना के साथ हम आपको हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

# पुरानी पेंशन में भविष्य सुरक्षित: चंद्रहास

## एनपीएस-यूपीएस को लेकर शिक्षक एवं कर्मचारी आक्रोशित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एनपीएस व यूपीएस के विरोध व पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कृषि विभाग के सभागार में अधीनस्थ कृषि सेवा संघ के जिला अध्यक्ष लखबीर सिंह की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री रामप्रसाद के संचालन में बैठक आयोजित हुई।



बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि एनपीएस-यूपीएस केवल पूंजीपतियों का षड्यंत्र है, जिसमें केवल पूंजीपतियों का लाभ है। पुरानी पेंशन में ही शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित है। अब पुरानी पेंशन बहाली का संघर्ष निर्णायक मोड़ पर है। ये हमारे बुढ़ापे लाठी है, जिसके लिए ईमानदारी से संघर्ष करने की आवश्यकता है। कृषि मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष कपिल कुमार ने कहा कि यह हमारे भविष्य का सवाल है, हम अटेवा के प्रत्येक संघर्ष में साथ हैं। सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार जिसके लिए अटेवा ईमानदारी से संघर्षरत है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि एवं विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने सभी कर्मचारियों से पुरानी पेंशन बहाली के लिए सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संगठित होने की आवश्यकता है।

बैठक में जिला मंत्री निर्भय कुमार, नरेश कुमार सैनी, सचिन कुमार, रवि कुमार, राजविंदर सिंह, अरुण कुमार, राजेंद्र कुमार, मनीष चौधरी, अरुण कुमार, महेश कुमार, रजत चौधरी, जितेंद्र कुमार, गजेन्द्र कुमार, राजीव कुमार, विशाल तोमर, आदित्य वीर आदि मौजूद रहे।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

आकिब यूनुस एड.

युवा भाजपा नेता

बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई

मूल निवासी भीम सिंह

जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।

विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।

भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।

Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मकसूद अहमद अंसारी

(ठेकेदार)

संभावित प्रत्याशी

प्रधान पद

राजा का ताजपुर



# विकास की धीमी गति पर खफा दिखे प्रभारी मंत्री

## कलेक्ट्रेट सभागार में की विकास कार्यो की समीक्षा बैठक, पात्रों तक हर हाल में पहुंचे योजनाओं का लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक में विकास कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जतायी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ हर हाल में पहुंचे और कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए



कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने जिले में संचालित विकास योजनाओं, निर्माण कार्यों, कानून-व्यवस्था, जनसुविधाओं के विस्तार तथा विभिन्न विभागीय कार्यक्रमों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनहित से जुड़े कार्यों को गुणवत्ता और समयसीमा के भीतर पूरा कराना है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि विकास एवं निर्माण कार्यों में पारदर्शिता, प्रभावशीलता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए। अंतर-विभागीय समन्वय को मजबूत करते हुए लंबित परियोजनाओं का शीघ्र समाधान निकालने के निर्देश भी दिए गए। मंत्री ने कहा कि जनपद को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं और सुझाव मंत्री के समक्ष रखे, जिन पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, विधायक हसनपुर महेंद्र सिंह खड़गवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से घायल मजदूर की मौत

## दस दिन पूर्व हुआ था घायल, मेरठ में तोड़ा दम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। 10 दिन पूर्व ट्रैक्टर ट्रिपलर की टक्कर से घायल हुए मजदूर की मेरठ मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। रजबपुर थाना क्षेत्र में खेड़की भूड़ के जंगल में हादसा 14 फरवरी की सुबह 7:30 बजे हुआ था। क्षेत्र के गांव बलदाना हीरा सिंह निवासी चरन सिंह का बेटा शीलचंद जंगल में भूरे के खेत में गन्ना छीलने गया था। आरोप है कि गांव खेड़की भूड़ के रहने वाले जितेंद्र ने लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए शीलचंद को टक्कर मार दी थी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जोया रोड स्थित निजी अस्पताल से बीती 19 फरवरी को डॉक्टर ने उसे डिस्चार्ज कर दिया था लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन 22 फरवरी को शीलचंद को लेकर मेरठ मेडिकल कॉलेज जा रहे थे जहां जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। मामले में ट्रैक्टर चालक जितेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। हादसे की जांच की जा रही है

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

## टीईटी अनिवार्यता को समाप्त किया जाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा/सैदनगली**। टीईटी अनिवार्यता के विरोध में जारी आंदोलन को बुलंद करने के लिए शिक्षकों ने बाजू पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। उनकी मांग है कि पुराने नियुक्त शिक्षकों पर थोपी गई टीईटी की बाध्यता को समाप्त किया जाए।



शिक्षकों ने मंगलवार को भी बाजू पर काली पट्टी बांधकर स्कूलों में शिक्षण कार्य किया। प्रांतीय आह्वान पर शिक्षक संगठनों उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, महिला शिक्षक संघ, एससी एसटी वेलफेयर एसोसिएशन व अन्य संगठनों ने एकजुट होकर 22 फरवरी को ट्विटर पर हैश टैग अभियान जस्टिस फॉर टीचर चलाया जबकि 23 से 25 फरवरी तक बाजू पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करने के अभियान को बल देते विरोध दर्ज करा फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए। 26 फरवरी को बीएसए दफ्तर पर धरना प्रदर्शन में सभी शिक्षक शामिल होगे। इसके उपरांत कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाल प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। उधर सैदनगली के ब्लॉक क्षेत्र के गांव गलसुआ स्थित कंपोजिट विद्यालय में भी शिक्षकों ने विरोध जताते हुए शिक्षण कार्य किया। इस दौरान उज्जवल सिंह वर्मा, इरशाद अली, अश्वनी कुमार, दिग्विजय सिंह, अलका रानी, अतुल कुमार, कमल कुमार शर्मा व राशिद अली सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# बच्चों के विवाद में फायरिंग, छर्रे लगने से पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बच्चों के विवाद ने खूनी रूप धारण कर लिया। दबंगो ने घर में घुसकर अवैध तमंचो से फायरिंग कर पांच को गोली मारकर दहशत फैला दी। गोली चलते ही मौके पर भगदड़ मच गई। गंभीर हालत में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया आरोपी घर में ताला डालकर फरार हो गये।



नगर के मोहल्ला कायस्थान चामुंडा रोड निवासी इब्ने अली व तौफीक के बच्चों के बीच विवाद हो गया था। बच्चों का यह विवाद इतना विकराल रूप धारण कर लेगा किसी ने सोचा भी नहीं था। मंगलवार की सुबह तौफीक ने अपने पुत्रों व अन्य को साथ लेकर इब्ने अली के घर पर धावा बोल दिया। आरोप है कि दबंगों ने इब्ने अली के घर पर दो राउंड फायरिंग कर दी। फायरिंग होने से इकरा पुत्री इब्ने अली, इब्ने अली पुत्र शौकत अली, अब्दुल समद पुत्र अल्लू, नईमा पत्नी शमीम व सलमा पत्नी इब्ने अली के शरीर पर छर्र लग गये। फिरासत के चेहरे पर पंच मारकर उसे भी घायल कर दिया। गोली चलते ही मौके पर चीख पुकार मच गई। उसके बाद दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। सूचना मिलते ही क्राइम इंस्पेक्टर अमरपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। फायरिंग होने से मोहल्ले में दहशत फैली हुई है। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सीओ पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि तौफीक के पुत्र रिहान ने अवैध असलहा से फायरिंग की है। इस मामले में पुलिस ने तौफीक पुत्र तमकीन रिहान व फैजान पुत्रगण तौफीक व शाहजहां पत्नी तौफीक के खिलाफ कई संगीत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी की तैयारी कर रही है।

# फाइनेंस कम्पनी के प्रबंधक व कैशियर पर मुकदमा

## किस्त टूटने पर सुपुर्दगी में लिया कंटेनर बेचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। फाइनेंस पर खरीदा दस टायरा कंटेनर किस्त टूटने पर सुपुर्दगी में ले लिया। बाद में फाइनेंस कंपनी के प्रबंधक और कैशियर ने बिना ट्रांसफर कराए कंटेनर को दूसरे लोगों को बेच दिया। इतना ही नहीं फर्जी तरीके से फास्टैग भी बनवा लिया। मामले में कोर्ट के आदेश पर प्रबंधक व कैशियर के अलावा खरीद-फरोख्त में शामिल तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव रायपुर खुर्द निवासी अमजद द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक उन्होंने मणिपुर फाइनेस लिमिटेड मुरादाबाद के जरिए दस टायरा कंटेनर खरीदा था लेकिन किन्ही कारण वह एक मासिक किस्त जमा नहीं करा पाए। लिहाजा, फाइनेंस कंपनी के कैशियर ने फरवरी 2025 में कंटेनर अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद अमजद ने किस्त जमा करने के लिए फाइनेंस कंपनी से संपर्क किया तो प्रबंधक राजीव व कैशियर योगेश ने ये कहकर कंटेनर की सुपुर्दगी देने से इनकार कर दिया कि अभी मार्च की क्लोजिंग होनी है लिहाजा अब नई एंट्री अप्रैल माह में होगी। वादे पर मुतमईन अमजद फाइनेंस कंपनी के ऑफिस से लौट आया। इसी बीच एक दिन अमजद डींगरपुर हाईवे पर खड़ा था तभी उसने देखा कि संभल जिले के असमौली थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर डसर निवासी चालक इनामुल कंटेनर लेकर वहां से गुजर रहा था। अमजद ने जब उसे रोक कर पूछा तो उसने बताया कि कंटेनर को फाइनेंस कंपनी से खरीद लिया है, जिसे अभी मुरादाबाद जिले के मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव डींगरपुर निवासी महफूज से ट्रांसफर नहीं कराया है। ये सुनकर अमजद के होश उड़ गए। उसने तुरंत ही शाखा प्रबंधक योगेश से बात की तो आरोपी ने धमकी देकर खामोश कर दिया। अमजद का आरोप है कि महफूज बिना ट्रांसफर कराए कंटेनर को चलवा रहा है और सरफराज नाम का युवक फर्जी तरीके से फास्टैग का उपयोग कर रहा है। पीड़ित अमजद ने इस संबंध में थाना अमरोहा देहात में शिकायत की लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की लिहाजा आखिर में कोर्ट की शरण ली। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में कोर्ट के आदेश पर फाइनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक राजीव, कैशियर योगेश के अलावा महफूज, इनामुल हसन व सरफराज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# किसानों ने किया स्टेट हाइवे जाम

## गन्ना किस्म विवाद पर भड़का गुस्सा, किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। गन्ना किस्म 05009 और 05011 की पहचान को लेकर किसानों और मिल प्रबंधन के बीच चल रहा विवाद मंगलवार को खुलकर सड़क पर आ गया। भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकर्ताओं ने तहसील के सामने बिजनौर-बदायूं स्टेट हाईवे पर चक्का जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने गन्ना विभाग और मिल प्रशासन पर मनमानी और तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया।

किसानों का कहना है कि मिल प्रबंधन जानबूझकर 05009 किस्म के गन्ने को 05011 बताकर किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहा है, जबकि किसान इसे अगैती प्रजाति का गन्ना मानते हैं। गन्ना विभाग द्वारा कराई गई वैज्ञानिक जांच रिपोर्ट को भी किसानों ने फर्जी बताया और उसे सार्वजनिक करने की मांग की। साप्ताहिक बाजार के कारण सड़क पर भारी भीड़ रही, जिससे जाम के चलते राहगीरों, मरीजों और स्कूली बच्चों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया। बाद में वार्ता के लिए किसानों को ब्लॉक परिसर में बुलाया गया, जहां प्रशासन और यूनियन पदाधिकारियों के बीच बातचीत हुई। मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने कहा किसानों के साथ धोखा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच रिपोर्ट को छुपाया जा रहा है। अगर दो दिन के भीतर रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। जिला प्रवक्ता नरेश कुमार ने कहा, गन्ना किसानों का हक मारा जा रहा है। प्रशासन और मिल प्रबंधन मिलकर किसानों को भ्रमित कर रहे हैं। जब तक सच्चाई सामने नहीं आएगी, यूनियन चुप नहीं बैठेगी। प्रदर्शन में डूंगर सिंह, नरेश कुमार, डूंगर सिंह, जसपाल सिंह, कामिल, जगदीश यादव, फतेह सिंह, रामवीर सिंह, जुल्फीकार मलिक, सचिन कौशिक सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



गजरौला। चांदपुर रोड पर जाम लगाते किसान।

# नौ प्रतिशत ब्याज से अदा करें क्लेम का भुगतान

**अमरोहा**। उपभोक्ता फोरम ने बीमा कंपनी द्वारा जारी अस्वीकृति पत्र को निरस्त कर दिया। क्लेम के 20 हजार रुपये का भुगतान नौ प्रतिशत से करने का आदेश दिया। साथ ही मानसिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति और वाद व्यय के रूप में 15 हजार रुपये जुर्माना लगाया। क्षेत्र के गांव रज्जाकपुर निवासी किसान जयवीर सिंह की पत्नी विवेचना ने 7 सितंबर 2022 को हेल्थ बीमा पॉलिसी ली थी। पॉलिसी की बीमित राशि 20 हजार रुपये थी। उन्होंने प्रीमियम का भुगतान भी समय से किया था। उसी दौरान तबियत खराब होने पर विवेचना को 11 अगस्त 2023 को श्री सूर्या हॉस्पिटल बुलंदशहर में भर्ती कराना पड़ा, जहां चार दिन तक उपचार चला। इलाज पर 22,250 रुपये खर्च हुए, जिसका भुगतान उन्होंने नकद किया। बाद में जांच रिपोर्ट और बिलों के साथ बीमा कंपनी से क्लेम के लिए आवेदन किया लेकिन कंपनी ने 28 दिसंबर 2023 को यह कहते हुए दावा खारिज कर दिया कि टाइफाइड का इलाज ओपीडी के रूप में संभव था और अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं थी। बीमा कंपनी ने पॉलिसी की शर्तों का हवाला देते हुए दावा निरस्त करना उचित बताया। लिहाजा, विवेचना ने मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली। मामले को गंभीरता से लेकर आयोग के अध्यक्ष रमा शंकर सिंह और महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को तलब किया।



























# फैक्ट्री पर धावा बोलकर युवक को पीटा

## चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। युवकों ने फैक्ट्री में धावा बोलकर नौकर को मारपीट कर चोटिल कर दिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। चार के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है। सोमवार की शाम अतरासी मार्ग स्थित एक तेल की फैक्ट्री में चार युवकों ने भीतर घुसकर वहां काम करने वाले पुष्पेंद्र शर्मा निवासी ग्राम देहरी गर्जर के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। मारपीट का पूरा नजारा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। बताया जाता है कि गजरौला में रहने वाले पुष्पेंद्र शर्मा के बहनोई ने उसकी बहन के साथ मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया था। पुष्पेंद्र शर्मा ने अपनी बहनोई से फोन पर इस मामले में बात की थी। पुष्पेंद्र शर्मा का आरोप है कि उसके बहनोई ने युवकों को उसे मारने के लिए भेजा है। मारपीट का पूरा वाक्या सीसीटीवी कैमरो में कैद हो गया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस को चार के खिलाफ तहरीर दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में लगी हुई है।

## खेल विशेष

### श्रीलंकाई स्पिनर व कीवी पावर का आज होगा मुकाबला

**कोलंबो, वार्ता।** क्या श्रीलंका का स्पिन जाल कोलंबो में न्यूजीलैंड की छक्के मारने वाली मशीन को फंसा पाएगा? बुधवार को आर प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर 8 ग्रुप 2 मुकाबले से पहले यही सबसे बड़ा सवाल है। यह मुक.ाबला स्टाइल में एक दिलचस्प अंतर के तौर पर सामने आ रहा है। श्रीलंका की धीमी, स्पिन-हैवी स्ट्रैटेजी बनाम न्यूजीलैंड का निडर, बाउंड्री से भरा पावरप्ले अटैक। इंग्लैंड के खिलाफ बैटिंग की बुरी तरह नाकामी के बाद श्रीलंका दबाव में इस मैच में उतरेगा, जहां वे 147 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 95 रन पर आउट हो गए थे। फिर भी, हार के बाद भी, उनका स्पिन शस्त्रागार एक बार फिर सबसे अलग दिखा। डुनिथ वेल्लालेज के 26 रन देकर 3 और महेश थीक्षाना के 21 रन देकर 2 विकेट ने यह दिखा दिया कि मेजबान टीम को टूर्नामेंट की सबसे ताकतवर स्पिन यूनिट में से एक क्यों माना जाता है। कोलंबो की पिच पर, जो आमतौर पर मैच आगे बढ़ने के साथ धीमी हो जाती है और पकड़ बनाती है, श्रीलंका की उम्मीदें न्यूजीलैंड के आक्रामक टॉप ऑर्डर को रोकने की उनकी काबिलियत पर टिकी हैं। इस वर्ल्ड कप में इस जगह पर पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 173 रहा है और पांच में से चार मैच पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने जीते हैं, ऐसे में बीच के ओवरों को कंट्रोल करना अहम साबित हो सकता है। हालांकि, न्यूजीलैंड अपने साथ टूर्नामेंट की सबसे जबरदस्त ओपनिंग पार्टनरशिप लेकर आया है। टिम सीफर्ट और फिन एलन ने जबरदस्त ताकत के साथ निडर इरादे का मेल किया है, और अब तक 15 बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया है। उनकी आक्रामक शुरुआत ने अक्सर स्पिनरों के लय में आने से पहले ही विरोधी टीमों की योजनाओं को खत्म कर दिया।

# भारत-पाक की 14 जून को भिड़ंत

**जून व जुलाई में होगा विमेंस टी-20 विश्व कप, बांग्लादेश, नीदरलैंड, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया व भारत एक ग्रुप में**



**लंदन, वार्ता।** बांग्लादेश और नीदरलैंड्स को ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के साथ ग्रुप 1 में रखा गया है, जबकि आयरलैंड और स्कॉटलैंड इस साल जून और जुलाई में होने वाले 2026 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में होस्ट इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और वेस्ट इंडीज के साथ ग्रुप 2 में शामिल हुए हैं। शुरुआती हाइलाइट्स में 20 जून को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का मैच शामिल है, यह पहली बार है जब दोनों टीमें इंग्लिश जमीन पर किसी वर्ल्ड कप, पुरुष या महिला, में भिड़ेंगी।

आयरलैंड और स्कॉटलैंड 13 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में एक ऑल-सेल्टिक मुकाबले में भी भिड़ेंगे। बांग्लादेश अपना कैंपेन 14 जून को एजबेस्टन में नीदरलैंड्स के खिलाफ शुरू करेगा। जो टूर्नामेंट में अपना डेब्यू कर रहे हैं - और फिर 17 जून को हेडिंग्ले में ऑस्ट्रेलिया और 25 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत का सामना करेगा। यह टूर्नामेंट 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड और वेल्स के अलग-अलग जगहों पर चलेगा। नीदरलैंड्स की कप्तान बैबेट डी लीडे ने कहा कि हमारे पहले आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करना हमें बहुत गर्व और उत्साह से भर देता है। यह बहुत खास लगता है क्योंकि, कई मायनों में, यह हमारे लिए लगभग 'होम' वर्ल्ड कप है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि हमारे परिवार, दोस्त, फैंस और हर कोई जिसने इतने सालों में डच महिला क्रिकेट को सपोर्ट किया है, स्टैंड में नारंगी रंग का समंदर देखेगा। पहली बार उस स्टेज पर कदम रखना नीदरलैंड्स में महिला क्रिकेट के लिए एक मील का पत्थर होगा, और हमें उम्मीद है कि यह युवा डच खिलाड़ियों को बड़े सपने देखने और यह विश्वास करने के लिए प्रेरित करेगा कि वे भी एक दिन एक सफल नेशनल टीम को रिप्रेजेंट कर सकते हैं। आईसीसी ने पहले ही फिक्स्चर जारी कर दिए थे, बाकी टीमों की पुष्टि होने तक, जिनकी जगहें अब फाइनल हो गई हैं, जब बांग्लादेश, आयरलैंड, नीदरलैंड्स और स्कॉटलैंड ने नेपाल में क्वालीफायर के जिरए आखिरी चार जगह पक्की कर लीं, जिससे 12 टीमों का फील्ड पूरा हो गया। ओपनिंग मैच 12 जून को एजबेस्टन में इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। पिछले एडिशन के सेमीफाइनल के रीमैच में, न्यूजीलैंड 13 जून को साउथेम्प्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने टाइटल डिफेंस की शुरुआत करेगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया उसी दिन मैनचेस्टर में 2024 के फाइनलिस्ट साउथ अफ्रीका से भिड़ेंगे। भारत का मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में पाकिस्तान से होगा। लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत का मैच कॉम्पिटिशन का आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच होगा। हर ग्रुप से टॉप दो टीमें सेमीफाइनल में पहुं.चेंगी, जो 30 जून और 2 जुलाई को होंगे। जीतने वाली टीमें 5 जुलाई को लॉर्ड्स में टाइटल क्लैश के लिए भिड़ेंगी। होस्ट इंग्लैंड और 2024 एडिशन की टॉप पांच टीमें (ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज) ऑटोमैटिकली एडिशन के लिए क्वालिफाई हो गईं। पाकिस्तान और श्रीलंका, जो उस साल 21 अक्टूबर को आईसीसी रैंकिंग टेबल में अगली दो सबसे ऊंची रैंक वाली टीमें थीं, उन्होंने भी कट बनाया।

## बाएं घुटने में चोट लगने के बाद हरमनप्रीत मैदान से बाहर

**● ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय लग गई थी चोट**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को चोट लग गई है और वह मंगलवार को ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में भारत के 214 रन के बचाव के दौरान फील्डिंग करने नहीं जा सकीं। भारत की पारी के बाद बीसीसीआई के मीडिया बयान में कहा गया कि बल्लेबाजी करते समय उनके बाएं घुटने में चोट लग गई थी और मेडिकल टीम उनकी प्रोग्रेस पर नजर रख रही है। हरमनप्रीत की गैरमौजूदगी में उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने भारत की कप्तानी की। यह साफ नहीं था कि हरमनप्रीत को चोट कब लगी, लेकिन भारत की पारी के 38वें ओवर के आखिर में, जब वह 67 गेंदों पर 40 रन बना रही थीं, तब उन्हें मैदान पर कुछ इलाज मिला। वह 44वें ओवर तक खेलती रहीं, इसके बाद वह 84 गें.दों पर 53 रन बनाकर आउट हो गईं, उन्होंने काश्वी गौतम के साथ 61 गेंदों पर 53 रन की साझेदारी की थी, जिन्होंने 44 गेंदों पर 43 रन बनाए और आखिरी बल्लेबाज बनीं। हरमनप्रीत ने अपनी पारी में तीन चौके लगाए जबकि मंधाना ने 68 गेंदों पर 58 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया, जो पिछली टी-20 सीरीज 2-1 से हार गया था, पूरी वनडे सीरीज के लिए दो खास खिलाड़ियों के बिना है: एलिस पेरी और किम गार्थ, दोनों को पिछले टी-20 में चोट लग गई थी और अब वे वनडे के बाद खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए फिट होने की रेस में हैं। मेगन शट्ट, जो ओरिजिनल वनडे टीम का हिस्सा नहीं थीं, ग्प में आईं और उन्होंने भारत को कम स्कोर पर रो.कने में अपनी भूमिका निभाई, उन्होंने अपने नौ ओवर में 42 रन देकर 2 विकेट लिए।

## पैट्रिक किप्सन ने एलेक्स डी मिनौर को चौंकाया

**● मैच के बाद किप्सन ने कहा कि यह बहुत अच्छा लग रहा है सब कुछ जरूरी थी, मुझे अच्छी सर्व करनी थी**

**मेक्सिको, वार्ता।** पैट्रिक किप्सन ने सोमवार को एबिएर्टो मेक्सिकनो टेलसेल के पहले राउंड में दूसरे सीड एलेक्स डी मिनौर को 6-1, 6-7(4), 7-6(4) से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

एटीपी टूर वेबसाइट के अनुसार, अमेरिकी क्वालीफायर ने 2024 में इंडियन वेल्स के बाद अपनी पहली टूर-लेवल जीत हासिल करने और अकापुल्को में दूसरे राउंड में आगे बढ़ने के लिए दो घंटे और 39 मिनट तक संघर्ष किया। मैच के बाद किप्सन ने कहा कि यह बहुत अच्छा लग रहा है। सब कुछ जरूरी था। मुझे अच्छी सर्व करनी थी। मुझे अच्छा रिटर्न करना था। मैंने अपना फोरहैंड बहुत जोरदार मारा। किस्मत से, मैं ए सब काफी देर तक कर पाया। डी मिनौर, जिन्होंने 2023 और 2024 में अकापुल्को का टाइटल जीता था, इस महीने की शुरुआत में रोटर्डम का क्राउन जीतने के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे थे। जब उन्होंने डिसाइडिंग सेट में 5-4 से मैच के लिए सर्व किया, तो ऑस्ट्रेलियाई जीत के करीब थे, लेकिन किप्सन ने हिम्मत बनाए रखी और टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया और उलटफेर पूरा किया। 26 साल के खिलाड़ी ने अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 71 परसेंट जीते और मैच के दौरान पांच में से तीन ब्रेक-पॉइंट मौकों को कन्वर्ट किया।

## रैंकिंग में भारत-ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं को फायदा



**● भारत की सीमर अरुंधति ने टी-20 बॉलर्स में करियर की बेस्ट रैंकिंग हासिल की**

**दुबई, वार्ता।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीमों ने ऑस्ट्रेलिया में अपनी कड़ी टक्कर वाली सीरीज के बाद लेटेस्ट आईसीसी महिला टी-20 प्लेयर रैंकिंग में काफी बढ़त हासिल की है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, भारत की सीमर अरुंधति रेड्डी ने टी-20 बॉलर्स में करियर की बेस्ट रैंकिंग हासिल की, जो सीरीज में आठ विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली बॉलर रहीं।

उनकी टीममेट श्री चरणी भी आगे बढ़ीं और 11 स्थान ऊपर चढ़कर 26वें स्थान पर पहुंच गईं। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में, एनाबेल सदरलैंड बॉलिंग रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि एश्ले गार्डनर दो स्थान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गईं। बॉलिंग चार्ट में पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की सादिया इक़बाल टॉप पर बनी हुई हैं। गार्डनर टी-20 ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं। बैटिंग रैंकिंग में, ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल 26 पायदान की शानदार छलांग लगाकर 10वें नंबर पर पहुंच गईं, जबकि उनकी टीममेट फोएबे लिचफील्ड चार पायदान ऊपर चढ़कर 12वें नंबर पर पहुंच गईं। इंडिया की बैटर जेमिमा रोड्रिग्स भी एक पायदान ऊपर चढ़कर 10वें नंबर पर पहुंच गईं। ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी ओपनर बेथ मूनी ने टी-20 बैटिंग रैंकिंग में टॉप पर अपनी जगह बनाए रखी। इस बीच, साउथ अफ्रीका विमेंस क्रिकेट टीम, श्रीलंका विमेंस क्रिकेट टीम, वेस्ट इंडीज विमेंस क्रिकेट टीम और पाकिस्तान विमेंस क्रिकेट टीम के मैचों के बाद लेटेस्ट वनडे रैंकिंग में भी बदलाव देखा गया। साउथ अफ्रीका की सुने लुस वनडे बैटर्स में चार पायदान चढ़कर 30वें नंबर पर और ऑलराउंडर्स की लिस्ट में पांच पायदान ऊपर चढ़कर 17वें नंबर पर पहुंच गईं। उनकी टीममेट मारिजाने कैप वनडे ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में गार्डनर के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गईं। स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा वनडे गेंदबा.जों में बराबर नौवें स्थान पर पहुंच गयीं, जबकि वेस्टइंडीज की करिश्मा रामहरैक चार स्थान ऊपर चढ़कर 26वें स्थान पर पहुंच गईं।

## भारत ने किया वॉशिंगटन सुंदर के चयन का बचाव

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच हुए मैच के टॉस के दौरान जब भारत की प्लेइंग 11 में शामिल खिलाड़ियों के नाम बोले जा रहे थे तब पूरा स्टेडियम एक-एक नाम पर चीयर कर रहा था। हालांकि, जैसे ही लोगों को पता लगा कि उनके घरेलू स्टार अक्षर पटेल प्लेइंग 11 में नहीं हैं और उनकी जगह वाशिगटन सुंदर खेल रहे हैं तो लोग इस एक नाम पर निराश दिखाई दिए। नीदरलैंड्स के खिलाफ अक्षर को आराम देकर वॉशिंगटन को मौका दिया गया था। भारत ने वॉशिंगटन के पूरी तरह फिट होने का इंतजार किया था और उनके किसी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की थी। हालांकि, इस बात की पूरी उम्मीद थी कि टीम के उप-कप्तान और शानदार फॉर्म में

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

**बेथ मूनी ने 79 गेंदों में पांच चोकों और दो छक्कों की मद्द से 76 रनों की विजयी पारी खेली**



**ब्रिस्बेन, वार्ता।** बेथ मूनी (76) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पहले महिला वनडे में मंगलवार को एकतरफा अंदाज में 70 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया।

भारत को 48.3 में 214 रन पर समेटने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने 38.2 ओवर में चार विकेट पर 217 रन बनाकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाने वाली जीत हासिल की। बेथ मूनी ने 79 गेंदों में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 76 रन की मैच विजई पारी खेली। एलिसा हीली ने 70 गेंदों में 50 रन, एनाबेल सदरलैंड ने 44 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 48 तथा फीबी लिचफील्ड ने 32 रन बनाए। बेथ मूनी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। काफी बाउंस वाली पिच पर, इंडिया 48.3 ओवर में 214 रन पर आउट हो गया। वे ज्यादा पार्टनरशिप नहीं कर पाए, जिसमें सबसे बड़ी पार्टनरशिप हरमनप्रीत और काश्वी गौतम के बीच के बीच सातवें विकेट के लिए 53 रन की थी। काश्वी ने असल में बहुत अच्छी बैटिंग की, स्वीप शॉट का बहुत अच्छे से इस्तेमाल करके टीम को 200 के पार पहुंचाया। लेकिन उस पार्टनरशिप और मंधाना की फिफ्टी के अलावा, इंडियन इनिंग्स से कुछ खास सीखने को नहीं मिला। ऑस्ट्रेलिया ने सीम और स्पिन दोनों में डिसिप्लिन में खेला, और उन्होंने वहां के बाउंस के साथ कंडीशन का मजा लिया। स्पिनर्स ने भी काफी टर्न लिया, खासकर अलाना किंग ने तो कमाल ही कर दिया। मंधाना ने 68 गेंदों में सात चौकों की मदद से 58 रन बनाए जबकि हरमनप्रीत ने 84 गेंदों में तीन चौकों के सहारे 53 रन बनाए। काशवी गौतम ने 44 गेंदों में तीन चौकों और तीन छक्कों के सहारे 43 रन का योगदान दिया। ऋचा घोष ने 38 गेंदों में 23 रन बनाए।

## हुबली स्टेडियम के स्टैंड को मिला सुनील जोशी का नाम

**हुबली, वार्ता।** मंगलवार को हुबली के केएससीए स्टेडियम में भारत के पूर्व स्पिनर सुनील जोशी के नाम पर एक स्टैंड का नाम रखना कोई रस्मी सम्मान कम और धैर्य, अनुशासन और शांत उत्कृष्टता पर बनी क्रिकेट यात्रा की झलक ज्यादा थी - यह कहानी कर्नाटक के क्रिकेट के गढ़ से शुरू हुई और बाद में पूरी हुई जब पूर्व स्पिनर को खिलाड़ी और मेंटर दोनों के रूप में सम्मानित किया गया। जोशी की क्रिकेट की जड़ें गडग और हुबली जैसी जगहों पर बनीं, जहां शुरुआती क्रिकेटिंग प्रभावों ने एक युवा स्पिनर को बनाने में मदद की, जो बाद में कर्नाटक के घरेलू ढांचे से आगे बढ़ा और फिर इंटरनेशनल क्रिकेट में अपनी पहचान बनाई। उनका करियर एक ऐसे क्रिकेटर की दुर्लभ तरक्की को दिखाता है जो तकनीकी सटीकता, निरंतरता और मानसिक ताकत से सफल हुआ, और बाद में खुद को आने वाली पीढ़ियों के खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए समर्पित कर दिया। अपने खेल करियर के दौरान, जोशी भारत के भरोसेमंद स्पिन गेंदबाजों में से एक बन गए। उन्होंने 1996 से 2001 के बीच 15 टेस्ट मैचों और 69 वनडे इंटरनेशनल मैचों में देश को रिप्रेजेंट किया और सभी फॉर्मेट में 100 से ज्यादा इंटरनेशनल विकेट लिए। उनकी बॉलिंग की खासियत थी सटीकता, हल्का वेरिएशन और सबकॉन्टिनेंटल पिचों पर टर्न दिलाने की काबिलियत, साथ ही उन्होंने प्रेशर सिचुएशन में निचले क्रम में उपयोगी रन भी बनाए। अपने खेलने के दिनों के अलावा, जोशी का भारतीय क्रिकेट में योगदान कोचिंग और टैलेंट डेवलपमेंट के जिरए जारी रहा। वह आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2026 के दौरान बॉलिंग कोच के तौर पर भारत के विजई सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा थे।

## फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे दूसरे राउंड में



**● पिछले साल रनर-अपर रहे ऑगर-अलियासिमे इस साल के एडिशन में एक कदम और बेहतर करने का लक्ष्य बना रहे हैं**

**दुबई, वार्ता।** फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में जीत के साथ वापसी की, सोमवार को चीन के झांग झिझेन को 6-3, 7-6(4) से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। एटीपी स्टैंडिंग में अभी 8वें नंबर पर मौजूद टॉप सीडेड कनाडाई खिलाड़ी को एटीपी 500 इवेंट के अपने पहले मैच में सीधे सेटों में जीत पक्की करने के लिए छह मैच पॉइंट्स की जरूरत थी।

एटीपी टूर वेबसाइट के मुता.बिक, पिछले साल रनर-अप रहे ऑगर-अलियासिमे इस साल के एडिशन में एक कदम और बेहतर करने का लक्ष्य बना रहे हैं। मैच के बाद ऑगर-अलियासिमे ने कहा कि मैंने एक पॉइंट पर गिनती करना बंद कर दिया( यह बहुत फ्रस्ट्रेटिंग हो रहा था। मैच पॉइंट्स होना वह पोजीशन है जिसमें आप एक खिलाड़ी के तौर पर रहना चाहते हैं, लेकिन यह अजीब है कि दिमाग आपके साथ कैसे चालें चलता है। 25 साल के इस खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले राउंड में ही रिटायरमेंट ले लिया था, लेकिन तब से उन्होंने अच्छी फॉर्म हासिल कर ली है।

उन्होंने अपने पिछले 10 मैचों में से नौ जीते हैं, जिसमें मोंटपेलियर में एक टाइटल और रोटर्डम में रनर-अप फिनिश शामिल है।

ऑगर-अलियासिमे ने झांग के खिलाफ मिले सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए और पहले पांच मौके गंवाने के बाद आखिरकार टाई-ब्रेक में मैच जीत लिया। अब उनका सामना फ्रांस के जियोवानी मपेट्शी पेरीकार्ड से होगा, जिन्होंने ट्यूनीशिया के मोएज इचारगुई को तीन सेट में हराया। एक और पहले राउंड के मैच में, ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस पर 7-6(8), 6-3 से जीत के साथ चोट से वापसी की। ड्रेपर, जो पिछले साल के US ओपन के बाद से बाहर

# जब हम खेलेंगे तो NRR मायने रखेगा : पार्थिव



**● भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 में अहमदाबाद में 76 रन से हार का सामना करना पड़ा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर 8 मैच में अहमदाबाद में 76 रन से हार का सामना करना पड़ा।

जियोस्टार के 'फॉलो द ब्लूज' पर बात करते हुए, जियोस्टार एक्सपर्ट पार्थिव पटेल ने भारत की हार, पावरप्ले में उनकी बैटिंग को लेकर चिंताओं और जिम्बाब्वे के खिलाफ अगले मैच के लिए प्लेइंग ग्प में संभावित बदलावों का विश्लेषण किया। पार्थिव पटेल ने भारत के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की जीत पर कहा कि 12 मैचों की जीत का सिलसिला पक्का खत्म हो गया है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने बेहतर क्रिकेट खेला। मुझे लगा कि उन्होंने बहुत अच्छे से प्लान बनाया था और अपनी स्ट्रेटेजी को बहुत अच्छे से एग्जीक्यूट किया। हालांकि, हार का मार्जिन काफी है, और नेट रन-रेट निश्चित रूप से तब काम आएगा जब हम 1 मार्च को कोलकाता में वेस्ट इंडीज का सामना करने जाएंगे। यह दक्षिण अफ्रीका के लिए एक बड़ी जीत है, और यह सभी मुश्किलों के बावजूद मिली, यह देखते हुए कि इंडियन टीम जिस तरह से खेल रही थी। आपको दक्षिण अफ्रीका को क्रेडिट देना होगा। हां, उन्हें कुछ समय के लिए अहमदाबाद में खेलने का फायदा मिला, लेकिन यह हमारा घर है। जाहिर है, भारतीय टीम वापस जाकर यह देखना चाहेगी कि क्या उन्होंने चीजों को सिपल रखने के बजाय उन्हें कॉम्प्लिकेटेड बना दिया था। पावरप्ले में भारत को जरूरी शुरुआत नहीं मिलने पर पार्थिव पटेल ने कहा कि सिर्फ इस गेम में ही नहीं, बल्कि नामीबिया या अमेरिका और पाकिस्तान के ख लिाफ भी, हालांकि वह बैटिंग के लिए मुश्किल विकेट था, लेकिन जल्दी विकेट खोना भारत के लिए चिंता की बात रही है। जिस तरह से भारत ने पावरप्ले में विकेट खोए हैं, खासकर ऑफ-स्पिनरों के ख लिाफ, वह चिंता की बात है। इस बार यह मार्करम के लिए था। वे बहुत ज्यादा शॉट खेल रहे हैं, एंगल के ख लिाफ जा रहे हैं। शायद वे बैटिंग ऑर्डर में थोड़ा बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं, खासकर टॉप पर तीन लेफ्ट-हैंडर होने पर। वे सूर्यकुमार को नंबर तीन पर भेज सकते थे। मुझे लगा कि भारत इस गेम में ऐसा कर सकता था। जब आप हाई-रिस्क, हाई-रिवॉर्ड वाला गेम खेलते हैं, तो ऐसे दिन आना तय है। पटेल ने संजू सैमसन की प्लेइंग इलेविन में वापसी पर कहा कि मैं अक्षर पटेल को टीम में वापस आते देखना चाहूंगा। उन्होंने पहले भी अहम पारियां खेली हैं। हां, मैच-अप की भी अहमियत है, लेकिन मैं अक्षर पटेल को जरूर लाऊंगा। संजू सैमसन का भी सवाल है। चेन्नई में अब उनकी घर वापसी भी हो सकती है। यह कुछ ऐसा है जिस पर भारत जरूर विचार करेगा।

### सुमित नागल ने बाजी मारी, दूसरे दौर में पहुंचे

**पुणे, वार्ता।** भारत के टॉप रैंक वाले टेनिस स्टार सुमित नागल ने मंगलवार को शिव छत्रपति क्रीड़ा संकुल, म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस स्टेडियम में शानदार परफॉर्मेंस दी, जबकि लोकल टीनेजर और देश के उभरते हुए युवा खिलाड़ी मानस धमने ने हिम्मत दिखाते हुए भारतीय टीम को लीड किया। महा ओपन एटीपी चैलेंजर 75 मेन्स टेनिस चैंपियनशिप को महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन ने महाराष्ट्र सरकार के खेल और युवा सेवा विभाग, के साथ मिलकर ऑर्गनाइज़ किया है और पुणे मेट्रोपॉलिटन रीजनल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने इसे स्पॉन्सर किया है। नागल ने जापान के सातवें सीड रियो नोगुची पर 6-1, 6-2 से शानदार जीत हासिल करके घर में मौजूद दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उन्होंने एक घंटे 9 मिनट में बेसलाइन से खेल पर कंट्रोल करते हुए सीधे सेटों में मैच अपने नाम कर लिया। भारतीय नंबर 1 खिलाड़ी हर डिपार्टमेंट में तेज़ दिखे, लगातार सर्विस तोड़ते हुए आराम से दूसरे राउंड में पहुंचे।

## जिम्बाब्वे-विंडीज टी-20 विश्व कप में ट्रॉफी वॉक को मिला समर्थन

**● इस वॉक ने खेल की शक्ति को बच्चों को प्रेरित करने और उनकी आवाज को वैश्विक मंच पर बुलंद करने पर प्रकाश डाला**

**मुंबई, वार्ता।** यूनिसेफ इंडिया की प्रतिनिधि सिथिया मैककैफ्री ने दो युवा खेल चैंपियंस - 13 वर्षीय आयुष नरसिंहलाल राम और 12 वर्षीय रिया देव नारायण त्रिपाठी (मुंबई) - के साथ सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में जिम्बाब्वे-वेस्ट इंडीज आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप मैच की शुरुआत में औपचारिक ट्रॉफी वॉक में भाग लिया।

इस वॉक ने खेल की शक्ति को बच्चों को प्रेरित करने और उनकी आवाज को वैश्विक मंच पर बुलंद करने पर प्रकाश डाला। यूनिसेफ और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2015 से क्रिकेट फॉर गुड पहल के तहत मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि क्रिकेट की पहुंच का उपयोग बच्चों के अधिकारों और कल्याण को समर्थन देने में किया जा सके। मौके पर बोलते हुए मैककैफ्री ने कहा कि यूनिसेफ और आईसीसी 'क्रिकेट फॉर गुड' साझेदारी के तहत बच्चों के लिए सकारात्मक बदलाव लाने की गहरी प्रतिब( ता साझा करते हैं। पिछले एक दशक में हमारी साझेदारी ने लाखों लोगों तक पहुंच बनाई है। इस वर्ष हम एक सशक्त संदेश 'चीयर फॉर चिल्ड्रन' पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं ताकि हर बच्चे के खेलने के अधिकार को बढ़ावा दिया जा सके। यह बच्चों के लिए वास्तव में एक विशेष क्षण है, जब वे क्रिकेट चैंपियंस के साथ बातचीत करते हैं।

## विंडीज की टी-20 वर्ल्ड कप में रिकॉर्ड जीत के बाद फोकस करने की अपील

**अहमदाबाद, वार्ता।** विंडीज पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान शाई होप ने अपनी टीम से टी-20 वर्ल्ड कप सुपर आठ स्टेज में जिम्बाब्वे पुरुष क्रिकेट टीम पर 107 रन से जीत हासिल करने वाली रिकॉर्ड-तोड़ बैटिंग के बावजूद मैदान पर डटे रहने की अपील की। वेस्टइंडीज ने 254/6 का स्कोर बनाया, जो पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में उनका सबसे बड़ा टोटल था, और श्रीलंका पुरुष क्रिकेट टीम के 260/6 के ऑल-टाइम टूर्नामेंट रिकॉर्ड से सिर्फ छह रन पीछे रह गया। शिमरा.ेन हेटमायर की जबरदस्त पारी ने पारी को संभाला, जिन्होंने सिर्फ 34 गेंदों पर 85 रन बनाए, जिसमें 19 गेंदों में एक तेज हाफ सेंचुरी भी शामिल थी, जिससे कैरेबियाई टीम ने जिम्बाब्वे को हरा दिया। वेस्टइंडीज के स्पिन अटैक ने फिर बैटिंग की कोशिशों को शानदार बॉलिंग परफॉर्मेंस से सपोर्ट किया।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय


बुधवार, 25 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# तीसरी वार्ता पर नजर

एक तरफ जहां गुरुवार से अमेरिका और ईरान के बीच जिनेवा में तीसरे दौर की बातचीत होने जा रही है, तो वहीं दूसरी तरफ जिस तरह के हालात बन रहे हैं, वह बिल्कुल भी आश्वस्त करते दिखाई नहीं दे रहे हैं। अमेरिका-ईरान की ही बात करें, एक तरफ वे वार्ता के माध्यम से किसी हल पर पहुंचने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ युद्ध की तैयारी में भी लगे हुए हैं। अमेरिका जहां ईरान को घेरने के लिए अपने सबसे बड़े बेड़े व आधुनिक युद्ध पोतों से ईरान को घेरे हुए है, तो वहीं ईरान भी किसी भी हमले का जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार होने की बात कह रहा है। अब कोई भी समझ सकता है कि इस तरह के वातावरण में किसी भी वार्ता का क्या हल निकल सकता है। इसलिए लोग गुरुवार को होने वाली वार्ता के विषय में भी ज्यादा शांति की उम्मीद नहीं लगा रहे हैं। पश्चिम देश तो पहले से ही अपने नागरिकों को ईरान छोड़ने की नसीहत दे रहे हैं और अब भारत भी उन देशों में शामिल हो गया है, जिसको अपने नागरिकों की सुरक्षा की चिंता है। भारत ने भी कह दिया है कि जहां भी ईरान में भारतीय नागरिक हों, वे सुरक्षित स्थानों पर जमे रहें और संभव हो तो ईरान को तुरंत छोड़ दें। जाहिर है इस तरह की चेतावनियां तभी दी जाती हैं, जब हालातों के बिगड़ने का अंदेशा होता है। यूं तो अमनपसंद लोग यह चाहते हैं कि ईरान व अमेरिका के बीच परमाणु बेलेस्टिक मिसाइल को लेकर बढ़ता तनाव शांतिपूर्वक तरीके से कम हो जाए, अगर ऐसा नहीं होता, तो इसके बहुत विनाशकारी परिणाम सामने आ सकते हैं। अगर अमेरिका-ईरान के बीच टकराव होता है तो यह केवल दो देशों के बीच का टकराव नहीं होगा। अमेरिका के साथ जहां इजरायल व पश्चिमी देश खड़े दिखाई दे रहे हैं, तो वहीं ईरान के साथ रूस, चीन, उ. कोरिया जैसे देश ईरान को सहयोग देते दिखाई दे रहे हैं। रूस ने तो कह भी दिया है कि वह ईरान के साथ खड़ा है, तो वहीं चीन ने भी ईरान पर हमले की सूरत में गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। ऐसा नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति आज के समय की गंभीरता को नहीं समझते, अगर वह ऐसा न करते तो अब तक कभी का हमला कर चुके होते, लेकिन यहां दूसरी दिक्कत यह भी है कि दोनों ही पक्ष इतनी दूर तक आगे बढ़ चुके हैं जहां से पीछे लौटना इतना आसान भी नहीं है। हालांकि ईरान की इस बात के लिए प्रशंसा करनी होगी कि उसने तनाव कम करने के लिए परमाणु मुद्दों पर बात करने पर अपनी रजामंदी जाहिर की है और कहा है कि अगर उस पर से अमेरिका प्रतिबंध हटाता है तो वह यूरेनियम संवर्धन पर विचार कर सकता है। जबकि अमेरिका बेलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को बंद करने के लिए दबाव डाल रहा है। ईरान ने इससे साफ इन्कार कर दिया है, ऐसे में गेंद अब अमेरिका के पाले में है। वह शांति का रास्ता चुनता है या दुनिया को विनाश के रास्ते पर डालता है।

## कांग्रेस डरने वाली नहीं है



कांग्रेस और उसके कार्यकर्ता नहीं, बल्कि श्री मोदी खुद डरपोक हैं जो संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेने से भी डरते हैं, उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौता कर किसानों का नुकसान किया है और उसके खिलाफ जब युवा कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हैं, तो उन्हें डराने के लिए गिरफ्तार किया जाता है, लेकिन कांग्रेस डरने वाली नहीं है, युवा आज नौकरी के लिए तड़प रहे हैं और देश का माहौल खराब हो चुका है, जिसके कारण मोदी जी के प्रति लोगों में भारी रोष है, श्री ट्रम्प के सामने उन्होंने घुटने टेक दिए, नाक रगड़कर उनकी सारी शर्तों को मान लिया, जिससे पूरा देश शर्मिंदा हो गया। जो काम हमारे किसानों की भलाई और मदद के लिए किया जाना चाहिए था, उसकी बजाय किसानों का नुकसान करने की बातचीत की गई।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

# कानूनी ब्लैक होल्स की धारणा

30 अप्रैल 2020 के दिन नासा ने तीन निजी कंपनियों को 2024 का चंद्र अभियान पूरा करने के लिए 96.7 करोड़ डॉलर का एक संयुक्त ठेका दिया था। नासा के प्रशासक जिम ब्राइंडस्टोन ने दावा किया था कि यह वह अंतिम मोहरा है जिसकी जरूरत अमेरिका को चंद्रमा तक पहुंचने के लिए थी। इस बात को मीडिया में तो खूब प्रसारित किया गया था, लेकिन इस बात पर बहुत कम चर्चा हुई थी कि अंतरिक्ष अभियानों को लेकर जो मौजूदा कानून संधियां हैं वे निजी कंपनियों के उपक्रमों पर किस हद तक लागू होते हैं। दरअसल, कॉर्पोरेट जगत द्वारा धरती से बाहर कदम जमाने के चलते आशाओं और चिंताओं दोनों को हवा मिली है। चिंताएं और आशाएं अंतरिक्ष में बढ़ते पूंजीगत निवेश के संभावित लाभों को लेकर हैं।

1967 में राष्ट्र संघ बाह्य अंतरिक्ष संधि OST मंजूर की गई थी। यह यूएस के तथाकथित नव-अंतरिक्ष किरदारों के उदय के संदर्भ में विश्लेषण का एक ढांचा माना गया था। इस लेख का तर्क है कि बाह्य अंतरिक्ष में निजी कंपनियों की मौजूदगी को लेकर कई महत्वपूर्ण कानूनी अस्पष्टताएं हैं। इन खामियों की वजह से ही यूएस सरकार को यह गुंजाइश मिली है कि वह OST के अंतर्गत अपने दायित्वों को दरकिनार कर सके और साथ ही संरचना को परिवर्तित करके अंतरिक्ष की वैश्विक साझा संसाधन की धारणा को ठेस पहुंचा सके। OST के अंदर अंतरिक्ष के संसाधनों को लेकर निजी संपदा अधिकारों को लेकर विशिष्ट प्रावधान न होने के कारण यह जोखिम पैदा हो रहा है कि धरती के संसाधनों में जो गैर-बराबरी है वह, और अंतरिक्ष में यूएस का दबदबा दोनों अंतरिक्ष के संसाधनों पर भी लागू हो जाएंगे। इस तरह से, अंतरिक्ष के लाभ एक व्यापक विश्व समुदाय की बजाय मुट्ठीभर धनवान अमेरिकी निवेशकों के हाथों में सिमट जाएंगे।

इसके अलावा, OST में अंतरिक्ष निरीक्षण के नियमन को लेकर जो कमजोर प्रावधान हैं, उनके चलते यूएस उपग्रहों के नेटवर्क global panopticon को बढ़ावा मिलेगा। दोहरे उपयोग वाली टेक्नॉलॉजी के उभार की वजह से सैन्य और नागरिक अवलोकनों के बीच का अंतर धुंधला पड़ रहा है। इसके चलते यूएस द्वारा अंतरिक्ष-आधारित डैटा संग्रह की प्रकृति को लेकर गंभीर नैतिक चिंताएं पैदा हुई हैं और अंतिम बात कि निजी उपग्रहों की बढ़ती संख्या इस बात की संभावना बढ़ा रही है कि अंतरिक्ष में फैले मलबे के बीच भयानक टक्करें होंगी और भू-राजनैतिक तनाव बढ़ेंगे। इस तरह के विकास की वजह से अंतरिक्ष में ऐसे अपमिश्रण की आशंका भी कई गुना बढ़ गई है, जिसकी कल्पना OST में नहीं की गई थी।

### राष्ट्र संघ बाह्य अंतरिक्ष संधि और नव-अंतरिक्ष किरदार

हालांकि OST 1967 में अस्तित्व में आई थी, लेकिन संभवत: आज भी यही एक प्रासंगिक उपकरण है जिसके तहत बाह्य अंतरिक्ष में राज्य तथा गैर-राज्य गतिविधियों का विश्लेषण किया जा सके। शीत युद्ध के चरमोत्कर्ष पर अंतरिक्ष के सैन्यकरण तथा राष्ट्रों द्वारा आकाशीय पिंडों पर कब्जे, दोनों की रोकथाम के संदर्भ में OST का प्रमुख स्थान है। 100 से ज्यादा राष्ट्रों ने इसका अनुमोदन किया है, जिनमें यूएस, रूस व चीन जैसे प्रमुख अंतरिक्ष यात्री राष्ट्र शामिल हैं और इस प्रकार से यह संधि एक अधिकारिक दस्तावेज के तौर पर व्यापक रूप से मान्य है और यही बाद में बनने वाली अन्य अंतरिक्ष संधियों का आधार रही है। यह संधि बाद के दस्तावेजों से इस मायने में भिन्न है कि कई देश इन पर हस्ताक्षर करने से कतराते रहे हैं। उदाहरण के तौर पर 1972 की चंद्रमा संधि जिसका उद्देश्य चंद्र अभियानों और विकास में सहयोग को बढ़ावा देना है। बाह्य अंतरिक्ष के क्षेत्र में शामिल हो रहे अमेरिकी किरदारों में बहुत विविधता आई है। हालांकि ए 1950 के दशक से ही नासा के साथ काम करते रहे हैं, लेकिन तब व्यावसायिक उद्यम मूलत: रॉकेटों तथा अंतरिक्ष गतिविधियों से सम्बंधित अन्य पुर्जों का उत्पादन किया करते थे, लेकिन अपोलो 11 के चांद पर उतरने के बाद से नासा के बजट में कुल मिलाकर तेज गिरावट देखी गई और इसके साथ ही सरकारी कार्यों के निजीकरण की प्रवृत्ति भी बढ़ी। इसकी वजह से निजी अंतरिक्ष कंपनियों की क्षमताएं और नजरिया दोनों बदले हैं। एक ओर अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में विश्व स्तर पर विस्तार हो रहा है, वहीं 2012 से 2013 के दरम्यान सरकारों का खर्च 1.3 प्रतिशत कम हुआ है और व्यावसायिक क्षेत्र में लगभग 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। निजी अंतरिक्ष क्षेत्र में विस्तार का प्रमुख जोर तथाकथित 'नव-अंतरिक्ष' किरदारों से आया है। यह मूलत: यूएस स्थित उद्यमी हैं जो 30 से अधिक वर्षों से अंतरिक्ष को व्यावसायिक क्षेत्र बनाने का प्रयास करते आए हैं। अर्थव्यवस्था के उदारवादी नजरिए से चालित और अंतरिक्ष खोजबीन में नासा की ऐतिहासिक पकड़ के आलोचक यह किरदार स्वयं को 'अंतिम मोर्चे' के अग्रणि किरदार कहते आए हैं जो निजी वित्तपोषित अंतरिक्ष अभियानों के जरिए मानवता को विलुप्ति से बचाएंगे।

### पृथ्वी के नजदीकी पिंड और संसाधन का खनन, अंतरिक्ष में यूएस की निजी संपत्ति

अपोलो अभियानों की मदद से प्राप्त चंद्रमा की चट्टानों के नमूनों में हीलियम-3 जैसे दुर्लभ तत्व हैं जो पृथ्वी पर पारंपरिक नाभिकीय परमाणु बिजली घरों की अपेक्षा ज्यादा बिजली पैदा कर सकते हैं और इनमें कचरा भी कम पैदा होगा। ऐसे ही संसाधनों ने धरती से परे



संसाधनों के खनन के लिए प्रलोभन-प्रोत्साहन प्रदान किया है। इस विचार को और बल मिला जब यह पता चला कि पृथ्वी के नजदीकी पिंडों (जैसे तथाकथित एंटेरॉस क्षुद्र ग्रह) में शायद पांच खरब डॉलर मूल्य का मैग्नीशियम सिलिकेट और एल्युमिनियम मौजूद है।

अंतरिक्ष-यात्री राष्ट्रों द्वारा अंतरिक्ष के संसाधनों पर कब्जा करने के ऐसे संभावित प्रयासों के मद्देनजर राष्ट्र संघ OST के अनुच्छेद II में घोषित किया गया था कि बाह्य अंतरिक्ष पर राष्ट्रीय संप्रभुता के आधार पर, कब्जा करके, उसका उपयोग करके या अन्य किसी तरीके से, अधिग्रहित करने की अनुमति नहीं है। राष्ट्रीय संप्रभुता के दावों पर जोर देने का मुख्य सरोकार उस समय जारी शीत युद्ध के माहौल से था, जब अंतरिक्ष गतिविधियां पूरी तरह सरकारी संस्थाओं का एकाधिकार थीं और इन्हें सैन्य वर्चस्व या राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के उद्देश्य से शुरू किया जाता था। अलबत्ता, 1980 के दशक से अंतरिक्ष उद्योग के निजीकरण का अर्थ हुआ है कि उक्त कानून में अंतरिक्ष में संसाधनों के निजी दोहन के नियमन को लेकर कई कानूनी अस्पष्टताएं हैं और व्याख्या की गुंजाइश है। जैसा कि एम. शेयर ने दर्शाया है, अनुच्छेद आईआई इस समस्या को संबोधित करने में असफल रहता है कि अंतरिक्ष का दोहन वित्तीय लाभ के लिए करने पर या निजी उद्योग द्वारा उस पर अपना अधिकार जताने पर क्या किया जाएगा। बहरहाल, राष्ट्र संघ संधि का अनुच्छेद VI कहता है राष्ट्रीय अंतरिक्ष गतिविधियों के लिए राज्य जिम्मेदार होगा, चाहे वे गतिविधियां सरकारी एजेंसी द्वारा की जाएं या गैर-सरकारी एजेंसियों द्वारा। कई विशेषज्ञों का मानना है कि यह अनुच्छेद निजी अंतरिक्ष कॉर्पोरेशन्स की गतिविधियों पर काफी अंकुश लगा सकता है, क्योंकि इसके अंतर्गत निजी एजेंसियों की गतिविधियों का दायित्व भी राज्य पर होगा। अलबत्ता, यूएस सरकार ने हाल ही में एक कानून लागू किया है जिसमें इस अनुच्छेद का फायदा उठाया गया है ताकि अपने प्रतिबंधों को बायपास कर सके और अंतरिक्ष में यूएस के आर्थिक दबदबे को मजबूत कर सके। 2015 के यूएस अंतरिक्ष कानून के पारित होने से यूएस के नागरिकों को अंतरिक्ष से प्राप्त हुए संसाधनों को अपने पास रखने, उनके स्वामित्व, परिवहन और बिक्री का अधिकार मिल गया है अर्थात इसमें सावधानीपूर्वक राष्ट्रीय संप्रभुता के दावे को छोड़ दिया गया है। तो, चाहे वह कोई अमेरिकी निजी कंपनी हो या सार्वजनिक उद्यम हो, यूएस अपने भू-राजनैतिक हितों की पूर्ति कर रहा है जिसके लिए वह अमेरिकी लाभ के लिए अंतरिक्ष के संसाधनों को समेट रहा है। इस तरह से राष्ट्र की सॉफ्ट शक्ति में चीन जैसे अंतरिक्ष-यात्री देशों की कीमत पर इजाफा हो रहा है। दरअसल, नव-अंतरिक्ष किरदारों ने विधेयक के पारित होने से पहले इन सामरिक सरोकारों को चतुराई से उछाला था। जैसे अरबपति अंतरिक्ष उद्यमी रॉबर्ट बिजलो ने दावा किया था कि सबसे बड़ा खतरा चांद पर निजी उद्यमियों से नहीं है बल्कि इस बात से है कि अमेरिका सोता रहे, कुछ न करे जबकि चीन आगे आए। सर्वेक्षण करे और ख्चांद पर, दावा ठोंक दे।

यूएस सरकार द्वारा निजी कंपनियों को समर्थन से संभावना है कि संपदा में पृथ्वी-आधारित गैर-बराबरी को अंतरिक्ष में मजबूत किया जाएगा। कई नव-अंतरिक्ष किरदार अंतरिक्ष में अपनी दीर्घावधि महत्वाकांक्षाओं को मानवीय सुर में ढालते हैं। जैसे, वे यह वादा करेंगे कि वे मानव जाति को आसन्न विलुप्ति के खतरे से बचाने के लिए अंतरिक्ष में बस्तियां बनाएंगे। अलबत्ता, इस तरह का विमर्श शायद ही उनकी खालिस निजी प्रकृति को छुपा सके। वे यह कहते नजर आते हैं कि पूरे मामले में आम नागरिकों का हित जुड़ा है लेकिन हकीकत यह है कि ए अंतरिक्ष अग्रदूत वास्तव में एक छोटे से ब्रह्मांडीय आभिजात्य समूह के सदस्य हैं, Amazon.com, Microsoft, Pay Pal के संस्थापक और तरह-तरह के गेम डिजाइनर तथा होटल व्यवसाई। वास्तव में, निजी अंतरिक्ष उद्यमियों ने स्वयं सुझाव दिया है कि उन पर कोई दायित्व नहीं होना चाहिए कि वे अंतरिक्ष से प्राप्त खनिज संसाधनों को विश्व समुदाय के साथ साझा करें। यह बात नाथन इंग्राहम (टेकसाइट Engad.steroid mining के वरिष्ठ संपादक) के भाषण में साफ प्रतिबिंबित हुई थी। उन्होंने कहा था कि क्षुद्रग्रह खनन कैसा होगा यह इस बात पर निर्भर है कि हअमेरिका अंतरिक्ष में कैसे आगे बढ़ता है और अगली वेगास स्ट्रिप कैसे विकसित करता है। ऐसी टिप्पणियां उस चीज को रेखांकित करती हैं जिसे बीयरी 'स्केलर पोलिटिक्स' कहते हैं।

...साभार एस.एस.

# कैसे बचना है एड्स से, बस यही जरूरी है

## एड्स से बचाव

एड्स से बचाव के लिए सामान्य व्यक्ति को एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के वीर्य, योनि स्राव अथवा रक्त के संपर्क में आने से बचना चाहिए। साथ ही साथ एड्स से बचाव के लिए निम्नलिखित सावधानियां बरतनी चाहिए। पीड़ित साथी या व्यक्ति के साथ योनि सम्बन्ध स्थापित नहीं करना चाहिए, अगर कर रहे हों तो सावधानीपूर्वक कंडोम का प्रयोग करना चाहिए, लेकिन कंडोम इस्तेमाल करने में भी कंडोम के फटने का खतरा रहता है और अपने जीवनसाथी के प्रति वफादार रहें, एक से अधिक व्यक्ति से यौन संबंध ना रखें। खून को अच्छी तरह जांचकर ही उसे चढ़ाना चाहिए। कई बार बिना जांच के खून मरीज को चढ़ा दिया जाता है जो कि गलत है। इसलिए डॉक्टर को खून चढ़ाने से पहले पता करना चाहिए कि कहीं खून एचआईवी दूषित तो नहीं है।

एड्स का मतलब है उपार्जित प्रतिरक्षा अपूर्णता सहलक्षण एड्स मानव प्रतिरक्षा अपूर्णता विषाणु से होता है। जो कि मानव की प्राकृतिक प्रतिरोधी क्षमता को कमजोर करता है। एचआईवी शरीर की रोग प्रतिरोधी क्षमता पर आक्रमण करता है, जिसका काम शरीर को संक्रामक बीमारियों, जो कि जीवाणु और विषाणु से होती हैं से बचाना होता है। एचआईवी रक्त में उपस्थित प्रतिरोधी पदार्थ लसीका-कोशो पर हमला करता है। यह पदार्थ मानव को जीवाणु और विषाणु जनित बीमारियों से बचाते हैं और शरीर की रक्षा करते हैं। जब एचआईवी द्वारा आक्रमण करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता क्षय होने लगती है, तो इस सुरक्षा कवच के बिना एड्स पीड़ित लोग भयानक बीमारियों क्षय रोग और कैंसर आदि से पीड़ित हो जाते हैं और शरीर को कई अवसरवादी संक्रमण यानि आम सर्दी जुकाम, फुफ्फुस प्रदाह इत्यादि घेर लेते हैं। जब क्षय और कर्क रोग शरीर को घेर लेते हैं, तो उनका इलाज करना कठिन हो जाता है और मरीज की मृत्यु भी हो सकती है।

## एड्स कैसे फैलता है

अगर एक सामान्य व्यक्ति एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के वीर्य, योनि स्राव अथवा रक्त के संपर्क में आता है, तो उसे एड्स हो सकता है। आमतौर पर लोग एचआईवी पॉजिटिव होने को एड्स समझ लेते हैं, जो कि गलत है, बल्कि एचआईवी पॉजिटिव होने के 8-10 साल के अंदर जब संक्रमित व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता क्षीण हो जाती है। तब उसे घातक रोग घेर लेते हैं और इस स्थिति को एड्स कहते हैं। एड्स ज्यादातर चार माध्यमों से होता है। पीड़ित व्यक्ति के साथ असुरक्षित योनि सम्बन्ध स्थापित करने से। दूषित रक्त से, संक्रमित सुई के उपयोग से, एड्स संक्रमित मां से उसके होने वाली संतान को।

## एड्स के लक्षण

एचआईवी से संक्रमित लोगों में लम्बे समय तक एड्स के कोई लक्षण दिखाई नहीं देते। लंबे समय तक (3, 6 महीने या अधिक) एचआईवी का भी औषधिक परीक्षण से पता नहीं लग पाता। अधिकतर एड्स के मरीजों को सर्दी, जुकाम या विषाणु बुखार हो जाता है पर इससे एड्स होने का पता नहीं लगाया जा सकता। एचआईवी वायरस का संक्रमण होने के बाद उसका शरीर में धीरे-धीरे फैलना शुरू होता है। जब वायरस का संक्रमण शरीर में अधिक हो जाता है, उस समय बीमारी के लक्षण दिखाई देते हैं। एड्स के लक्षण दिखने में आठ से दस साल का समय भी लग सकता है। ऐसे व्यक्ति को, जिसके शरीर में एचआईवी वायरस हों पर एड्स के लक्षण प्रकट न हुए हों, एचआईवी पॉजिटिव कहा जाता है।

## एड्स के कुछ प्रारंभिक लक्षण

वजन का काफी हद तक काम हो जाना, लगातार खांसी बने रहना, बार-बार जुकाम का होना, बुखार, सिरदर्द, थकान, शरीर पर निशान बनना, हैजा, भोजन से अरूचि, लसीकाओं में सूजन, ध्यान रहे कि ऊपर दिए गए लक्षण अन्य सामान्य रोगों के भी हो सकते हैं। अत: एड्स की निश्चित रूप से पहचान केवल और केवल, औषधीय परीक्षण से ही की जा सकती है व की जानी चाहिए। एचआईवी की उपस्थिति का पता लगाने हेतु मुख्यत:



एंजाइम लिंक्ड इम्यूनोएब्जॉर्बेंट एसेस यानि एलिसा टेस्ट किया जाता है।

## एड्स के बारे में फैली हुई भ्रांतियां

बहुत सारे लोग समझते हैं कि एड्स पीड़ित व्यक्ति के साथ खाने, पीने, उठने, बैठने से हो जाता है जो कि गलत है। यह समाज में एड्स के बारे में फैली हुई भ्रांतियां हैं। सच तो यह है कि रोजमर्रा के सामाजिक संपर्कों से एचआईवी नहीं फैलता जैसे कि पीड़ित के साथ खाने-पीने से, बर्तनों की साझीदारी से, हाथ मिलाने या गले मिलने से, एक ही टॉयलेट का प्रयोग करने से, मच्छर या अन्य कीड़ों के काटने से, पशुओं के काटने से, खांसी या छींकों से, एड्स का उपचार, एड्स के उपचार में एंटी रेट्रोवाइरल थेरपी दवाइयों का उपयोग किया जाता है। इन दवाइयों का मुख्य उद्देश्य एचआईवी के प्रभाव को काम करना, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना और अवसरवादी रोगों को ठीक करना होता है। समय के साथ-साथ वैज्ञानिक एड्स की नई-नई दवाइयों की खोज कर रहे हैं, लेकिन सच कहा जाए तो एड्स से बचाव ही एड्स का बेहतर इलाज है।

# मानव पहले से इतना हिंसक था!



मानवविज्ञानियों के बीच यह बहस का विषय रहा है कि क्या मनुष्य सदा से इतना ही क्रूर और हिंसक था, या पहले कम हिंसक था और अब अधिक हो गया है और इस मामले में दो मत रहे हैं-पहला, खेती की शुरुआत होने के पहले तक मानव सभ्यताएं शांत-स्वभावी थीं और मैत्रीपूर्ण माहौल थाय दूसरा, कृषि के पहले मानव बस्तियां क्रूर थीं और लड़ने को तत्पर थीं, और जब उन्होंने मिल-जुल कर खेती करना शुरू किया तो शांतिपूर्ण हो गईं, लेकिन इनमें से किसी भी मत के पक्ष में ठोस सबूत नहीं मिले थे और दोनों ही मतों पर संदेह बना रहा। हालिया अध्ययन इसी सवाल पर कोई मत बनाने का प्रयास है और निष्कर्ष है कि इतिहास में मनुष्य की प्रवृत्ति को किसी एक खांचे, अधिक शांत या अधिक हिंसक, में नहीं रखा जा सकता। कोई मानव समाज कब-कितना हिंसक रहा इसे एक सीधी ऊपर जाती या सीधी नीचे उतरती रेखा से नहीं दर्शाया जा सकता है। बार्सिलोना विश्वविद्यालय के आर्थिक इतिहासकार जियोकोमो बेनाटी और उनके साथियों द्वारा नेचर ह्यूमन बिहेवियर में प्रकाशित नतीजों के अनुसार, दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग कारणों से कई बार हिंसा भड़की और शांति बनी। इन निष्कर्षों तक पहुंचने के लिए शोधकर्ताओं ने वर्तमान तुर्की, ईरान, इराक, सीरिया, लेबनान, इस्राइल और जॉर्डन में खुदाई में पाए गए कंकालों का विश्लेषण किया। अध्ययन में इन स्थानों पर 12,000 ईसा पूर्व से 400 ईसा पूर्व काल तक के 3500 से अधिक मानव कंकालों को देखा गया। उन्होंने पाया कि मानव समाज में सामाजिक-आर्थिक उथल-पुथल और बदलती जलवायु के दौर में पारस्परिक हिंसा अधिक दिखती है-मुख्य रूप से सिर पर आघात के मामले काफी मिलते हैं। फिर शोधकर्ताओं ने उन खोपड़ियों को ध्यान से देखा जो टोपी-किनारे की रेखा के ऊपर क्षतिग्रस्त हुई थीं। टोपी-किनारे की रेखा कपाल पर एक ऐसी काल्पनिक रेखा है जिसके आधार पर मानवविज्ञानी बताते हैं कि चोट किसी दुर्घटना के कारण लगी है या इरादतन प्रहार किया गया था। मसलन गिरने के कारण लगने वाली चोटें आंख, नाक और भौंह के आसपास लगती हैं, जबकि खोपड़ी के ऊपरी हिस्से पर चोट किसी प्रहार के कारण लगती है। इसके अलावा उन्होंने हथियार से संबंधी चोटों की पुष्टि के लिए कंकाल के अन्य हिस्सों की भी जांच की, जैसे कि घोंपने के निशान या बचाव करते समय हड्डी में आया फैक्चर वगैरह। हालांकि, शोधकर्ताओं ने चोट के इन निशानों पर कम भरोसा किया, क्योंकि इनमें यह पहचानना मुश्किल है कि यह निशान प्रहार के नतीजे हैं या दुर्घटना के। फिर भी विश्लेषण से यह पता चलता है कि प्राचीन मध्य पूर्व में हिंसा 6500 से 5300 साल पहले तक ताम्रपाषाण युग के दौरान चरम पर थी। इसके बाद प्रारंभिक और मध्य कांस्य युग के दौरान यह बहुत कम हो गई क्योंकि समूहों ने आक्रामक व्यवहार को नियंत्रित करने की अपनी क्षमता को मजबूत कर लिया था। लौह युग की शुरुआत में, करीब 3000 साल पहले, फिर से बढ़ गई थी।

मध्य पूर्वी क्षेत्र में ताम्रपाषाण काल एक संक्रमणकाल था। बस्तियां फैल रही थीं, राज्य बनने लगे थे, और लकड़ी व पत्थर के औजारों की जगह धातु के औजार लेते जा रहे थे। बढ़ती आबादी, अधिक हकदारी तथा बेहतर हथियारों के चलते हिंसा बढ़ने लगी। इसी तरह, लौह युग में हथियारों की गुणवत्ता कांस्य युग से बेहतर हो गई थी और असीरियन साम्राज्य के सत्ता में आने के साथ ही राजनैतिक पुनर्गठन भी हुआ था। और तो और, राजनैतिक और तकनीकी उथल-पुथल के अलावा यह क्षेत्र एक बड़े जलवायु परिवर्तन से भी गुजरा . करीब 300 साल लंबा सूखा पड़ा, जिसने हजारों लोगों को विस्थापित कर दिया और भीषण अकाल पड़ा। यह निष्कर्ष वर्तमान जलवायु परिवर्तन सम्बंधी चुनौती के लिए एक कड़ी चेतावनी देते हैं। कई विशेषज्ञों की चिंता है कि जैसे-जैसे पृथ्वी का तापमान बढ़ेगा, वैसे-वैसे मनुष्यों में हिंसक संघर्ष भी बढ़ेगा, लेकिन साथ ही शोधकर्ता अपने नतीजों के बारे मे आगाह भी करते हैं कि ए नतीजे समूह के व्यवहार को दर्शाते हैं, ए एक व्यक्ति के दूसरे व्यक्ति से बर्ताव के बारे में नहीं हैं। अलबत्ता, इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि चरम जलवायु घटनाओं से संघर्ष उपज सकता है। लेकिन इस बात के भी प्रमाण हैं कि जब ऐसी संस्थाएं मौजूद होती हैं जो हिंसा को कम कर सकती हैं तो संघर्ष को कम किया जा सकता है। बहरहाल, इतिहास से सबक लेकर ऐहतियात बरतने और संघर्षों को टालने की योजना बनाने में कोई बुराई नहीं है।

## आक्रामक नर मेंढक से बचाव

प्रजनन के लिए मेंढक प्रजातियों में नर दो में से किसी एक रणनीति उपयोग करते हैं – या तो वे किसी जगह बैठकर मादा को पुकारते हैं और उनके आने का इंतजार करते हैं, या वे लगातार मादा की तलाश करते हैं और कम समय में अधिक से अधिक मादाओं के साथ संभोग करने की कोशिश करते हैं। अधिक से अधिक मैथुन करने के प्रयास में अक्सर, एक ही मादा पर कई नर चढ़ जाते हैं जिससे मेंढकों का गुत्थमगुत्था सा ढेर बन जाता है, जो मादा को गंभीर रूप से घायल कर सकता है और उसकी जान तक जा सकती है। यूरोपीय मेंढक Rana temporaria संभोग के लिए यही दूसरी रणनीति अपनाते हैं। सर्दियों की लंबी शीतनिद्रा से जागने के बाद युरोपीय नर मेंढक संभोग के लिए मादाओं के पीछे भागते हैं, उन्हें डराते हैं और उन्हें संभोग के लिए मजबूर करते हैं। चूंकि नर मेंढकों की संख्या मादाओं से काफी अधिक होती है इसलिए हालात मादाओं के लिए और भी बुरे हो जाते हैं। वैज्ञानिकों को अब तक लगता था कि नर के इस संभोग हमले से बचने में मादा असहाय होती है, लेकिन रॉयल सोसायटी बी में प्रकाशित नतीजों से पता चलता है कि ए मादाएं इतनी भी असहाय नहीं होती और अवांछित संभोग से बचने के लिए वे कई युक्तियां अपनाती हैं-जैसे वे शरीर को घुमाकर नर के चंगुल से निकल भागती हैं, नर होने का स्वांग रचती हैं, यहां तक कि मरने का नाटक भी करती हैं। इस बात का पता वैकासिक और व्यवहार जीवविज्ञानी कैरोलिन डीट्रिच को तब लगा जब वे युरोपीय मेंढकों में एक अन्य बात की जांच कर रही थी . चूंकि बड़ी साइज की मादाएं अधिक अंडे दे सकती हैं तो क्या नर मेंढक संभोग के लिए शरीर की साइज के आधार पर मादा साथी चुनते हैं? शोधकर्ताओं को नर का किसी विशिष्ट डील-डौल वाली मादा के प्रति झुकाव तो नहीं दिखा, लेकिन उन्होंने पाया कि मादाएं अवांछित नर से बचने के लिए मुख्यत: तीन रणनीति अपना रही थीं। अधिकतर मामलों में वे पानी में नर के नीचे अपने शरीर को घुमाकर उसकी बाहों से निकलने का प्रयास कर रही थीं। मादाएं नर को मूर्ख भी बना रही थीं। वे इस बात का भी फायदा उठाती हैं कि नर संभोग-साथी के मामले में ज्यादा नखरैल नहीं होते। अधिक से अधिक संभोग के चक्कर में युरोपीय नर मेंढकों का जिससे भी सामना होता है वे उसके साथ संभोग कर लेते हैं। यहां तक कि वे अन्य नरों के साथ, युरोपीय मादा मेंढक की तरह दिखने वाले युरोपीय भेक यानी टोड के साथ, और यहां तक कि सर्वथा अलग प्रकार के उभयचरों के साथ भी संभोग कर लेते हैं। अब कोई नर मेंढक दूसरे नर पर चढ़ने की कोशिश करता है तो दूसरा मेंढक घुरघुराने की आवाज निकाल कर गलती का एहसास कराता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान में सैन्य हेलीकॉप्टर हादसे में चार लोगों की मौत

**तेहरान।** ईरान के इस्फहान प्रांत में मंगलवार सुबह सेना का एक हेलीकॉप्टर फल और सब्जी मंडी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। अर्ध-सरकारी संवाद समिति फार्स ने यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह 9:09 बजे विमान बाजार के स्टाल से टकराया, जिससे पायलट, सह-पायलट और दो विक्रेताओं की मौत हो गई। प्रांतीय आपातकालीन चिकित्सा सेवा संगठन के प्रमुख अली नसीरी के हवाले से फार्स ने बताया कि घटना के तुरंत बाद चार एम्बुलेंस मौके पर भेजी गईं।

### जापान में बस और कार की टक्कर, नौ बच्चों सहित 14 घायल

**टोक्यो।** जापान के फुकुओका प्रान्त में मंगलवार सुबह एक स्कूली बच्चों की बस और कार के बीच हुई भिड़ंत में 14 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा ओंगा शहर के एक चौराहे पर स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 9 बजे हुआ। इस दुर्घटना में घायल होने वालों में शुरूआती कक्षाओं में पढ़ रहे नौ बच्चे, स्कूल के 4 कर्मचारी और कार का चालक शामिल है। सभी घायलों को तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ताकि दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।

### भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच 'वज्र प्रहार' अभ्यास कल से

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका की सैनिक टुकड़ियों के बीच बुधवार से हिमाचल प्रदेश के बकलोह स्थित स्पेशल फोर्स ट्रेनिंग स्कूल में शुरू होने वाले अभ्यास 'वज्र प्रहार' में हिस्सा लेने के लिए अमेरिकी दल भारत पहुंच गया है। तीन सप्ताह तक चलने वाले इस अभ्यास में भारतीय सेना की ओर से स्पेशल फोर्स इकाई के 45 सैनिक हिस्सा ले रहे हैं जबकि अमेरिका की ओर से वहां की स्पेशल फोर्स ग्रीन बेरेट्स के 12 सैनिक शामिल होंगे।

## गर्लफ्रेंड का पीछा कर ड्रग माफिया तक पहुंची सेना

### एल मेंचो की मौत से मेक्सिको के 20 राज्यों में भड़की हिंसा, अब तक 25 सैनिक समेत 25 की मौत



■ कई जगह रोडब्लॉक लगाए गाड़ियों और 20 से ज्यादा सरकारी बैंक शाखाओं में आग लगा दी गई

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में सेना ने रविवार को एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। मेक्सिको के रक्षा मंत्री रिकार्डो ट्रेविला के मुताबिक मेंचो की लोकेशन का पता उसकी गर्लफ्रेंड के जरिए चला। सेना उसे लंबे समय से ट्रैक कर रही थी।

एल मेंचो की मौत के बाद भी हिंसक प्रदर्शन हुए। बीबीसी के मुताबिक मेंचो के समर्थकों ने 20 राज्यों में हिंसा फैला दी। कई जगह रोडब्लाक लगाए, गाड़ियों और 20 से ज्यादा सरकारी बैंक शाखाओं में आग लगा दी गई। जालिस्को में लॉकडाउन के हालात हैं। ये शहर फीफा 2026 के मेजबान शहरों में शामिल है। अलग-अलग शहरों में कम से कम 32 मौतें हुई हैं, जिसमें 25 सैनिक शामिल है। ऑपरेशन के दौरान सेना ने बख्तरबंद गाड़ियां और राकेट लान्चर सहित बड़ी संख्या में हथियार जब्त किए। सेना के ऑपरेशन के दौरान एल मेंचो घायल हो गया था। उसे एयरलिफ्ट कर मेक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में मेंचो के अलावा अन्य 8 अपराधी भी मारे गए। ट्रेविला ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि खुफिया एजेंसियों ने एल मेंचो की गर्लफ्रेंड से जुड़े एक भरोसेमंद साथी की पहचान की थी। उसकी गतिविधियों पर नजर रखी गई। इसी व्यक्ति ने एल मेंचो की प्रेमिका को जालिस्को के पास एक कंपाउंड में पहुंचाया था, जिसका पीछा करते-करते सेना कैंपस तक पहुंच गई। जब महिला वहां से निकली तो अधिकारियों को यकीन हो गया कि भारी सुरक्षा के बीच एल मेंचो कंपाउंड के अंदर ही मौजूद है। इसके बाद सुरक्षाबलों ने तुरंत ऑपरेशन शुरू कर दिया और एक दिन बाद पूरे इलाके को घेर लिया। उन्होंने बताया कि सेना की घेराबंदी के दौरान मेंचो के वफादार बंदूकधारियों ने सेना पर फायरिंग शुरू कर दी। सेना ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें मेंचो घायल हो गया। उसके साथी उसे लेकर पास के जंगल में भाग गए। काफी मशक्कत के बाद सैनिकों ने उसे खोज निकाला। घायल माफिया को हेलिकाप्टर से मेडिकल सेंटर ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने और उसके दो बाडीगार्ड ने दम तोड़ दिया। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक एल मेंचो, जालिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल (सीजेएनजी) का प्रमुख था। जालिस्को कार्टेल मेक्सिको में ड्रग्स बनाने और बेचने, स्थानीय कारोबारियों से वसूली करने और कई इलाकों में लोगों को डराकर रखने के लिए कुख्यात रहा है। इस कार्टेल की मौजूदगी अमेरिका के 50 राज्यों में है। अमेरिकी सरकार ने अल मेंचो के ऊपर 136 करोड़ रुपये का इनाम रखा था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प काफी समय से मेक्सिको पर एल मेंचो पर एक्शन लेने का दबाव बना रहे थे।



**बारामूला। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में आयोजित 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026' में महिलाओं की स्की पर्वतारोहण वर्टिकल सपर्धा के दौरान प्रतिभागी।**

## कंबोडिया ने 3541 वर्ग किलोमीटर जमीन से दबीं बारूदी सुरंगें हटाईं

**नाम पेन्ह।** कंबोडिया ने बीते 33 वर्षों में बारूदी सुरंगों और युद्ध के विस्फोटक अवशेषों (ईआरडब्ल्यू) से भरी लगभग 3,541 वर्ग किलोमीटर भूमि को साफ करने में सफलता हासिल की है। प्रधानमंत्री हुन मानेट ने मंगलवार को यह जानकारी राष्ट्रीय बारूदी सुरंग जागरूकता दिवस के अवसर पर दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अवधि के दौरान 12 लाख से अधिक बारूदी सुरंगों, 26700 टैंक रोधी सुरंगे और 32.4 लाख से अधिक ईआरडब्ल्यू खोजकर नष्ट किए गए हैं। उन्होंने बताया कि साफ की गई भूमि में से 78 प्रतिशत का उपयोग खेती के कामों के लिए, पांच प्रतिशत बुनियादी ढांचे और 17 प्रतिशत आवास, गांवों, स्कूलों और स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अन्य उद्देश्यों के लिए किया गया है।

# ट्रम्प के इमरजेंसी टैरिफ की वसूली आज से बंद

## समझौते से पीछे हटने वाले देशों को ट्रम्प की धमकी, कहाः गेम मत खेलो, ऊंचे टैरिफ लगाऊंगा



■ ट्रेड डील के नाम पर यदि किसी देश ने अमेरिका के साथ 'गेम' खेलने की कोशिश की उसके नतीजे बुरे होंगे साथ ही और ऊंचे टैरिफ लगाए जाएंगेः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार आज से राष्ट्रपति ट्रम्प की तरफ से लगाए गए इमरजेंसी टैरिफ की वसूली बंद कर देगी। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टैरिफ समझौते से पीछे हटने वाले देशों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील के नाम पर यदि किसी देश ने अमेरिका के साथ 'गेम' खेलने की कोशिश की उसके नतीजे बुरे होंगे साथ ही और ऊंचे टैरिफ लगाए जाएंगे। दरअसल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 3 दिन पहले इन टैरिफ को गैरकानूनी बताया गया था।

अमेरिकी यूएस कस्टम एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (सीपीबी) ने एक बयान में कहा कि1977 के कानून इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट (आईईईपीए) के तहत लगाए गए टैरिफ की वसूली मंगलवार रात 12 बजकर 1 मिनट (भारतीय समयानुसार सुबह 10.30 बजे) से बंद कर दी जाएगी। एजेंसी ने इम्पोर्ट्स को निर्देश दिया है कि इन टैरिफ से जुड़े सभी कोड उसके पेन व्हार्टन बजट माडल के अर्थशास्त्रियों के मुताबिक कोर्ट से इस फैसले से अमेरिकी सरकार को 175 अरब डालर (15.75 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा की कमाई वापस करनी पड़ सकती है। रायटर्स के मुताबिक, आईईईपीए के तहत लगाए गए टैरिफ से अमेरिका की हर दिन 50 करोड़ डालर (4,500 करोड़ रुपये) से ज्यादा की कमाई हो रही थी। अब इन्हें रद्द किए जाने के बाद कंपनियां रिफंड की मांग कर सकती हैं। टूथ सोशल पर ट्रम्प ने कहा कि कई देशों ने अमेरिका को व्यापार में बरसों तक नुकसान पहुंचाया है। ट्रम्प का बयान ऐसे समय पर आया है, जब मंगलवार से भारत समेत सभी देशों पर 15 प्रतिशत टैरिफ शुरू हो जाएगा। दरअसल, कुछ देश 15 प्रतिशत टैरिफ का विरोध कर रहे हैं। ट्रम्प ने ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों से ट्रेड डील कर 10 प्रतिशत अमेरिकी बेस लाइन टैरिफ चुकाने पर सहमति जताई थी। अब 15 प्रतिशत टैरिफ चुकाना पड़ेगा। इन देशों का कहना है कि ट्रेड डील में जब 10 प्रतिशत टैरिफ पर करार हुआ है तो वे ज्यादा टैरिफ नहीं चुकाएंगे। इस पर ट्रम्प प्रशासन ने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ग्लोबल टैरिफ को रद्द किए जाने के बाद कहा कि इस फैसले से उल्टा उनकी ताकत और बढ़ गई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म टुथ सोशल पर लिखा कि सुप्रीम कोर्ट ने अनजाने में उन्हें पहले से ज्यादा अधिकार दे दिए हैं। ट्रम्प ने कहा कि मैं कुछ समय तक 'सुप्रीम कोर्ट' स्माल लेटर में लिखूंगा, क्योंकि मुझे इस फैसले का सम्मान नहीं रहा। उन्होंने फैसले को मूर्खतापूर्ण और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बांटने वाला बताया। इसके बावजूद ट्रम्प का कहना है कि इस फैसले ने यह साफ कर दिया है कि वह दूसरे कानूनों के तहत टैरिफ लगाने की अपनी ताकत का और ज्यादा इस्तेमाल कर सकते हैं। कोर्ट ने बाकी बचे टैरिफ को कानूनीतौर पर मजबूत कर दिया है और अब वह उन्हें और ज्यादा सख्त तरीके से लागू कर सकते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि वह लाइसेंस जैसे तरीकों का इस्तेमाल करके देशों के खिलाफ कड़े कदम उठा सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि कोर्ट ने बाकी सभी टैरिफ को मंजूरी दे दी है और ऐसे टैरिफ की संख्या काफी ज्यादा है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के तीन दिन से ज्यादा समय बाद लागू किया जा रहा है। एजेंसी ने यह नहीं बताया कि इन तीन दिनों में टैरिफ क्यों वसूले जाते रहे। यह भी साफ नहीं किया गया है कि जिन लोगों से पैसा लिया गया है, उन्हें वह वापस मिलेगा या नहीं। यह आदेश सिर्फ आईईईपीए कानून के तहत लगाए गए टैरिफ पर लागू होगा। जबकि नेशनल सिक्योरिटी के नाम पर 'सेक्शन 232' के तहत और अनफेयर ट्रेड केस के 'सेक्शन 301' के तहत लगाए गए टैरिफ जारी रहेंगे और उन पर इस फैसले का कोई असर नहीं पड़ेगा। सीपीबी ने कहा है कि वह व्यापार से जुड़े लोगों को आगे की जानकारी आधिकारिक संदेशों के जरिए देती रहेगी।

## मुझे नहीं पता, कब तक जिंदा रहूंगाः ट्रम्प

■ बहुत लोगों के निशाने पर, दो दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के रिजार्ट में घुसा था शख्स

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि मैं कब तक जिंदा रहूंगा, यह मुझे नहीं पता। मैं बहुत लोगों की गोली के निशाने पर हूं। ट्रम्प ने वाइट हाउस में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान यह बात कही। ट्रम्प के इस बयान को दो दिन पहले उनके रिजार्ट में हुई घुसपैठ से जोड़ा जा रहा है।

दरअसल, रविवार को एक शख्स डोनाल्ड ट्रम्प के मार-ए-लागो रिजार्ट में घुसने की कोशिश कर रहा था। सुरक्षाकर्मियों ने गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। घटना स्थानीय समयानुसार रविवार रात 1.30 बजे हुई। राष्ट्रपति की सुरक्षा करने वाली एजेंसी सीक्रेट सर्विस ने बताया कि युवक गैरकानूनी तरीके से सुरक्षित इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था। वह अपने साथ शाटगन और फ्यूल केन लेकर आया था। मारे गए युवक की उम्र 20 साल थी, वह नार्थ कैरोलीना का रहने वाला था। फिलहाल उसकी पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। मामले की जांच जारी है। घटना के वक्त राष्ट्रपति ट्रम्प वाशिंगटन डीसी में वाइट हाउस में मौजूद थे। आमतौर पर वह वीकेंड पर मार-ए-लागो में समय बिताते हैं। अधिकारियों ने युवक से बरामद हुई शाटगन की एक तस्वीर जारी की है। इसमें एक लाल फ्यूल केन भी दिख रही है। सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि रिजार्ट के नार्थ गेट से एक कार के बाहर निकल रही थी, इसी दौरान युवक ने अंदर घुसने की कोशिश की। उसके पास शाटगन और फ्यूल केन थी। सीक्रेट सर्विस के दो एजेंट्स ने उसे रोका और उससे हथियार और केन गिराने को कहा गया।

## पलाऊ ने प्रशांत क्षेत्र में पहली बार ओपन आरएएन किया तैनात

**वाशिंगटन।** पलाऊ ने प्रशांत क्षेत्र में पहली बार ओपन रेडियो एक्सेस नेटवर्क (ओपन आरएएन) तकनीक की राष्ट्रव्यापी तैनाती की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पलाऊ नेशनल कम्युनिकेशंस कॉरपोरेशन (पीएनसीसी) ने इस परियोजना के लिए तीन अमेरिकी आपूर्तिकर्ताओं के चयन की घोषणा की है, जिससे यह प्रशांत क्षेत्र में इस तरह की पहली पहल बन गई है। यह उपलब्धि पलाऊ को प्रशांत द्वीप देशों में दूरसंचार नवाचार के अगुआ के तौर पर स्थापित करती है और सुरक्षित, विश्वसनीय तथा लचीले डिजिटल बुनियादी ढांचे के लिए एक क्षेत्रीय मानक तय करती है। प्रशांत क्षेत्र के पहले ओपन आरएएन नेटवर्क के रूप में यह पहल भौगोलिक रूप से बिखरे द्वीप राष्ट्रों में अगली पीढ़ी की कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाने में पलाऊ की नेतृत्व भूमिका को दर्शाती है। नई नेटवर्क व्यवस्था से सुरक्षित 4जी और 5जी सेवाएं मजबूत होंगी, डिजिटल आपूर्ति श्रृंखला की लचीलापन बढ़ेगा और अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए व्यावसायिक अवसरों का विस्तार होगा। ओपन आरएएन के जिरए विक्रेताओं में विविधता और बेहतर इंटरऑपरेबिलिटी संभव होगी।

## भेड़ियों से मवेशियों की रक्षा के लिए किसान चला सकेंगे गोली

**पेरिस।** फ्रांस में भेड़ियों की बढ़ती आबादी और पालतू मवेशियों पर उनके बढ़ते हमलों को देखते हुए सरकार ने कहा है कि किसान अब हमलावर भेड़ियों को अपनी बंदूक का निशाना बना सकेंगे। कृषि मंत्री एनी जेनेवर्ड ने बताया कि सरकार ने इस मसले पर बना कानून अब बदल दिया है।

किसान अपने मवेशियों की हिफाजत के लिए भेड़ियों को गोली मार सकेंगे। किसान को तभी गोली दागने का अधिकार होगा, जब उसके पशु बाड़े में सुरक्षित हों या उसने दूसरे सुरक्षा उपाय अपना रखे हों। रेडियो फ्रांस इंटरनेशनल ने खबर दी है कि अब तक के नियमों के अनुसार, किसानों को भेड़ियों पर गोली चलाने की अनुमति तभी मिलती थी, जब उन्होंने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हों। अब सरकार ने इसे 'हकीकत के साथ तालमेल' बताते हुए बदल दिया है। हालांकि, जो किसान इन छूटों का लाभ उठाएंगे, उन्हें एक साल के भीतर सुरक्षा प्रणाली स्थापित करने की प्रतिबद्धता देनी होगी। साल 2025 में फ्रांस में भेड़ियों के हमलों में लगभग 12,000 पालतू जानवर मारे गए। भेड़िए अब फ्रांस के 60 से अधिक इलाकों में फैल चुके हैं, जबकि पहले वे केवल 10 क्षेत्र तक सीमित थे। सरकार ने 2026 के लिए भेड़ियों को मारने का संख्या बढ़ाकर कुल तादाद (1082) का 21 प्रतिशत कर दिया है। इसका मतलब है कि इस साल लगभग 248 भेड़ियों को मारा जा सकेगा।

## अमेरिका के न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर के टायलेट जाम

### 45 मिनट लाइन में लगना पड़ रहा, मरम्मत के लिए टेक्नीशियन और सैनिकों में झड़प

■ पिछले साल मार्च में भी चार दिन में 205 टायलेट खराब होने की शिकायत सामने आई थी



**तेल अवीव।** ईरान की तरफ बढ़ रहा अमेरिकी न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर यूएस जेराल्ड फोर्ड एक अलग ही संकट से जूझ रहा है। जहाज के ज्यादातर टायलेट जाम हो चुके हैं।

इससे 4500 से ज्यादा नौसैनिकों को रोज 45 मिनट तक लाइन में लगना पड़ रहा है। संकरी पाइपलाइन और वैक्यूम-बेस्ड सिस्टम की डिजाइन में खामी के चलते टायलेट बार-बार जाम हो रहे हैं। जहाज वैक्यूम-बेस्ड सीवेज सिस्टम पर चलता है, जिसमें एक वाल्व खराब होने से पूरे डिपार्टमेंट का टायलेट सिस्टम बंद हो जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेक्नीशियन और सैनिकों के बीच झड़प की भी खबर है, क्योंकि मरम्मत करने वाले इंजीनियर रोज लगभग 19 घंटे काम कर रहे हैं। पिछले साल मार्च में भी चार दिन में 205 टायलेट खराब होने की शिकायत सामने आई थी। यूएस जेराल्ड फोर्ड 600 से ज्यादा मौजूद है, जो 10 अलग-अलग जोन में बंटे हैं। यह एयरक्राफ्ट कैरियर बीते आठ महीने से समुद्र में है, लगातार आपरेशनल मूवमेंट की वजह से रूटीन मेंटेनेंस नहीं हो पाया है। करीब 13 बिलियन डालर की लागत से बना यह युद्धपोत दुनिया का सबसे महंगा माना जाता है। इस एयरक्राफ्ट कैरियर को 2017 में कमीशन किया गया था। सीवेज समस्या के पीछे जिस तकनीक का जिक्र हो रहा है, उसे वैक्यूम-बेस्ड वीसीएचटी सिस्टम कहा जाता है। यह आम घरों में इस्तेमाल होने वाले टायलेट सिस्टम से बिल्कुल अलग तरीके से काम करता है। वीसीएचटी का पूरा नाम वैक्यूम कलेक्शन, होल्डिंग एंड ट्रांसफर सिस्टम है। यह खास तरह का सीवेज मैनेजमेंट सिस्टम होता है, जो बड़े जहाजों और क्रूज शिप में लगाया जाता है। इसका मकसद कम पानी में टायलेट वेस्ट को इकट्ठा करना और सुरक्षित तरीके से स्टोर व ट्रांसफर करना होता है। घर के टायलेट में फ्लश करने पर पानी के दबाव और गुरुत्वाकर्षण (ग्रैविटी) से गंदगी नीचे सीवर में चली जाती है। लेकिन समुद्र में चलने वाले जहाजों पर ऐसा सिस्टम पूरी तरह कारगर नहीं होता वीसीएचटी सिस्टम में फ्लश दबाते ही पाइप में वैक्यूम (सक्शन) बनता है। यह सक्शन गंदगी को खींचकर पाइप के जरिए एक बड़े टैंक तक पहुंचा देता है।

## लागोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आग लगने से छह घायल

**लागोस।** नाइजीरिया के शहर लागोस में मुर्तला मुहम्मद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एमएमआईए) के ओल्ड टर्मिनल-1 में सोमवार को आग लग गई, लेकिन एयरपोर्ट प्रबंधन ने बिना किसी बड़े नुकसान के इस पर काबू पा लिया और उड़ान परिचालन पूरी तरह बहाल कर दिया गया।

लागोस के एयरपोर्ट पुलिस कमान ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। कमान के जनसंपर्क अधिकारी एएसपी मोहम्मद अदेओला द्वारा जारी बयान में कहा गया कि 23 फरवरी को हुई इस घटना को सफलतापूर्वक नियंत्रित कर लिया गया। आग की घटना के कारण उड़ान परिचालन बाधित हुआ था, कई यात्री फंस गए थे और कुछ अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को मोड़ना पड़ा था, क्योंकि इससे कंट्रोल टावर की गतिविधियां प्रभावित हुई थीं। आग बुझाने के दौरान टर्मिनल के कुछ हिस्सों से घना धुआं उठता देखा गया और दमकलकर्मियों को कई घंटों तक मशक्कत करनी पड़ी। कमान ने बताया कि उसी दिन बाद में स्थिति को स्थिर कर लिया गया। बयान में कहा गया कि एयरपोर्ट पुलिस कमान, इकेजा, लागोस, जनता को सूचित करते हुए प्रसन्नता व्यक्त करता है कि मुर्तला मुहम्मद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ओल्ड टर्मिनल-1 भवन में लगी आग को सफलतापूर्वक काबू में कर लिया गया है। अदेओला ने कहा कि ओल्ड टर्मिनल भवन के एक हिस्से में लगी आग को सभी संबंधित एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से पूरी तरह बुझा दिया गया।

## चीन ने 2020 में छिपकर न्यूक्लियर टेस्ट कियाः अमेरिका

### वॉशिंगटन ने कहाः 6 साल में 400 परमाणु हथियार बनाए



■ 2030 तक 1000 से ज्यादा होंगे, चीन का आरोप-अमेरिका खुद परीक्षण शुरू करना चाहता है

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच परमाणु हथियारों को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि चीन ने छह साल पहले 2020 में एक सीक्रेट न्यूक्लियर टेस्ट किया था।

अमेरिकी विदेश विभाग के सहायक सचिव क्रिस्टोफर येव ने कहा कि 22 जून 2020 को चीन के पश्चिमी इलाके में स्थित लोप नूर में अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्ट सेंटर पर एक विस्फोट हुआ था। यह विस्फोट 2.75 तीव्रता का था, जिसकी जानकारी पड़ोसी देश कजाकिस्तान के स्टेशन से मिली। येव ने इसे एक परमाणु विस्फोट बताया। उन्होंने कहा कि भूंकप माइनिंग विस्फोट से अलग थे। यह एक सिंगल फायर एक्सप्लोजन की तरह था, जो परमाणु परीक्षण की निशानी है। येव ने कहा कि चीन ने जानबूझकर अपनी परमाणु ताकत बढ़ाई है। उन्होने बताया कि 2020 से अब तक चीन के परमाणु हथियार 200 से बढ़कर 600 से ज्यादा हो गए हैं। अनुमान है कि 2030 तक यह संख्या 1000 से ऊपर पहुंच जाएगी। यह दावा ऐसे समय में आया है जब इस महीने अमेरिका और रूस के बीच का आखिरी बड़ा परमाणु समझौता न्यू स्टार्ट संधि खत्म हो गया है। इस संधि के खत्म होने के साथ ही दुनिया की दो सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के हथियारों पर लगी सीमाएं हट गई हैं, जिससे नए न्यूक्लियर हथियारों की दौड़ की आशंका बढ़ गई है। अमेरिका अब चीन और रूस से पारदर्शिता और खतरनाक हथियारों को सीमित करने की मांग कर रहा है, जबकि चीन इन आरोपों को बेबुनियाद बता रहा है। येव ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र समर्थित निरस्त्रीकरण (हथियारों का त्याग) कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि न्यू स्टार्ट समझौते की सबसे बड़ी कमी यह थी कि इसमें चीन के तेजी से बढ़ते और गोपनीय परमाणु कार्यक्रम को शामिल नहीं किया गया। पिछले कुछ सालों में परमाणु हथियारों को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई विवाद हुए हैं। 2010 में अमेरिका और रूस ने न्यू स्टार्ट संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जो दोनों देशों के रणनीतिक परमाणु हथियारों की संख्या को सीमित करती थी। इस संधि के तहत दोनों देशों को अपने परमाणु वारहेड्स को 1550 तक सीमित रखना था और मिसाइलों और बाम्बर्स की संख्या पर भी पाबंदी थी। इस संधि में रूस के गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों, जैसे छोटी दूरी के हथियारों को शामिल नहीं किया गया था। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में अमेरिका, रूस और चीन के बीच तीन तरफा परमाणु समझौते की कोशिश की थी, लेकिन यह असफल रही।

## भारत-जर्मनी के उद्योग जगत के बीच बाधाओं को दूर करता आईजीएसटीसीः डॉ. कुसुमिता

**नई दिल्ली।** भारत-जर्मन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र (आईजीएसटीसी) की निदेशक डॉ. कुसुमिता अरोरा ने कहा कि आईजीएसटीसी भारत और जर्मनी दोनों के शिक्षाविदों और उद्योग जगत को एकजुट करके विभिन्न क्षेत्रों के बीच की बाधाओं को दूर करता है।

भारत-जर्मन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र ने आज यहां 'एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन' पर रणनीतिक सम्मेलन 2026 का आयोजन किया। इस अवसर पर आईजीएसटीसी की निदेशक डॉ. कुसुमिता अरोरा ने कहा कि यह सम्मेलन प्रमुख हितधारकों यानी सरकारी क्षेत्र की हस्तियों, संरक्षण विशेषज्ञों, अकादमिक अनुसंधानकर्ताओं और उद्योग जगत के विशेषज्ञों को एक साझा मंच पर लाने का प्रयास है। आईजीएसटीसी भारत और जर्मनी दोनों के शिक्षाविदों और उद्योग जगत को एकजुट करके विभिन्न क्षेत्रों के बीच की बाधाओं को दूर करता है।

यह अनूठा सहयोग सुनिश्चित करता है कि अनुसंधान केवल जर्नलों तक सीमित न रहे, बल्कि सीधे औद्योगिक समाधानों और सार्वजनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर में परिवर्तित हो। भारत का जलपुरुष के रूप में विख्यात डॉ. राजेंद्र सिह ने सामुदायिक नेतृत्व वाले जल संरक्षण मॉडल और जल संचयन में पारंपरिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने नदियों के जीर्णोद्धार, पारंपरिक जलाशयों के पुनरुद्धार और स्थानीय समुदायों को जल संसाधनों के सतत प्रबंधन के लिए सशक्त बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि जल प्रशासन जन-केंद्रित होना चाहिए।

